सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:00

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.8 न्यू | 26.5 अधि |
| धर्मशाला | 18.9 न्यू | 32.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| संसेक्स | 73895.54 |
| निफ्टी | 22442.70 |

सोना 70,400 | चांदी 84,000

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 7 मई, 2024 | 25 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 139, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

**आज के अंक में**

- बिकाऊ विधायक हैं जनता के सबसे बड़े गुनहगारः सुक्खू
- सुधीर की सुक्खू को चुनौती, खुद आकर लड़ लें धर्मशाला से चुनाव

पृष्ठ 3 पर पढ़ें



- गगरेट भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए बनाई रणनीति
- हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त घोषित होने की दहलीज पर ऊना जिला

पृष्ठ 7 पर पढ़ें



- चर्म रोग से ग्रस्त हो रहे सफाई कर्मी
- वर्चुअल बैठक करवाने पर भड़के पार्षद, किया मीटिंग का बहिष्कार

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- सुनील नारेन ने की सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी
- धर्मशाला ग्राउंड एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी से लैस

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

दिल्ली कैपिटल्स vs राजस्थान रॉयल्स

समयः रात 7:30 बजे (दिल्ली)

# छात्रों का 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होना जरूरी : राष्ट्रपति

## धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 709 छात्रों को प्रदान की डिग्रियां

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह में 709 छात्रों को डिग्रियां प्रदान कीं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, लेकिन अतीत में बदलाव की गति इतनी तेज नहीं थी। आज हम चौथी औद्योगिक क्रांति के युग में हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसे नए क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं, जिसके कारण प्रौद्योगिकी और आवश्यक कौशल बहुत तेजी से बदल रहे हैं। आज के छात्रों को 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम होना होगा। इसलिए हमें लगातार नए कौशल अपनाने होंगे। हमारा ध्यान लचीला दिमाग विकसित करने पर होना चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, कुलपति सत प्रकाश बंसल, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा एआईयू के अध्यक्ष प्रो. जीडी शर्मा व अन्य गणमान्य उपस्थित थे।



धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व अन्य गणमान्य।





## न्यूज शॉर्ट्स

### शराब घोटाले में के. कविता की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने बीआरएस नेता के. कविता की नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कविता की नियमित जमानत याचिका पर 24 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रखा। इससे पहले कोर्ट ने 8 अप्रैल को के. कविता की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

### सीआईएससीई ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी किया

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने आईसीएससी 10वीं और आईएससी 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। कक्षा 12वीं का पास प्रतिशत 98.19 प्रतिशत रहा है। वहीं, 10वीं का पास प्रतिशत 99.47 प्रतिशत रहा है। बोर्ड ने जानकारी दी है कि इस साल स्टूडेंट्स को कंपार्टमेंट एग्जाम देने का मौका नहीं मिलेगा। अगर कोई स्टूडेंट्स अपने मार्क्स सुधारना चाहता है, तो उसे इंप्रूवमेंट एग्जाम के लिए अप्लाई करना होगा।

### 96 दिन बाद जेल से बाहर आए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 96 दिनों के बाद जेल से बाहर आए हैं। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन अदालत की अनुमति के बाद पुलिस कस्टडी में कुछ घंटों के लिए अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। झारखंड हाईकोर्ट ने हेमंत सोरेन को उनके चाचा राजाराम सोरेन के श्राद्ध में कुछ घंटों के लिए पुलिस कस्टडी में भाग लेने की इजाजत दी है।

### एचपी बोर्ड का 10वीं का परिणाम आज घोषित होगा

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का दसवीं का परीक्षा परिणाम 7 मई को सुबह करीब साढ़े बजे घोषित होगा। स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. विशाल शर्मा ने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के उपलक्ष्य पर स्कूल शिक्षा बोर्ड चेयरमैन एवं जिलाधीश कांगड़ा हमेराज बैरवा मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

# तीसरे चरण में 11 राज्यों की 93 सीटों पर मतदान आज

एजेंसी, नई दिल्ली



लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मंगलवार को 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 सीटों पर वोटिंग होगी। गुजरात की गांधीनगर सीट से गृह मंत्री अमित शाह, मैनपुरी से अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव की सीट पर वोटिंग होगी। मध्य प्रदेश की तीन सीटों विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, गुना से ज्योतिरादित्य सिंधिया और राजगढ़ से दिग्विजय सिंह की किस्मत दांव पर है।

इसके अलावा महाराष्ट्र की अमरावती सीट पर शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और डिप्टी सीएम अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार यानी ननद-भौजाई के बीच सीधा मुकाबला है।

**यहां होगा मतदान**

| प्रदेश | सीटें |
|---|---|
| असम | 04 |
| बिहार | 05 |
| छत्तीसगढ़ | 07 |
| गोवा | 02 |
| गुजरात | 25 |
| कर्नाटक | 14 |
| मध्य प्रदेश | 09 |
| महाराष्ट्र | 11 |
| उत्तर प्रदेश | 10 |
| प. बंगाल | 04 |
| दमन एवं द्वीप | 02 |
| कुल | 93 |

# हिमाचल में गर्मी ने छुड़ाए पसीने, पारा 40 पार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं। सोमवार को समूचे प्रदेश में तेज धूप खिली रही। मैदानी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है और दिन का पारा 40 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना और सोलन के बीबीएन में गर्मी से हाल बेहाल हो गए हैं।

अगले दो दिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। आठ मई से मौसम करवट लेगा और गरज-चमक के साथ बादलों के बरसने का अनुमान है। राज्य के पहाड़ी क्षेत्र भी गर्मी से अछूते नहीं हैं। शिमला और कुफरी में गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए हैं। शिमला की रातें तो मैदानों से भी गर्म हो गई हैं। रविवार की रात शिमला का न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि मैदानी क्षेत्रों हमीरपुर, मंडी व सुंदरनगर में न्यूनतम तापमान क्रमशः 14.6 डिग्री, 15.1 डिग्री और 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



ऊना में भीषण गर्मी पड़ने से सुनसान पड़ीं सड़कें।

**कहां कितना तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | $40.4^0$ |
| नेरी | $40.0^0$ |
| धौलाकुआं | $39.0^0$ |
| बिलासपुर | $39.0^0$ |
| कांगड़ा | $36.0^0$ |
| सुंदरनगर | $35.4^0$ |
| मंडी | $35.4^0$ |
| सोलन | $34.0^0$ |
| चंबा | $33.3^0$ |
| हमीरपुर | $32.2^0$ |
| भुंतर | $32.0^0$ |
| कसौली | $30.4^0$ |

### आठ से 11 मई तक बारिश का अनुमान

**मौसम** विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आठ मई से बादलों के बरसने से गर्मी का असर कम होगा। मौसम विभाग ने 9 से 11 मई तक राज्य में गरज-चमक के साथ बारिश व अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि आठ मई को मौसम बदलना शुरू हो जाएगा। 9, 10 व 11 मई को मैदानों व मध्यवर्ती क्षेत्रों में वर्षा और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने से गर्मी के प्रकोप से निजात मिलेगी।

## अनंत व्यंग्य





## अब अहमदाबाद के स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में दिल्ली की तरह ही कई स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिलने से हड़कंप मच गया है। अहमदाबाद के 23 स्कूलों को बम से उड़ाने का ई-मेल भेजा गया है। अहमदाबाद पुलिस बम स्कॉड के साथ इन सभी स्कूलों में बारीकी से जांच में जुटी है।

ई-मेल सुबह 7 बजे एक के बाद एक स्कूलों में भेजे गए। सभी ई-मेल में दिल्ली जैसे ही कंटेंट हैं। मेल की लिपि रोमन (अंग्रेजी) में है, लेकिन भाषा हिंदी है। इन स्कूलों में से 11 स्कूल में मंगलवार को मतदान किया जाएगा। इस वजह से पुलिस विशेष सावधानी बरत रही है।

## बंजार में बैक होने पर लुढ़का टिप्पर, 2 की मौत

शीला कौल, बंजार

जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार की ग्राम पंचायत चनौन के गौशाला कैंची में एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। एक टिप्पर, जोकि सीमेंट व सरिया लेकर गांव मठियाना की ओर जा रहा था। गौशाला कैंची के तंग मोड़ पर अचानक टिप्पर बैक होने पर लगभग 100 मीटर गहरी ढांक की ओर लुढ़क गया। टिप्पर एचपी 65- 9529 के लुढ़कने के कारण जोरदार आवाज



होने पर ग्रामीण घटनास्थल की दौड़ पड़े व घायलों को गहरी ढांक से निकालने का कार्य शुरू किया। वहीं, ग्रामीणों द्वारा बंजार पुलिस सहित 108 को हादसे की सूचना दी गई।

घायलों को 108 के माध्यम से बंजार अस्पताल लाया गया। इस हादसे में एक महिला की हादसा स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति की बंजार अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दौरान मौत हो गई है। वहीं, दो अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के पश्चात क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू रेफर किया गया हैं। (अनंत ज्ञान)

## शिमला में दफ्तर में भिड़े कर्मचारी हंगामा होने पर बुलानी पड़ी पुलिस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सीएम हेल्पलाइन के आउटसोर्स कर्मचारी और प्रोजेक्ट मैनेजर दोपहर के समय आपस में भिड़ गए। आईएसबीटी के समीप स्थित दफ्तर में मैनेजर और कर्मचारियों में किसी बात को लेकर पहले तीखी नोकझोंक हो गई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और दोनों पक्षों को सुना जा रहा है।

कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें लेबर डिपार्टमेंट की नोटिफिकेशन के अनुसार, अप्रैल 2022 से जो न्यूनतम मानदेय मिलना चाहिए, वह नहीं दिया जा रहा है और न ही उन्हें बकाया एरियर दिया जा रहा है।

## अमेठी में कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़

एजेंसी, अमेठी

उत्तर प्रदेश के अमेठी लोकसभा सीट पर चुनावी माहौल काफी गरमा गया है। कांग्रेसी नेताओं का दावा है कि अमेठी के गौरीगंज थाना क्षेत्र में स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़ की गई।

नशे में हमलावरों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय पर हंगामा किया गया। इस घटना में कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय के बाहर खड़ी दर्जनों कारों को नुकसान पहुंचा है। इस मामले में कांग्रेसी नेताओं की ओर से पुलिस की ओर से शिकायत दर्ज कराई गई है। वहीं, कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी को घेर लिया है।

उन्होंने कहा है कि भाजपाई गुंडागर्दी करते रहे और मौके पर मौजूद पुलिस मूकदर्शक बनी रही।

## बलात्कार पीड़िता को बलात्कारी के बच्चे को जन्म देने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता : केरल उच्च न्यायालय

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने हाल ही में कहा कि बलात्कार पीड़िता को बलात्कार के कारण हुई गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार करना उसे सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित करने जैसा होगा। न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ ने कहा कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट (एमटीपी एक्ट) के प्रावधानों के अनुसार एक बलात्कार पीड़िता को उस आदमी के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, जिसने उसके साथ बलात्कार किया था।

कोर्ट ने कहा, ''एमटीपी अधिनियम की धारा 3(2) में प्रावधान है कि यदि गर्भावस्था जारी रहने से गर्भवती महिला के शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान होगा, तो गर्भावस्था को समाप्त किया जा सकता है। धारा 3 (2) के स्पष्टीकरण 2 में कहा गया है कि जहां गर्भावस्था बलात्कार के कारण हुई थी, गर्भावस्था के कारण होने वाली पीड़ा को गर्भवती महिला के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर चोट माना जाएगा। इसलिए, किसी बलात्कार पीड़िता को उस पुरुष के बच्चे को जन्म देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता।

## ईडी ने जब्त किया 19 किलो सोना

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के फरीदाबाद में इंडियन बैंक की बल्लाभगढ़ शाखा में अपनी मां के नाम पर रखे गए एक साइबर जालसाज के लॉकर से 14.04 करोड़ रुपए मूल्य का 19.5 किलोग्राम सोना जब्त किया है।

वित्तीय जांच एजेंसी ने कहा कि जालसाज की पहचान राष्ट्रीय राजधानी के मोती नगर निवासी पुनीत कुमार उर्फ पुनीत माहेश्वरी के रूप में हुई है, जिसे 3 अप्रैल को आईजीआई हवाई अड्डे के अराइवल हॉल टर्मिनल -3 से गिरफ्तार किया गया था।

अनंत ज्ञान

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**आईपीएल** कप्तान विराट कोहली अभी नहीं पहुंचे, नौ को शाम 7:30 बजे शुरू होगा मुकाबला

# पंजाब किंग्स से भिड़ने आरसीबी धर्मशाला पहुंची

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

आईपीएल के मैच में भाग लेने के लिए रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम सोमवार को धर्मशाला पहुंच गई। टीम के साथ विराट कोहली अभी धर्मशाला नहीं पहुंचे हैं। आरसीबी टीम नौ मई को रात 7:30 बजे पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच खेलेगी। आरसीबी की टीम को होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया गया है।

सोमवार सुबह करीब 10 बजे आरसीबी टीम के खिलाड़ी गगल एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर टीम का स्वागत किया। यहां से कड़ी सुरक्षा के बीच टीम को धर्मशाला के कंडी स्थित होटल रेडिसन ब्लू पहुंचाया गया।



गगल एयरपोर्ट से बाहर निकलते रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु के खिलाड़ी। खिलाड़ी यहां से सीधे होटल रेडिसन ब्लू के लिए रवाना हुए।

### झारखंड में ईडी की कार्रवाई

## मंत्री के पीए के नौकर से मिला 30 करोड़ कैश, गिनती जारी

एजेंसी, रांची



झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्रालय में टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी बड़ी कार्रवाई कर रही है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलम गिर के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू नौकर के परिसरों की तलाशी ली गई है। झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल के सहायक के ठिकाने से केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने करीब 30 करोड़ नकद बरामद किए हैं। सुबह शुरू हुई ईडी की रेड फिलहाल जारी है और पैसों की गिनती भी जारी है।

> झारखंड में नोटों का पहाड़ मिला है। भ्रष्टाचारी कह रहे हैं कि मोदी माल पकड़ रहा है। अब आप ही बताइए, यदि मैं उनकी चोरी रोकूंगा, उनकी आमदनी बंद कर दूंगा, उनकी लूट बंद कर दूंगा तो वे मोदी को गाली नहीं देंगे तो और क्या करेंगे।'' – नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री




# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल :
*editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबर: 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# पंडोह की राजनीतिक उपेक्षा आखिर कब तक ?

## उपमंडल, उपतहसील, विकास खंड, कॉलेज नहीं, सभी मूलभूत सुविधाएं भी हैं गायब

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

चुनावी मुद्दा

चुनावी सीजन में हर पार्टी व हर उम्मीदवार को पंडोह क्षेत्र की खूब याद आती है। जैसे ही चुनाव खत्म होते हैं तो यहां के सारे विकासात्मक मुद्दे भी गायब हो जाते हैं। भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियां यहां के विकास के लिए गंभीर नहीं है।

अफसोसजनक पहलू तो यह है कि पंडित सुखराम की कर्मभूमि ही मंडी का सदर हलका रहा है बावजूद इसके पंडोह पिछड़ता ही चला गया। एक दौर पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर जयराम का भी रहा, जब पंडोहवासियों को उम्मीद जगी थी। पंडोह सिराज विधानसभा का प्रवेश द्वार है। सराज की राजनीतिक रणनीति जयराम ठाकुर पंडोह में ही बनाते रहे हैं। बता दें कि पंडोह चार विधानसभा सभाओं का केंद्र स्थल है। यह स्थान उपमंडल (नागरिक) के लिए डिजर्व करता है। तहसील की मांग 1985 से चल रही है। औट, कोटली, बालीचौकी तहसील बन गईं, यहां कुछ भी नहीं। डिग्री कॉलेज की मांग पर यहां ठगी हुई है। जयराम सरकार ने अंतिम दौर में डिग्री कॉलेज की घोषणा की। नोटिफिकेशन देरी से हुई। बच्चे अपनी-अपनी सुविधानुसार कॉलेजों में एडमिशन ले चुके थे। फिर भी यहां 21 एडमिशन होने पर सुक्खू सरकार ने डिनोटिफाइड कर दिया। सीएचसी की 35 वर्ष पुरानी मांग को जयराम सरकार ने स्वीकार तो किया पर आज दिन तक इसका स्तर पीएचसी ही है। न डाक्टर ने स्टाफ न भवन।


उजड़ते पंडोह में बीबीएमबी का घड़ा चौक

इतना ही नहीं विकास खंड कार्यालय की मांग भी ठंडे बस्ते में है। यहां आजादी के इतने सालों के बाद रेन शेल्टर तक नहीं बन पाया है। डैम के कारण पंडोह दुनिया के मानचित्र पर अंकित है, मगर विकास के नाम पर कुछ भी नहीं। ऐसे में इस बार यहां के वोटर किसको वोट करेंगे, यह कहना मुश्किल है। मगर, हर आदमी इन मुद्दों पर सभी राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों से सवाल के लिए तैयार जरूर है।

क्षेत्र की पंचायत प्रधान गीता देवी, भूषण, खेम चंद, समाजसेवी आरके वर्मा व बीआर भाटिया ने भाजपा और कांग्रेस के उम्मीदवारों से इन मुद्दों पर अपनी राय सार्वजनिक करने की मांग की है।




## चुनावी चुटकी

### मुझे भी एमएलए बना दो



**मेरे** पप्पू ने दसवीं पास कर ली है, नेता बनने की जिद्द पकड़ ली है। पापा मुझे नेता ही है बनना, पूरा करा दो मेरा ये सपना। पैसे भी नहीं मांगूगा, नई बाइक भी नहीं चाहूंगा। पापा मुझे नेता बना दो, जिंदगी में एक काम करा दो। पैसों का मैं लगा दूंगा ढेर, वोट का ही तो करना है फेर। पापा मुझे टिकट दिला दो, दिल्ली का जुगाड़ चला दो। दसवीं तक बीस साल लगाए हैं, टीचरों ने भी बहुत ताने सुनाए हैं। नेता बनकर करूंगा मनमानी, टीचरों को याद दिलाऊंगा नानी। नेता बनने के लिए नहीं है जरुरी पढ़ाई, पड़ोस के अनपढ़ चाचू ने भी नेता बनकर लड़ी है लड़ाई। चाचू ने भी तो किस्मत की खूब है खाई, जहां से भी हाथ पड़ा वहां की है खूब कमाई। पापा मुझे सिर्फ बनना है विधायक, आपका बेटा जग्गू चाचू से थोड़े है नालायक। एक बार बेटे पर भी भरोसा कर लो, थोड़ा ही खर्च करके बाद में तिजोरी भर लो। अफ्सर भी मुझे सलाम करेगा, पापा का भी रूतवा खूब बढ़ेगा। शब्दों से मूर्ख ही तो जनता को बनाना है, स्कूल में बीस साल का अनुभव यह अपना पुराना है। बताने को फर्जी डिग्री भी विदेश वाली दिखा देंगे, रुतबा तुम्हारी पुरानी नौकरी का चला लेंगे। मूर्ख ही तो पब्लिक को बनाना है, पांच साल में सब उनको भूल जाना है। पापा अब तो हां कर दो, मेरा फार्म नेता वाला जल्दी भर दो। **–राजेश शर्मा**

### पेंशन का एक मौका



**पेंशन** का मसला है एक बार मौका दे दो। 14 महीने में एक पेंशन लगी है दूसरा मौका खोज रहे हैं। अब हिमाचल के लोग नेताओं को पेंशन दिलाने का ही काम करेंगे क्या? नेताओं ने उनके लिए भले कुछ नहीं किया हो, 14 महीनों के बाद ही पेंशन के लिए नौकरी को छोड़ दिया हो। अब पेंशन नए को भी लगने दो, उनको भी अपने हिसाब से जनता को ठगने दो। होमगार्ड में की होती सेवा, तो उनको नहीं मिलता यह मेवा, पूरी जिंदगी पर रही टेंशन, फिर भी उन्हें नहीं मिल पाई पेंशन। बताई थी उनकी निष्काम सेवा है। तो क्या नेता जी को किस बात का मेवा है। नेता जी सेवा की श्रेणी तो बता दो। उनके कारनामों की कहानी भी सुना दो। रौनकी ताऊ भी तभी परेशान है, नेता ही सबसे सुखी इंसान है। कार्यकर्ता बनकर ही पूरी उम्र गुजारी है, साइकिल से आगे नहीं मिली उनको सवारी है। पंच बनकर ताऊ ने अब ठानी है, पेंशन की लड़ाई के लिए बनाई यह कहानी है। वोट लेकर पंच बन चुके हैं, वादे भी जनता से कर चुके हैं। विकास की बनाई है योजना, हर गांव की अगल है परियोजना। पेंशन का हक तो पाकर रहेंगे, अपना दम भी दिखाकर रहेंगे। पंच को परमेश्वर कहते सुना है, नेता को भी तो उन्होंने ही चुना है। वोट से चुने को पेंशन लगेगी, कब तक दोगली राजनीति चलेगी।

## प्रधानमंत्री ने पूरे नहीं किए हिमाचल की जनता से किए वादे: शगुन दत्त

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट शगुन दत्त ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने पिछले दस वर्षों में हिमाचल की जनता से जो चुनावी रैलियों के दौरान वादे किए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ। शगुन सोमवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने हिमाचल में प्रधानमंत्री के पुराने भाषण का एक क्लिप भी जारी किया, जिसमें उन्होंने हिमाचल के बागवानों से कोल्ड ड्रिंक में 5 प्रतिशत फलों का जूस डलवाने की बात कही थी, परंतु धरातल पर किसानों और बागवानों के हितों के विरोध में फैसले लिए गए। उन्होंने कहा कि सैनिकों के हितों की बात करने वाले प्रधानमंत्री की सरकार में अग्निवीर जैसी सैनिक विरोधी योजना आई, पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा देना तो दूर आपदा के बाद हिमाचल के टूरिज्म को पटरी पर लाने में भी केंद्र सरकार का योगदान शून्य रहा।

## हाटी विरोध के डर से मुख्यमंत्री सुक्खू शिलाई नहीं गए: प्रताप रावत

**नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला मीडिया सहप्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक दिवसीय सिरमौर प्रवास पर आए थे और उन्होंने इस प्रवास के दौरान तीन दिवसीय मां भंगायनी मेले के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की, लेकिन इस मौके पर प्रदेश सरकार में जिला सिरमौर से इकलौते मंत्री हर्षवर्धन चौहान हाटी विरोधी होने के कारण मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हिस्सा नहीं बन पाए। उनको पता था कि यदि वह मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में हरिपुरधार चले गए तो वहां पर उनका भारी विरोध होगा और मुख्यमंत्री की किरकिरी हो जाएगी। रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने अपने कार्यकाल के दौरान 25 पंचायतों की मांग पर ददाहु में विकास खंड कार्यालय सेन धार व धारठी धार में सरकारी आईटीआई संगडाह में विद्युत बोर्ड का डिवीजन था, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पद संभालते ही इन सभी सरकारी संस्थानो को बंद कर दिया है।

# चुनाव से पहले ही कांग्रेस ने मान ली हार: अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में कांग्रेसियों की बयानबाजी का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस में शीर्ष नेतृत्व से लेकर नीचे तक पढ़ने-लिखने की आदत नहीं है। इसीलिए उन्हें भाजपा का विकास और अपना भ्रष्टाचार नहीं दिखता।

हमने मात्र 1 वर्ष में 20 हजार ग्रामीण आवास मंजूर कराए हैं। आपदा के समय त्वरित तौर पर 1762 करोड़ दिए गए। हमने मनरेगा में भी अलग से पैसे दिए, लेकिन कांग्रेस ने तिरपाल बांटने में भी बंदरबांट करते हुए यह देखा कि कौन कांग्रेस का है कौन बीजेपी का है। इन्होंने खुद तो आपदा पीड़ितों के लिए कुछ नहीं किया और केंद्र से मिली मदद का भी उपयोग नहीं कर पाए। अनुराग ठाकुर सोमवार को ऊना और हरोली मंडल के पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में गए और उसके बाद धुसाड़ा में एक स्थानीय सम्मेलन में शामिल हुए। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज चुनाव परिणाम से पहले ही कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी है। इसलिए वह कभी ईवीएम तो कभी इलेक्शन कमीशन तो कभी कुछ और पर ठीकरा फोड़ रहे हैं।


ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के देहलां में पन्ना प्रमुख सम्मेलन में अनुराग ठाकुर और अन्य नेता।

कांग्रेस तो झूठ, भय और भ्रष्टाचार से आगे बढ़कर अब डीप फेक का उपयोग कर रही है। कांग्रेस की देश विरोधी नीतियों का आलम यह है कि आज उन्हें समर्थन भारत से नहीं, बल्कि पाकिस्तान से मिल रहा है। विदेशी ताकतें कांग्रेस से अपनी उम्मीदें लगाए बैठी हैं, लेकिन भारतीय जनता अब कांग्रेस के हाथों में देश कभी नहीं देगी। यह वही कांग्रेस है, जो सैन्य खरीद में भी भ्रष्टाचार करती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना को कमजोर बनाना चाहती है। यह वही कांग्रेस है जो सेना के पराक्रम पर सवाल उठाती है और कसाब जैसे आतंकवादी के पकड़े जाने के बाद भी पाकिस्तान पर कोई कार्रवाई नहीं करती है।

# मिशन लोटस फेल, जयराम अभी भी देख रहे सपने: मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश में हो रहे उपचुनाव के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने आगामी रणनीति तैयार कर ली है। इसकी एक झलक आज उस समय देखने को मिली, जब उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कुटलैहड़ में चुनावी प्रचार की घोषणा की।

उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा विक्कू के लिए लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि जो विश्वास आपने आज से 15 महीने पहले मुझ पर जताया था, उस विश्वास के लिए मैं आप सभी का धन्यवाद करता हूं और क्षमा भी चाहता हूं। एक नुमाइंदा आपके आशीर्वाद से विधानसभा पहुंचा आपके साथ धोखा करके गया है, उस व्यक्ति को सबक सिखाने का समय अब आपके पास है। आप लोगों ने कांग्रेस सरकार को 5 वर्ष का कार्य करने का मौका दिया था, लेकिन ये लोग कांग्रेस पार्टी और आम जनता के साथ धोखा करके चंद पैसों के लिए बिक गए और आज फिर जनता के बीच जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राज्यसभा के एक वोट के लिए रचाया गया षड्यंत्र उल्टा पड़ गया और जिन लोगों ने सरकार को गिराने के सपने देखे थे, उनके सपने धरे के धरे रह गए और उस दिन राज्यसभा का वोट देकर रात के अंधेरे में गायब हो गए। मुकेश अग्निहोत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम पर वार करते हुए कहा कि उन्होंने जो अलाप राज्यसभा चुनाव के दौरान अलापा था कि सरकार भाजपा बनाएंगे वह धरा का धरा रह गया। उन्होंने कहा कि भाजपा का जो रवैया देश के लोकतंत्र को लेकर है, वह सब साफ स्पष्ट है कि लोगों को अपनी मर्जी अपने फायदे के लिए बेच दो उनके सपनों को नीलाम कर दो। उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता उनकी इस चाल से परिचित है, अब आने वाले लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस के पक्ष में जो लहर प्रदेश में चली है, वही लहर 5 साल तक विकास के नए आयाम स्थापित करेगी। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव देसराज मोदगिल, सुमित शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, अरुण पटियाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष मुनीश बैंस सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कुटलैहड़ में जनसभा को संबोधित करते डिप्टी सीएम व अन्य।

# डेंट डालने की बातें करने वालों को सराज की जनता देगी करारा जवाब: कंगना

**अनंत ज्ञान, गोहर**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष के गृहक्षेत्र सराज में डेंट डालने की बड़ी-बड़ी बातें करने वालों को जनता इन चुनावों में करारा जवाब देने वाली है। यह बात सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृहक्षेत्र थुनाग में रोड शो में मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को घेरते हुए कही।

रोड शो के दौरान विक्रमादित्य सिंह पर बरसते हुए कंगना ने कहा कि डेंट डालने जैसी बातें कर कांग्रेस प्रत्याशी ने पूर्व सीएम व नेता प्रतिपक्ष के साथ सराज क्षेत्र की जनता का अपमान किया है। जयराम ठाकुर का अपमान करने पर मंडी में भाजपा जीत के साथ विक्रमादित्य को संदेश दिया जाएगा। 4 जून को चुनाव परिणाम के दिन सबसे ज्यादा लीड भाजपा को सराज विधानसभा क्षेत्र से ही मिलने वाली है। इस मौके पर कंगना ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की जमकर तारीफ भी की। इसके बाद उन्होंने जंजैहली के डीम कटारू में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया।


कंगना रनौत व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को स्मृतिचिन्ह भेंट करती हुई महिलाएं।

### कहा- कौरवों की तरह कांग्रेस प्रत्याशी का अहंकार होगा चकनाचूर

**सराज** के जंजैहली में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान कंगना ने कांग्रेस प्रत्याशी व कांग्रेस पार्टी पर तीखा जुबानी प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस आज टुकड़े टुकड़े गैंग सोच वाली पार्टी हो गई है। कंगना ने कहा कि 4 जून को चुनावी नतीजें जब भाजपा के पक्ष में होंगें तो कांग्रेस के नेताओं को अहसास हो जाएगा कि हिमाचल में टुकड़े गैंग सोच का कोई स्थान नहीं है। विक्रमादित्य सिंह को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अहंकार में आकर भाजपा नेताओं का अपमान कर रहे हैं। चुनावी नतीजें आने के बाद रावण व कौरवों की तरह विक्रमादित्य सिंह का अहंकार चकनाचूर हो जाएगा। वहीं कंगना ने कहा कि कांग्रेस ऐसे बिगड़े शहजादों की पार्टी हैं जो चांद पर आलू उगाना चाहतें हैं, जबकि भाजपा पार्टी के नेता जनहितैषी हैं जिन्होंने देश के सभी वर्गो के उत्थान के लिए कार्य कर रहें है। विक्रमादित्य सिंह भी पहले इस्तीफा देते हैं और दूसरे दिन उन्हीं नेताओं की गोद में जाकर बैठ जाते हैं। इस अवसर पर कंगना ने प्रदेश की सुक्खू सरकार को निकम्मी सरकार भी करार दिया।

### मीनाक्षी लेखी के बहाने नरेश चौहान की भाजपा नेताओं को नसीहत

# भाजपा के केंद्रीय नेता हिमाचल आएं तो सही आंकड़े लेकर आएं


**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल कांग्रेस के उपाध्यक्ष नरेश चौहान ने केंद्रीय राज्य मंत्री एवं भाजपा नेत्री मीनाक्षी लेखी के बहाने भाजपा के केंद्रीय नेताओं को सही आंकड़ों के साथ हिमाचल आने की नसीहत दे डाली है।

उन्होंने कहा कि रविवार को प्रेसवार्ता मीनाक्षी लेखी ने गलत आंकड़े और तथ्य पेश किए। भाजपा ने 50 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी सेब पर दी, जबकि भाजपा के लोग सेब पर 100 फीसदी इंपोर्ट ड्यूटी देने का वादा करते थे। इसके अलावा नालदेहरा से ऊपर बिजली पर दिए गए लेखी के बयान पर भी नरेश चौहान ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय नेता यहां आकर भ्रामक और गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

## आनंद शर्मा का हिमाचल की जमीनी राजनीति से कोई संबंध नहीं: शांता



**पालमपुर ।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि कांगड़ा लोकसभा के लिए कांग्रेस ने तीन बार सर्वे करवाया। सर्वे में तीन नाम आए, परंतु चुनाव लड़ने के लिए कोई भी हिमाचल का नेता तैयार नहीं हुआ। अब कांग्रेस ने दिल्ली से आनंद शर्मा को कांगड़ा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा का हिमाचल की जमीनी राजनीति से कभी जरा भी संबंध नहीं रहा केवल राज्यसभा द्वारा ही वे चुने जाते रहे। इसके मुकाबले भाजपा उम्मीदवार डॉ. राजीव भारद्वाज हिमाचल के चप्पे-चप्पे से परिचित, एक विद्वान और प्रभावशाली उम्मीदवार हैं।

# कांगड़ा-चंबा के लिए अलग घोषणा पत्र जारी करेगी कांग्रेस: आनंद

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

कांगड़ा संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा ने कहा कि पार्टी चंबा-कांगड़ा के लिए इस बार लोकसभा के चुनाव के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी करेगी। आनंद शर्मा बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के पिछले 10 साल के दौरान जिला कांगड़ा तथा चंबा विकास की दृष्टि से काफी पीछे चला गया है।

इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति भी कुछ ऐसी है जिसकी वजह से इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान होना चाहिए। इसलिए उनकी यह प्राथमिकता रहेगी कि वह इस क्षेत्र के लिए अलग से घोषणा पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेता यह कहकर कि पिछले 60 वर्षों में कुछ नहीं हुआ है, देश के पुरुषार्थ को गाली दे रहे हैं, इसके लिए देश की जनता उन्हें कभी भी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि उनका संबंध देवभूमि हिमाचल से ही है। इसलिए वह इस प्रदेश के हर जिले से ही नहीं, बल्कि हर ब्लॉक तथा हर गांव से अच्छी तरह से परिचित हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उनकी सोच भविष्य से जुड़ी रही है अपने बेटे-बेटियों की आकांक्षाओं से जुड़ी रही है। यही वजह है कि उन्होंने मंत्री रहते मंडी में विश्व स्तर का आईआईटी जैसा संस्थान, इंदौरा में स्टील प्लांट, धर्मशाला में नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग जैसे संस्थान दिए हैं। किसी जमाने में यहां के लोगों को अपना पासपोर्ट बनाने के लिए चंडीगढ़ जैसे बड़े शहर में जाना पड़ता था, परंतु जब वह विदेश मंत्री बने तब उन्होंने सबसे पहले काम यह किया कि शिमला में रीजनल पासपोर्ट केंद्र की स्थापना की।


बैजनाथ में आनंद शर्मा समर्थकों के साथ।

इस मौके पर अनुराग शर्मा, रविंद्र बिट्टू, वरिंदर कटोच, ऋषभ, पांडव, अजय अवस्थी, अंकित सूद, लोकेश शर्मा, जमुना गोयल, महेंद्र डोरी, रविंद्र, रजिंद्र परमार, ट्विंकल नाग, शैलभ अवस्थी, सचिन शर्मा तथा भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**सियासत** लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने अनुराधा राणा को दिया टिकट, धर्म संकट में फंसी पार्टी ने महिला प्रत्याशी पर खेला दांव

# अटकलों पर लगा विराम, कांग्रेस ने घोषित किया प्रत्याशी का नाम

**कमलेश वर्मा, केलांग**

ठंडे रेगिस्तान जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में विधानसभा उपचुनाव को लेकर बिछी बिसात के बीच अब लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही एकाएक राजनीतिक तपिश बढ़ गई है। कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रत्याशी के नाम की घोषणा के साथ ही लंबे समय से प्रत्याशी के नाम को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर भी विराम लग गया है।

कांग्रेस के अन्य करीब 20 सीनियर दावेदारों को पछाड़ते हुए जिले की जिप अध्यक्ष अनुराधा राणा ने इस शांत जिले में राजनीतिक भूचाल ला दिया है। इतने समय से धर्म संकट में फंसी कांग्रेस पार्टी ने आखिर इस विस क्षेत्र से महिला प्रत्याशी पर दांव खेलकर टिकट की उम्मीद लगाए बैठे कैडर के सभी पुराने और सीनियर नेताओं को चौंका दिया है। गौर रहे कि लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र में 20 से अधिक दावेदारों में अनुराधा राणा एकमात्र महिला दावेदार होने के साथ एक सशक्त उम्मीदवार थीं।

अधिकतर दावेदारों ने तो अपना टिकट पक्का समझ कर जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिए थे। वहीं, प्रत्याशी के नाम की घोषणा में हो रही देरी को देखते हुए यह भी लग रहा था कि पार्टी कैडर से टिकट के दावेदारों पर हाईकमान को विश्वास नहीं है। हालांकि भाजपा से बागी हुए नेता एवं पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय को कांग्रेस की ओर से टिकट दिए जाने की भी बातें कही जा रही थीं, लेकिन पार्टी ने यहां से पैराशूटी नेताओं पर विश्वास करने की बजाय कैडर से ही जुड़ी एवं जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा पर विश्वास जताते हुए टिकट दिया है। लिहाजा, अब लाहुल स्पीति में कांग्रेस पृष्ठभूमि से संबंधित रवि ठाकुर व अनुराधा में कांटे की टक्कर है। (अनंत ज्ञान)

### 52 साल बाद लाहौल स्पीति से कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी पर खेला दांव



**हालांकि** अनुराधा राणा का राजनीतिक सफर मात्र तीन या चार साल का है, लेकिन पार्टी ने उनके अभी तक के कार्यों और पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए किसी पुरुष नेता की बजाय उन्हें चुनावी मैदान में उतारकर 52 साल पहले के इतिहास को दोहराया है। 52 साल पहले भी कांग्रेस की ही ओर से वर्तमान में भाजपा प्रत्याशी बने रवि ठाकुर की माता स्व. लता ठाकुर को टिकट दिया गया था और 1972 में रवि ठाकुर की माता स्व. लता ठाकुर कांग्रेस की विधायक बनी थीं।


लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र से पहली महिला विधायक रही स्व. लता ठाकुर अपने बेटों के साथ। फाइल फोटो

### कभी एक ही पार्टी में थे दोनों अब होगी कांटे की टक्कर



**भाजपा** प्रत्याशी रवि ठाकुर और अनुराधा राणा कभी एक ही पार्टी में रहे हैं। अब एक-दूसरे को पटकनी देने आमने-सामने हो गए हैं। बदले राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर को अपना राजनीतिक कद बचाना है, जबकि अनुराधा राणा को अपनी नई पारी की शुरुआत करनी है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर को जहां पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय की नाराजगी, कलह व भितरघात का नुकसान झेलना पड़ सकता है। वहीं, यदि कांग्रेस की ओर से दावेदारी जताने वाले 20 से अधिक नेता साथ देते हैं तो पार्टी को फायदा होगा, लेकिन यदि किसी ने भितरघात किया तो कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा को भी इससे नुकसान हो सकता है।

# जीत की भूख के लिए अनुराग ने राजेंद्र राणा को लगाया गले : रायजादा

**अपनी जीत की भूख के लिए अनुराग ठाकुर ने राजेंद्र राणा को गले लगाया है। अगर कोई नेता मेरे पिता को अपशब्द बोलता तो चाहे कांग्रेस भी जितना मर्जी जोर लगा लेती, परंतु कभी भी उस नेता को मैं गले नहीं लगाता। यह बात बिलासपुर में अनंत ज्ञान के जिला ब्यूरो प्रमुख शुभम राही से बातचीत के दौरान हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कही। पेश हैं बातचीत के मुख्य अंश...**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव इंटरव्यू



**अगर मेरे पिता को किसी ने कहे होते अपशब्द, तो पार्टी के कहने पर भी उसे नहीं लगाता गले**

***अनुराग को सिर्फ अपनी जीत से मतलब, जनता से नहीं :*** रायजादा ने कहा कि सुजानपुर से राजेंद्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के खिलाफ कई बार बयानबाजी की है और उन पर और उनके परिवार पर कई आरोप लगाए।

बावजूद इसके अनुराग ठाकुर ने सिर्फ अपनी जीत के लिए आज राजेंद्र राणा को गले लगा लिया है। इससे साफ है कि अनुराग ठाकुर को सिर्फ अपनी जीत का लालच है। प्रदेश की जनता की सेवा करना उनका मकसद न आज था और न कल होगा।

***प्रदेश के केंद्र में फंसे एनपीएस के 9 हजार करोड़ लाने के लिए अनुराग ने क्या किया? :*** बातचीत के दौरान सतपाल रायजादा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने आते ही ओपीएस लागू की और आज प्रदेश के हजारों कर्मचारी ओपीएस का लाभ उठा रहे हैं। परंतु भाजपा की पूर्व सरकार के समय एनपीएस में फंसे 9 हजार करोड़ को वापस लाने के लिए अनुराग ठाकुर क्या अपनी भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश की जनता का आज एनपीएस में करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं, लेकिन केंद्र के नेताओं को प्रदेश की जनता के साथ कोई लेना देना नहीं है। वे सिर्फ वोट बैंक के लिए प्रदेश की जनता को गुमराह करते हैं।

***अनुराग के पास गांधी परिवार को कोसने और नमो-नमो करने का काम :*** सतपाल रायजादा ने कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर का काम सिर्फ गांधी परिवार को कोसना और उसके बाद मोदी के लिए नमो-नमो करना ही रह गया है। प्रदेश तो दूर की बात, उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में अब तक कौन सा एक बड़ा काम किया है? खेलों के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश में उनका खिलाड़ियों के लिए क्या योगदान रहा है? यह स्थिति भी अनुराग ठाकुर को स्पष्ट करनी चाहिए।

***भाजपा ने चंद पैसों के लिए बिकने वालों पर खेला दांव:*** रायजादा ने बागी विधायकों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा आज उन नेताओं पर दांव खेल रही है, जो चंद पैसों के लिए बिक गए। लेकिन इस बार प्रदेश की जनता अच्छी तरह से जानती है कि बिके हुए नेताओं की जगह कहां है और प्रदेश की जनता की सेवा करने वाले नेता को कहां रखना है।

***अनुराग कोई दिग्गज नेता नहीं, जनता देगी जवाब :*** एक सवाल का जबाव देते हुए रायजादा ने कहा कि बार-बार कहा जाता है कि अनुराग ठाकुर दिग्गज नेता हैं, लेकिन उनका कहना है कि अनुराग ठाकुर को वे दिग्गज नहीं मानते हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि वह हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर जिला का लगातार दौरा कर रहे हैं और स्थिति बिलकुल स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता इनको पूरी तरह से नकार चुकी है और इसका जवाब इस बार होने वाले संसदीय चुनावों में जनता खुद देगी।

***केवल धनबल की राजनीति करती है भाजपा :*** सतपाल रायजादा ने कहा कि भाजपा कह रही है कि जो कांग्रेस के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, ये जनाधार वाले नेता हैं। तो क्या धवाला, वीरेंद्र कंवर व अन्य भाजपा के नेता वे जनाधार वाले नेता नहीं थे? भाजपा सिर्फ धन और बल पर राजनीति करती है। धन-बल की राजनीति करने वालों को प्रदेश की जनता इस बार अपने मत से जवाब देगी।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



हमारे जनप्रतिनिधियों को जनता की हर समस्याओं को उचित सदन पर उठाना चाहिए। पारिवारिक मुश्किलातों को भी उन्हें मध्यनजर रखना चाहिए। मुद्दा करुणामूलक आश्रितों में यदि परिवार का मुखिया नहीं रहता है, तो उस परिवार को रोजगार चलाने के लिए नियमों में उचित सुधार होना चाहिए। मतदाता सही उम्मीदवार को अपना वोट दे, ताकि विकास हो सके।
**कमलेश प्रेमी, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



**देश** और प्रदेश में सांस्कृतिक विरासत एक समृद्ध संपत्ति होती है। हमारे सांसदों को चाहिए कि संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए कलाकारों को प्रोत्साहित करने की योजनाएं बनाई जानी चाहिए। इस प्रोत्साहन में सभी तरह की सुविधाओं के लिए उचित नियम बनाने चाहिए।
**वेद कुमार, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



**देश** में इन दिनों मुफ्तखोरी का ही दौर चल पड़ा है। इसको राजनीतिक दल ज्यादा बढ़ावा दे रहे हैं। वे बहुत सी कीमती वास्तु व सुविधाओं को निशुल्क मुहैया करवाने के प्रलोभन मतदाताओं को दे रहे हैं। इस मुफ्तखोरी पर लगाम लगाने के लिए हमारे सांसद कटिबद्ध हो, उन्हें ही हमारा समर्थन रहेगा।
**सुनीता, मंडी संसदीय क्षेत्र।**



देश में इस वक्त सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है, जबकि प्रदेश में युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर ठगी जैसा वातावरण बन गया है। सरकारी स्तर पर परीक्षाएं लेकर परिणाम ही घोषित नहीं किए जाते या प्रश्नपत्र लीक हो जाते हैं। ऐसे में युवाओं की निराशा को दूर करने के लिए हमारे जनप्रतिनिधियों को आगे आना चाहिए।
**प्रवीण राणा, मंडी।**



**लोकसभा** का चुनाव में चुने जाने वाला सांसद उम्मीदवार शिक्षित और समझदार होना चाहिए। वह लोगों की समस्याओं को समझ सके। महिलाओं के उत्थान के लिए सोच रखता हो। विकास को गति देने वाले प्रत्याशी को वोट देना चाहिए। अवसरवादी जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार किया जाएगा।
**शिवराम, गगरेट विधानसभा क्षेत्र।**



**उसी** उम्मीदवार को वोट दूंगा जो शिक्षित व स्वच्छ छवि का होने के साथ-साथ समाज के हर वर्ग की अपेक्षा में खरा उतरता हो। विकास की सोच के साथ सभी को साथ लेकर चले। यहां कई समस्याएं हैं, लेकिन उन्हें उठाया नहीं जा रहा है।
**टशी पलदन, रंगरिक (लाहौल स्पीति)।**



**ग्रामीण** क्षेत्र के विकास को तरजीह देने वाले नेताओं को वोट दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं देने वाले नेताओं को वोट का अधिकार है। लोगों की समस्याओं को लोकतंत्र के मंदिर संसद तक पहुंचाने का मादा रखने वाला नेता ही असल वोट का अधिकारी है। **सुभाष शर्मा, सोलन।**



जनता को सोच-समझ कर मतदान करना होगा। मेरा वोट उसी को जो ईमानदार और पारदर्शिता के साथ काम करे और युवाओं के लिए रोजगार और लोगों के लिए मूलभूत सुविधाएं जुटाए। हर बार लोगों को ठगा जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा।
**अशोक कुमार, रंगरिक (लाहौल स्पीति)।**



नेता जनसभाओं में बड़ी-बड़ी बातें कर वोट बटोर लेते हैं, लेकिन चुनाव जीत जाने के बाद कभी भी लोगों की सुध नहीं लेते। झूठे वादे और प्रलोभन देने वाले नेताओं का बॉयकॉट कर योग्य उम्मीदवार को ही वोट दिया जाना चाहिए। सभी लोग मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।
**मुनीष ठाकुर। सोलन।**

# बिकाऊ विधायक हैं जनता के सबसे बड़े गुनहगार : सुक्खू

## अनुराग ठाकुर ने सांसद रहते कुछ नहीं किया, प्रभावितों के साथ नहीं हुए खड़े



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का गर्मजोशी के साथ स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने कहा कि बिकाऊ विधायक जनता के सबसे बड़े गुनहगार हैं। उन्होंने जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर चुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। सवाल सरकार, मुख्यमंत्री या मंत्री की कुर्सी का नहीं है, जनता के वोट के निरादर का है।

लोकसभा चुनाव में 1 जून को नादौन से ऐसी आवाज पूरे प्रदेश में जानी चाहिए कि नोट के दम पर सरकार गिराने की कोशिश करने वाली भाजपा को सबक मिले। बिकाऊ विधायकों ने अपने आप को राजनीतिक मंडी में बिकने के लिए छोड़ दिया। यह बात मुख्यमंत्री सुक्खू ने नादौन विधानसभा क्षेत्र के बड़ा, पुतड़ियाल व नौहंगी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। नादौन के लोग मेरे परिवार के सदस्य हैं। 1 जून को लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा के लिए अधिक से अधिक मतदान करें। चुनाव परिणाम के बाद यह संदेश जाना चाहिए कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र से कांग्रेस को बड़ी लीड मिली है। सांसद रहते अनुराग ठाकुर ने कुछ नहीं किया। आपदा के समय वह प्रभावितों के साथ खड़े नहीं हुए। एनपीएस के 9000 करोड़ रुपए दिलाने में कोई मदद नहीं की। इस मौके पर बड़ा जोन कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. मोहन लाल कौंडल, प्रभात चौधरी, सेवानिवृत्त जिला अटॉर्नी संसार चंद रनौत आदि मौजूद रहे।

### जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज पर झूठ बोलते हैं अनुराग

**जोलसप्पड़** मेडिकल कॉलेज पर अनुराग झूठ बोलते हैं, इसे उन्होंने नहीं मैंने स्वीकृत करवाया है। उन्होंने मंजूर करवाया होता तो वह हमीरपुर में खोलते 16 किलोमीटर दूर जोलसप्पड़ में नहीं खुलने देते। मेडिकल कॉलेज के साथ ही कांग्रेस सरकार कैंसर अस्पताल भी खोलने जा रही है। पांच करोड़ रुपए का बजट जारी हो चुका है। बड़ा के सधोड़ा पत्तन में ब्यास नदी पर पुल बनाने के लिए 10 करोड़ का बजट सरकार दे चुकी है। चुनावों के बाद इस पुल का नींव पत्थर रखा जाएगा।

### भाजपा को झटका, ओबीसी नेता प्रभात चौधरी कांग्रेस में शामिल

**नादौन।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने नादौन भाजपा में बड़ी सेंधमारी की है। बीते विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार विजय अग्निहोत्री के कवरिंग कैंडिडेट रहे ओबीसी नेता प्रभात चौधरी सोमवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। उन्हें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पार्टी का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया। उनके अलावा भाजपा के बटाहली बूथ के पूर्व अध्यक्ष हंसराज और होशियार सिंह, रमेश चंद कांग्रेस में शामिल हुए हैं। वहीं, पंडित ज्योति कुमार व देशराज ने पुतड़ियाल में कांग्रेस ज्वॉइन की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस में आए सभी भाजपाइयों को पूरा मान सम्मान मिलेगा।

# सुधीर की सुक्खू को चुनौती, खुद आकर लड़ लें धर्मशाला से चुनाव

## कहा- धर्मशाला से कांग्रेस को ढूंढने से भी नहीं मिल रहा प्रत्याशी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू को धर्मशाला से खुद चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू ने संगठन की ऐसी हालत कर दी है कि आज उन्हें ढूंढने से भी प्रत्याशी नहीं मिल रहा है।

जनविरोधी नीतियों के कारण आम कार्यकर्ताओं का भी सरकार और संगठन से मोहभंग हो गया है। संगठन के लोग भी इस बात को जानते हैं कि आज सरकार में तानाशाही चल रही है और ऐसी तानाशाह सरकार का कोई भी व्यक्ति हिस्सा नहीं बनना चाहता। नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने वाली है और अभी तक कांग्रेस धर्मशाला से अपना प्रत्याशी ही तय नहीं कर पाई है। ऐसी स्थिति में सुक्खू को चाहिए कि वह खुद आकर यहां से चुनाव लड़ें। उन्हें अपनी जमीनी हकीकत का पता चल जाएगा और मुकाबला भी थोड़ा रोचक हो जाएगा।

### सीएम नैतिक आधार पर दें इस्तीफा

प्रदेश के इतिहास में पहली बार हो रहा है कि सरकार सत्ता में होने के बाद भी उन्हें प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। इससे बड़ी शर्म की बात किसी भी सीएम के लिए नहीं हो सकती। सीएम को चाहिए कि वह तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा दें, वैसे भी उपचुनावों के बाद उनकी सरकार जाने वाली है। इससे बेहतर यही है कि वह पहले ही नैतिकता का परिचय देते हुए त्यागपत्र दे दें।

### धर्मशाला में कई लोग भाजपा में हुए शामिल

चुनावों से ठीक पहले धर्मशाला कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। महिला कांग्रेस की पूर्व उपाध्यक्ष एवं बाघनी-65 की बूथ अध्यक्ष परिणीता थापा और सुरेंद्र धीमान बूथ अध्यक्ष बाघनी-66, शिव कुमार बीएलए बाघनी-66 अपनी पूरी बूथ कमेटी के साथ सुधीर के नेतृत्व में भाजपा में शामिल हो गए हैं।

### मतदान का संदेश




सुंदरनगर। स्वीप टीम सुंदरनगर ने कमांद स्कूल में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा के नेतृत्व में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

### जागरूकता अभियान




सरकाघाट। स्वीप कार्यक्रम के तहत सोमवार को समैला स्कूल में भाषण, नारा लेखन और सामूहिक गान प्रतियोगिता से मतदाताओं को जागरूक किया गया। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने लोगों से बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया।

# पीएम चेहरे और अल्पसंख्यक आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करे कांग्रेस : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस से लोकसभा चुनाव में पीएम चेहरे और अल्पसंख्यक आरक्षण पर अपनी स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

बिंदल ने प्रेस बयान में कहा कि भाजपा का स्टैंड क्लीयर है कि हम जनमानस की सेवा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। देश और प्रदेश पीएम मोदी को अपना आदर्श मानता है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी स्पष्ट करे कि अगर कांग्रेस की सरकार केंद्र में बनती है तो उनका प्रधानमंत्री चेहरा कौन होगा, क्या राहुल गांधी होंगे या कोई और? वैसे तो कांग्रेस पार्टी को केंद्र में प्रतिपक्ष का दर्जा भी नहीं मिलने वाला है। कांग्रेस पार्टी को अल्पसंख्यक आरक्षण पर भी अपना स्टैंड क्लीयर करना चाहिए। भाजपा का स्टैंड स्पष्ट है। हम पीएम नरेंद्र मोदी के काम पर वोट मांग रही है। गरीब कल्याण, महिला उत्थान, हिमाचल का सर्वांगीण विकास, एक लाख करोड़ का सड़क निर्माण, एम्स, अनेकों टनल का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, बुक ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, 90:10 कैटेगरी स्टेट का दर्जा और अनेकों योगदान के लेकर हम जनता के बीच जा रहे हैं।

### भाजपा को गाली देकर कांग्रेस नेता मांग रहे वोट

कांग्रेस पार्टी किस मुद्दे पर वोट मांग रही है। यह समझ नहीं आ रहा है, वर्तमान में तो ऐसा प्रतीत होता है कि वह भाजपा को गाली देकर वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री प्रवास करते हैं, एक गाली देते हैं और दूसरे स्थान पर पहुंचकर दूसरी गाली देते हैं। मुख्यमंत्री और उनके नेताओं के मुंह से एक भी शब्द विकास का नहीं निकलता है, क्योंकि पिछले डेढ साल में कांग्रेस सरकार ने कुछ किया ही नहीं।

# दगाबाजों को सबक सिखाएगी जनता : सुभाष

## कांग्रेस से टिकट मिलने के बाद बाबा बालक नाथ मंदिर में टेका माथा

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने ढटवाल क्षेत्र से संबंध रखने वाले सुभाष चंद्र ढटवालिया को उम्मीदवार घोषित किया है। सोमवार को सुभाष चंद्र ढटवालिया टिकट लेने के बाद बड़सर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया।

इससे पहले बाबा बालक नाथ मंदिर में माथा टेका और बाबा जी का आशीर्वाद लिया। सुभाष ढटवालिया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जनता की सहयोग से जीत हासिल करना मेरा लक्ष्य होगा। मेरी जीत सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की जीत होगी। जिन लोगों ने सीएम के साथ दगाबाजी की है, ऐसे लोगों को प्रदेश की जनता बाहर का रास्ता दिखाएगी। उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का आभार प्रकट किया है। (अनंत ज्ञान)



### रैली निकालकर लोगों से मांगा समर्थन

**ढटवालिया** ने बड़सर चौक से लेकर गीता पैलेस तक रैली निकालकर लोगों से समर्थन मांगा। सुभाष ढटवालिया कांग्रेस पार्टी के कई अहम पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इस अवसर पर नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय शर्मा पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा अरविंद डोगरा, कांग्रेस जिला महासचिव पवन कालिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरेश लखनपाल आदि मौजूद रहे।

**मुद्दा** लोग चाहते हैं नशे से मुक्ति, बेहतर स्कूल और फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं, उम्मीदवारों की होगी अग्निपरीक्षा

# आरोप-प्रत्यारोप नहीं, मुद्दों पर बहस चाहते हैं मंडीवासी

**अनिल शर्मा, मंडी**

**मंडी** संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को लेकर क्षेत्र के लोग लामबंद होने लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोप के बीच मतदाता मुद्दों पर बात करना चाहते हैं।

नेता केवल चुनाव के दौरान जनता के दरबार में आते हैं, उसके पश्चात पांच साल कुर्सी पर चिपके रहते हैं। वर्तमान पीढ़ी राजनीति से किनारा करती जा रही है, क्योंकि नेताओं के आश्वासन पर लोगों को विश्वास नहीं है। लोग नशे से मुक्ति, बेहतर स्कूल, फ्री स्वास्थ्य सुविधाएं चाहते हैं, जिसमें निजी अस्पताल सारी पूंजी लूट लेते हैं। इस सभी मुद्दों पर मंडीवासी प्रखर हो चुके हैं, उम्मीदवारों के लिए यह स्थित अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### द्रंग में चालू हो नमक की खान



**मंडी** संसदीय क्षेत्र में बहुत सारी समस्याएं हैं, दिल्ली में इनकी आवाज बुलंद करने के लिए प्रखर सांसद की आवश्यकता है। सांसद जनता की समस्याओं को संसद में उठाएगा तो निश्चित रूप से जनता को लाभ होगा। द्रंग में नमक की खान से लोगों को नमक नहीं मिल पा रहा है। लोग समुद्री नमक से हाई व लो ब्लड प्रेशर का शिकार हो रहे हैं। हमारे क्षेत्र में प्राकृतिक नमक है।
**-किरण, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

### बल्ह में लगे टमाटर सॉस की फैक्टरी



**बल्ह** में टमाटर की अच्छी फसल होती है, लेकिन किसानों की मांग के बाद भी सॉस बनाने वाली कंपनी नहीं लगाई गई है। हिमारा सांसद ऐसा हो, जो बल्ह में टमाटर सॉस की कंपनी सरकारी क्षेत्र में लगवाए। बल्ह में लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिससे खेती योग्य उपजाऊ भूमि खत्म हो रही है। बल्ह एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां कई फसलें उगाई जा सकती हैं।
**-सतीश आनंद, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

### काम करने वाले को मिलेगा वोट



**मंडी** लोकसभा से ऐसा सांसद चुना जाए, जो टेक्निकल एजुकेशन को बढ़ावा दे व गरीब विद्यार्थियों की पढ़ाई का खर्चा उठाए। जनता के प्रतिनिधि की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि हर बच्चे को उच्च शिक्षा मिल सके और वह भी फ्री में। ऐसी शिक्षा मिलनी चाहिए जो रोजगारोन्मुख हो, उसके लिए सांसद संसद में प्रस्ताव लाकर चर्चा कर सकते हैं।
**-कमल कपूर, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

### कागजी कार्रवाई पूरी धरातल पर कुछ नहीं



**हम** ऐसा सांसद चुनना चाहते हैं, जो हिमाचल में रोजगार के साधन उत्पन्न करे और बद्दी में जो कंपनियां काम करती हैं, उनमें 70 प्रतिशत हिमाचली होने चाहिए। देखा यह गया है कि कागज पूरे करने के लिए हिमाचली दिखाए जाते हैं, जबकि वास्तव में वहां बाहरी राज्यों के लोग काम कर रहे होते हैं। यह मामला संसद में गूंजना चाहिए, ताकि लोगों के वोट का हिसाब पूरा हो सके।
**-रवि धवन, मंडी संसदीय क्षेत्र।**

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।
मा कर्मफलहेतु र्भूर्मा ते संगोस्त्वकर्मणि ।।

अर्थात- भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि हे अर्जुन। कर्म करने में तेरा अधिकार है। उसके फलों के विषय में मत सोच। इसलिए तू कर्मों के फल का हेतु मत हो और कर्म न करने के विषय में भी तू आग्रह न कर।


अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 7 मई 2024

# आस्था और विश्वास का प्रतीक चंद्रेश्वर मंदिर

**देवभूमि** हिमाचल में देवता वास करते हैं। यही वजह है कि यहां अमन, शांति और सौहार्द बना रहता है। आज हम सिरमौर के एक ऐसे अद्भुत मंदिर का जिक्र करना चाहेंगे जहां लाखों श्रद्धालु अपनी हाजिरी लगाते हैं। हम सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चांदपुरधार में बने चंद्रेश्वर महाराज के मंदिर के इतिहास और लोक गाथाओं पर प्रकाश डालने का प्रयास करेंगे। चंद्रेश्वर देवता की तपोस्थली चांदपुरधार व शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार मानी जाती है। शिरगुल देवता व चंद्रेश्वर देवता की जन्म स्थली शाया मानी जाती है। राजा भुकड़ व माता दुहमा की संतान मानी जाती है। राजा भुकड़ के जेष्ठ पुत्र शिरगुल व द्वितीय पुत्र चंद्रेश्वर महाराज तथा इनकी छोटी बहन कुजयाट के नाम से जानी जाती है।

लोक गाथा के अनुसार, चांदपुरधार में चंद्रेश्वर देवता का मंदिर पांच मंजिला हुआ करता था, जिसे गोरखों ने ध्वस्त कर दिया था। उस समय मंदिर में शुणकुटा पुजारी जो नजदीक देवथल गांव का निवासी था, इस मंदिर में शुणकुटा पुजारी देवथल गांव से है, छिनटा, देवा, बजीर ठुनडु चौकीदार, खदराई वासतिया को दायित्व रहता है। जहां तक हमारे पूर्वजों का कहना है कि चांदपुरधार में चंद्रेश्वर महाराज का मंदिर है, जिसको चलाने वाले सबसे पहले राउत खशिया हुआ करते थे। आज भी उत्तराखंड के बाबर जौनसार में विराजमान हैं।

कहते हैं कि जब गोरखों ने लूट मचाई तो उन्होंने गांव-गांव से लेकर मंदिरों से भी माल खजाना हथियाने का प्रयास किया, तो वहीं गोरखों ने इस मंदिर से भी बहुत ज्यादा धन को लूटा, तो उस समय भी शुणकुटा पुजारी हुआ करता था, जिसमें चंद्रेश्वर महाराज और शिरगुल महाराज की मूर्ति लेकर देवथल गांव की ओर भागा था और उस पुजारी ने मूर्ति को मंदिर में रख दिया और जब मंदिर का पुन: निर्माण किया गया तो मूर्तियों को स्थापित कर दिया गया। तत्पश्चात शुनकुनटा पुजारी राजा सिरमौर के पास गया और सारी कहानी सुनाई तो राजा ने इनाम के तौर पर देवथल गांव का (मामला) भूमि कर माफ कर दिया। कहा यह भी जाता है कि शिरगुल महाराज के भक्त एवं श्रद्धालु जो शिरगुल महाराज मंदिर नहीं आ सकता है, वह अगर चंद्रेश्वर महाराज के मंदिर चांदपुरधार भी जाता है तो उसको भी चूड़धार मंदिर का फल प्राप्त हो जाता है। **प्रस्तुति: हेमराज**



# विद्वान और धर्मगुरु थे शंकराचार्य

**आदि** शंकराचार्य एक महान हिंदू विद्वान और धर्म गुरु थे। उनका जन्म 788 ई. में केरल के कालडी जिले में एक नंबूदरी ब्राह्मण परिवार में हुआ था। आदि शंकराचार्य जयंती वैशाख माह की पंचमी को मनाई जाती है। आदि शंकराचार्य जयंती 12 मई को मनाई जाएगी। उन्हें भगवान शिव का अवतार माना जाता है। वे अनेक वेदांतों के रचयिता भी हैं। आदि शंकराचार्य ने अपना जीवन एक संत के रूप में जीया और हिंदू धर्म को एक नई दिशा दी। आदि शंकराचार्य जयंती के पवित्र दिन पर कई शंकराचार्य मठों में पूजा और हवन का आयोजन किया जाता है। पूरे देश में उनकी पूजा की जाती है। अनेक सत्संग भी आयोजित किए जाते हैं। इस दिन इन जगहों पर सनातन धर्म पर भी चर्चा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन आदि शंकराचार्य की पूजा करने से व्यक्ति को सभी समस्याओं से मुक्ति मिल जाती है। इस दिन धर्म यात्राएं और शोभा यात्राएं भी आयोजित की जाती हैं। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत वेद के सिद्धांतों को लिखा और उन्होंने हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें जगत गुरु और शंकर भगवत्पादाचार्य के नाम से भी जाना जाता है।

**आदि शंकराचार्य जयंती**

## आदि शंकराचार्य जन्म कथा

**आदि** शंकराचार्य का जन्म वैशाख शुक्ल पंचमी के पवित्र दिन हुआ था। वह भगवान शिव के अवतार थे जिनका जन्म दक्षिणी भारत के कालडी जिले में हुआ था। बाद में उन्हें जगत गुरु आदि शंकराचार्य के नाम से जाना गया। शिव गुरु नामप्रुदी के कोई संतान नहीं थी और इसलिए वे अपनी पत्नी विशिष्टा देवी के साथ भगवान शिव की पूजा करते थे। भगवान शिव उनकी भक्ति से प्रभावित हुए और उनके सपने में प्रकट हुए ताकि वे जो चाहें मांग सकें। नामप्रुडी ने ऐसे बच्चे की मांग की जिसके पास सारा ज्ञान हो और वह दीर्घायु हो। भगवान शिव ने यह कहकर इसका खंडन किया कि उनके पुत्र के पास दोनों नहीं हो सकते और उन्हें एक चीज से संतुष्ट होना होगा। तब नामप्रुडी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके बेटे के पास सारा ज्ञान हो। भगवान शिव ने उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा कि उनके घर एक पुत्र का जन्म होगा जो भगवान शिव का अवतार होगा। नामप्रुडी और विशिष्टा देवी को एक बच्चे का आशीर्वाद मिला जिसका नाम शंकर या शंकराचार्य रखा गया। शरीर ने बचपन में ही संकेत दे दिए थे कि वह कोई आम लड़का नहीं है। जब वे केवल सात वर्ष के थे, तब उन्होंने सभी वेद सीख लिए, जब वे केवल बारह वर्ष के थे, तब सभी शास्त्र सीखे और जब वे सोलह वर्ष के थे, तब उन्होंने ब्रह्मसूत्र भाषा लिखी। उन्होंने कई धार्मिक ग्रंथों की भी रचना की और इसलिए उन्हें गुरु शंकराचार्य के नाम से जाना जाता है।

## जयंती का महत्व

**आदि** शंकराचार्य जयंती के पवित्र दिन पर कई शंकराचार्य मठों में पूजा और हवन का आयोजन किया जाता है। पूरे देश में उनकी पूजा की जाती है। अनेक सत्संग भी आयोजित किए जाते हैं। इस दिन इन जगहों पर सनातन धर्म पर भी चर्चा की जाती है। इस दिन धर्म यात्राएं और शोभायात्राएं भी आयोजित की जाती हैं।

**परशुराम जयंती**

# भगवान विष्णु का अवतार हैं परशुराम



**परशुराम** जयंती 10 मई, शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाई जाएगी। भगवान परशुराम का जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया को हुआ था, इसलिए इस दिन को भगवान परशुराम जयंती के रूप में मनाया जाता है। परशुराम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है। वह राजा प्रसेनजित की पुत्री रेणुका और भृगु वंश के राजा जमदग्नि के पुत्र थे। परशुराम भगवान शिव के प्रति समर्पित थे। उनके पास अपार ज्ञान था और वह एक महान योद्धा थे। उनके जन्म के दिन को पूरे भारत में बड़े उत्साह और उमंग के साथ परशुराम जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस दिन हवन, पूजा, भंडारे आदि के साथ-साथ परशुराम शोभा यात्रा का आयोजन किया जाता है। मूल रूप से उनका नाम राम था, लेकिन भगवान शिव द्वारा उन्हें दिए गए परशु नामक रहस्यमय हथियार के कारण उन्हें परशुराम के नाम से जाना जाने लगा।

## भगवान विष्णु के छठे अवतार

**माना** जाता है कि परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार उनका जन्म अक्षय तृतीया, वैशाख शुक्ल तृतीया के दिन हुआ था, जिसे उनके जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। व्रत रखना और अन्य धार्मिक कार्य सदियों से इस दिन के ट्रेडमार्क रहे हैं। मान्यताओं के अनुसार उन्होंने क्षत्रियों को कई बार हराया। उनका जन्म संसार को क्षत्रियों के गौरव से मुक्त कराने के लिए हुआ था। द्रोणाचार्य की शिक्षा परशुराम ने की थी।

## परशुराम जयंती का महत्व

**ऐसा** माना जाता है कि त्रेतायुग का प्रारंभ वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया के दिन हुआ था। इसे अक्षय तृतीया के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि इसी दिन परशुराम का जन्म हुआ था। भागवत के अनुसार इसी दिन हैदय वंश के राजाओं का विनाश करने के लिए परशुराम का जन्म हुआ था। परशुराम जमदग्नि और रेणुका के पांचवें पुत्र थे। उनके चार बड़े भाई थे- रुमनवंत, सुषेण, विश्व और विश्वावसु। इस दिन को परशुराम जयंती के रूप में मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन परशुराम का जन्म हुआ था।

## एक महान योद्धा थे

**परशुराम** के पास अपार ज्ञान था और वह एक महान योद्धा थे। वह मानव जाति के हित के लिए जीना चाहते थे। परशुराम में अपार ऊर्जा थी और वह एक महान इंसान थे। परशुराम ने हमेशा जरूरतमंदों की मदद की और अपने हर फैसले में न्याय किया। परशुराम जन्म का दिन यानी अक्षय तृतीया अपने तरीके से महत्वपूर्ण है। इस दिन किया गया कोई भी शुभ कार्य फलदायी होता है। यह दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस दिन बिना शुभ समय देखे भी काम किए जाते हैं। परशुराम जयंती हिंदुओं द्वारा बहुत समर्पण और उत्साह के साथ मनाई जाती है। प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में परशुराम का चरित्र निष्कलंक प्रतीत होता है। परशुराम का मूल नाम राम था। इसलिए यह भी कहा जाता है कि श्री राम का जन्म राम से पहले हुआ था।


## परशुराम कथा

**भगवान** परशुराम के जन्म के विषय में दो कथाएं प्रसिद्ध हैं। हरिवंश पुराण के अनुसार प्राचीन काल में महिष्मती नगरी नाम की एक नगरी थी। इस नगर पर हैहय वंश के कार्तवीर्य अर्जुन (सहस्त्र बाहु) का शासन था। वह एक क्रूर राजा था। पृथ्वी देवी क्षत्रियों से परेशान होकर भगवान विष्णु के पास गई और उनसे मदद मांगी। भगवान विष्णु ने उन्हें वचन दिया कि क्षत्रियों के राज्य को नष्ट करने के लिए वह जमदग्नि के पुत्र के रूप में जन्म लेंगे। भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में अवतार लिया और राजाओं को हराया। वहां पर परशुराम ने अर्जुन को मारकर 21 बार पृथ्वी को क्षत्रियों से मुक्त कर दिया। उन्होंने सामंतपंचक जिले में पांच तालाबों को उनके खून से भर दिया। संत त्रिचिक ने परशुराम से ऐसा करने से रोकने को कहा। इसलिए उन्होंने पृथ्वी को ऋषि कश्यप को दान कर दिया और महेंद्र पर्वत पर रहने लगे।

# दर्शन शास्त्र में रामानुजाचार्य की महत्वपूर्ण भूमिका

*भारत में चली आ रही संत एवं भक्ति परंपरा के मध्य एक नाम रामानुजाचार्य जी का भी आता है। यह दर्शन शास्त्र में अपनी भूमिका को दर्शाते हैं। रामानुजाचार्य ने अपने ज्ञान एवं आध्यात्मिक ऊर्जा द्वारा देश भर में भक्ति का प्रचार किया। वैष्णव संत होने के साथ-साथ भक्ति परंपरा पर भी इनका बहुत प्रभाव रहा है। इस वर्ष रामानुजाचार्य जयंती 12 मई 2024 को रविवार के दिन मनाई जाएगी। रामानुजाचार्य का समय 1017-1137 ई. तक का माना जाता है। इनका जन्म दक्षिण भारत के तिरुकुदूर क्षेत्र में हुआ था। रामानुजाचार्य जी के शिष्यों में रामानंद जी का नाम अग्रीण रहा है और जिनके आगे कबीर, रैदास और सूरदास जैसी शिष्य परंपरा देखने को मिलती है।*

## रामानुजाचार्य का विशिष्टाद्वैतवाद



**आचार्य** रामानुज का विशिष्टाद्वैत दर्शन का सिद्धांत बहुत सी पुरानी मान्यताओं को दर्शाता था। यह सिद्धांत प्राचीन चले आ रहे दर्शन के अलग-अलग मतों में से एक रहा है। रामानुजाचार्य द्वारा चलाया गया यह विचार प्रभावशाली विचारों में से एक था। दक्षिण भारत में मुख्य रूप से चल रहे भक्ति आंदोलन से प्रभावित होते हुए यह आगे बढ़ता है। विशिष्टाद्वैत का अर्थ विशिष्ट अद्वैत के सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। आचार्य रामानुज ने 1037-1137 ईसवी के समय के मध्य इस मत का प्रचार किया। यह दार्शनिक मत है जिसके द्वारा बताया गया है कि सृष्टि और जीवात्मा दोनों ब्रह्म से भिन्न हैं लेकिन वह उसी ब्रह्म से ही उत्पन्न हैं। यह संबंध बहुत घनिष्ट है। इस संबंध को समझा जा सकता है जैसे शरीर में प्राण का होना। सूर्य के साथ किरणों का होना। रामानुज ने वेदों का चिंतन किया और उसके अनुरूप उपनिषदों तथा वेदांत सूत्रों के ब्रह्म से एकात्मता को अपनी पद्धति का आधार बनाया। ईश्वर के रूप में ब्रह्म में जीव पूरी संपूर्णता के साथ संबंधित होता है, इन्हीं बातों पर रामानुज ने अपना विचार विस्तार से रखा।

## रामानुज और शंकराचार्य के मत में अंतर रहा

**आचार्य** रामानुज ने जो सिद्धांत सभी के सामने रखा, उसमें आदि शंकराचार्य द्वारा दिए गए माया वाद के सिद्धांत को कुछ नकारा भी है। शंकराचार्य ने सृष्टि जिसे जगत कहते हैं उसको माया का स्वरूप कहा है, और इसे मिथ्या अर्थात भ्रम दर्शाया है। रामानुज इससे अलग अपने कथन में बताते हैं कि यह संसार ब्रह्म ने ही बनाया है और इस कारण यह मिथ्या अर्थात भ्रम माया कैसे हो सकता है।

### रामानुजाचार्य और यमुनाचार्य का संबंध

11वीं शताब्दी के एक प्रसिद्ध वेदांत विद्वान यमुनाचार्य से भी इन्हें बहुत कुछ सीखने का अवसर प्राप्त होता है। कुछ विचारकों के अनुसार कहते हैं कि यमुनाचार्य से रामानुज मिल नहीं पाए क्योंकि यमुनाचार्य की की मृत्य हो जाती है, जिस कारण इनकी मुलाकात नहीं हो पाती है। कुछ किवदंतियों के अनुसार यह पता चलता है कि यमुनाचार्य मृत्यु उपरांत रामानुजाचार्य जी को उनका स्थान प्राप्त होता है। वह श्री वैष्णव संप्रदाय के नए गुरु के रूप में स्थापित भी होते हैं। श्रीरामानुजाचार्य कांचीपुरम में रहते थे और यमुनाचार्य जी श्रीरंगम के मठाधीश प्रसिद्ध आलवार संत थे।

## पैगोडा शैली में बना देव मंदिर लोगों के आकर्षण का है केंद्र, गणेश चतुर्थी को लगता है मेला

# चमत्कारिक है भटवाड़ी का गणेश मंदिर



**मंडी** जिले के दरंग विधानसभा क्षेत्र के ज्वालापुर क्षेत्र में देव मंदिर गणेश भटवाड़ी चमत्कारिक है। यह मंदिर ज्वालापुर के देवखान नामक गांव से डेढ़ किलोमीटर नीचे की ओर भटवाड़ी गांव वाली सड़क के साथ ही पड़ता है।

देवखान के लिए हम आसानी से राष्ट्रीय उच्च मार्ग 22 पर स्थित पनारसा नामक कस्बे से बस से पहुंच सकते हैं। पनारसा से सुबह-शाम बस सुविधा है। मंदिर भटवाड़ी गांव के ठीक बीचोंबीच सड़क के साथ ही स्थित है। मंदिर का परिसर प्रवेश द्वार भी अन्य पैगोडा शैली के मंदिरों की तरह ही स्लेट चक्कों से ढका देखा जा सकता है। यहां द्वार पर भी लकड़ी की नक्काशी का सुंदर कार्य देखने को मिलता है। परिसर प्रवेश द्वार से नीचे की ओर कुछ सीढ़ियां (पौड़ियां) उतरने के पश्चात मंदिर के आंगन में प्रवेश होते हैं और फिर दायीं ओर 4-5 पौड़ियां चढ़कर मंदिर के सभा स्थल में प्रवेश करते हैं और यहीं आगे मंदिर का गर्भ गृह आ जाता है।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

गर्भ गृह के तीनों ओर प्रदक्षिणा पथ की चौड़ाई लगभग पांच फुट व आगे का हिस्सा सभा मंडप के साथ मिलकर कुछ खुला हो जाता है। पैगोडा शैली के इस समस्त मंदिर व तीनों छतों का सारा भार कुल मिलाकर 16 लकड़ी के मजबूत स्तंभों पर टिका है। मंदिर के छोटे से गर्भ गृह के द्वार का आकार 2.5 फुट गुणा 2.5 फुट ही है व चौखट देवदार की मजबूत लकड़ी की बनी है जिस पर भगवान विष्णु, द्वारपाल, देवी महिषासुरमर्दनी, मगर वाहिनी, देवी गंगा, शिव-पार्वती, भगवान श्रीराम, ऋषि मुनि और मंथन करती देवी आतियों की सुंदर देव आकृतियां उकेरी गई हैं।

साथ ही साथ सांपों व फूल पत्तों का सुंदर अंकन देखा जा सकता है। मंदिर के गर्भ गृह का आकार 5 फुट गुना 5 फुट देखा गया है तथा इसमें कई प्रतिमाएं रखी हैं, जिनमें द्वार के ठीक सामने देव गणेश, देवी जयंती व ऋषि पराशर की प्रतिमा देखी जा सकती हैं और इन तीनों पत्थर की प्रतिमाओं का आकार 2 फुट गुना 1.5 फुट का देखा गया है। इसके अलावा 12 अन्य छोटी प्रतिमाएं भी देखी गई हैं जो कि आकर में 1 फुट गुना 8 इंच की हैं और इन्हें कतलू अर्थात जोगणियों के नाम से जाना जाता है। दो अन्य जिनमें एक देव गणेश की संगमरमर की व एक पत्थर की पिंडी है भी यहां देखी गई हैं। मंदिर का गर्भ गृह चाहे छोटा है, लेकिन इसके तीनों ओर की दीवारों में प्रकाश व हवा के लिए एक एक सुंदर रोशनदान बना है, जिन पर सुंदर लकड़ी तराशी का काम किया देखा जा सकता है।



बाहर गर्भ गृह के सामने, आंगन के तीनों ओर बाहर से आने वाले लोगों के विश्राम के लिए सराय के कमरे भी बने हैं। इसी आंगन के एक किनारे पर लोहे के पुराने ढेर में दो देव मोहरे (धातु के मुखौटे) भी देखे गए हैं, जिन्हें मंदिर के पहरेदार बताया जाता है और रिश्ते में दोनों रोहडू व लाहडू नामक भाई कहे जाते हैं।

देव गणेश के मंदिर में फाल्गुन मास में गणेश चतुर्थी पर 12-13 फरवरी को मेले का आयोजन किया जाता है। बताते हैं कि इस दिन सबसे पहले सुबह 4 बजे के करीब गांव का एक ब्राह्मण बिना किसी का मुंह देखे बकरे को लेकर मंदिर में गर्भ गृह तक पहुंचता है और वही बकरा गर्भ गृह के द्वार को अपना मुंह लगाता है और द्वार खोल दिया जाता है। बकरे द्वारा, द्वार खुल जाने के पश्चात मंदिर सब के लिए दर्शनों के लिए खुल जाता है। भादों मास में मंदिर में लगने वाला प्रसिद्ध गणेश चतुर्थी मेला क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखता है। इसी दिन देव गणेश अपने रथ में यहां पधारते हैं और दिन के समय मेले का आयोजन किया जाता है और रात्रि के समय जागरण किया जाता है।

## हैप्पी बर्थडे



हटवास के सुजल को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# राष्ट्रपति ने राज्यपाल को प्रदान की डॉक्टरेट की मानद उपाधि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के सातवें दीक्षांत समारोह में बतौर अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का प्रदेशवासियों की ओर से हिमाचल पधारने पर स्वागत किया।

इस अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। शुक्ल ने कहा कि उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और मेडल विजताओं की समाज, राष्ट्र और राज्य के प्रति एक अहम भूमिका है, जिसे उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाना होगा।

# भाली में एक किलो चरस के साथ 23 हजार की नकदी की बरामद

## नशा माफिया के खिलाफ नूरपुर पुलिस की कार्रवाई, आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

हिमाचल में लोकसभा चुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है। जिला पुलिस नूरपुर भी नशा माफिया पर नजर बनाए हुए है वहीं पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत नशा माफिया पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। पुलिस थाना जवाली के अंतर्गत पुलिस चौकी कोटला के तहत पड़ते भाली में पुलिस टीम ने एक व्यक्ति के रिहायशी मकान से 1 किलो 106 ग्राम चरस व 23 हजार 200 रुपए की नकदी बरामद की है। मामले की पुष्टि एसपी अशोक रतन ने की है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भाली में एक रिहायशी मकान ने पुलिस टीम ने दबिश दी जिसमें अशोक कुमार पुत्र दालती राम निवासी भाली के घर में 1 किलो 106 ग्राम चरस व 23 हजार 200 रुपए की नकदी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य मे भी नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध जिला पुलिस नूरपुर का अभियान जारी रहेगा।

**गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई**



पुलिस चौकी कोटला के तहत पड़ते भाली में चरस के साथ गिरफ्तार आरोपी पुलिस के साथ।

### 4,500 एमएल अवैध शराब बरामद

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत ठानपुरी में मनोज कुमार निवासी ठानपुरी की दुकान से 4,500 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पंचरुखी पुलिस ने चरस के मुख्य सप्लायर को बीड़ से किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

पंचरुखी पुलिस ने रविवार को चरस के मुख्य सप्लायर को बीड़ से गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि अभी चार दिन पहले ही पंचरुखी पुलिस ने नाके के दौरान एक ऑल्टो कार से 112 ग्राम चरस बरामद की थी जिसमे तीन युवाओं अमित कुमार गांव ढंडेरा तहसील बैजनाथ, विपिन कुमार गांव तिनबड़ तहसील जयसिंहपुर व आदर्श कुमार गांव रक्कड़ तहसील बैजनाथ पर धारा 20, 25, 29, के तहत मामला दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया था।

तीनों आरोपियों को पालमपुर कोर्ट ने दो दिन का पुलिस रिमांड दिया था। पुलिस रिमांड के दौरान इन तीनों आरोपियों ने कई एहम खुलासे किए। चरस के इन तीनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने बीड़ के व्यक्ति से चरस खरीदी थी। पंचरुखी पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए नेत्र सिंह पुत्र राम सिंह गांव खंगेर डाकघर सुधार तहसील पधर जिला मंडी को बीड़ से गिरफ्तार कर लिया है। पंचरुखी थाना प्रभारी नंद लाल शर्मा ने बताया कि जिस आरोपी को हमने बीड़ से गिरफ्तार किया है उस पर पहले भी मंडी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा चला हुआ है।

यह व्यक्ति बहुत दिनों से बीड़ में एक ढाबे की आड़ मे चरस सप्लाई कर रहा था। थाना प्रभारी ने नशे के सौदागरों को चेतावनी देते हुए कहा कि वो देश को खोखला करने वाले जहर को बेचना बंद कर दें नहीं तो चाहे वो कितनी भी पहुंच वाले होंगे किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएंगे। जिन तीन आरोपियों से चरस बरामद हुई थी उनका सोमवार को पुलिस रिमांड खत्म होने पर इन चारों को पालमपुर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इन चारों आरोपियों को 14 दिन के लिए ज्डयूशियल कस्टडी में धर्मशाला जेल भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन रोकने को एसडीएम से गुहार

**डरोह।** माता झुंगा देवी महिला मंडल भदरोल उपरला की प्रधान व सचिव, नंबरदार राजेंद्र कुमार शर्मा मौजा धीरा, कश्मीर सिंह नंबरदार धीरा व ग्रामीणों ने एसडीएम धीरा को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने एसडीएम से जुनेड खड्ड, धीरा स्टोन क्रशर के आसपास ट्रैक्टरों द्वारा किए जा रहे अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने एसडीएम से गुहार लगाई है कि इस अवैध खनन को रोकने के लिए नियमों के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। इस बारे में एसडीएम धीरा ने बताया कि उन्होंने पुलिस विभाग को अवैध खनन करने वालों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। शीघ्र ही उन पर कार्रवाई की जाएगी।

### कांगड़ा में बेंच पर मृत मिला व्यक्ति

**कांगड़ा।** कांगड़ा थाना के अंतर्गत रविवार अर्ध रात्रि के बाद एक व्यक्ति को जब उसके परिजन ढूंढने के लिए आए तो वह तहसील चौक के पास बने बेंच के ऊपर लेटा हुआ था। थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार ने बताया कि तिलक राज उम्र 73 साल निवासी कांगड़ा जब रात्रि को घर नहीं पहुंचा तो उसके परिजन उसे ढूंढने के लिए आए। उन्होंने बेंच के ऊपर लेटे देखा उसे वक्त उसके शरीर में कोई हरकत नहीं थी। इसकी सूचना जब पुलिस को दी तो पुलिस ने आकर देखा कि उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर शव का डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद में पोस्टमार्टम करवाया ताकि मौत के कारण का पता चल सके।

### जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत गढ़ में आज्ञात जेसीबी चालक ने अपनी जेसीबी को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाकर मोटरसाइकिल को टक्कर मारी दी जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। बाइक को कार्तिक शर्मा निवासी वारिया डाकघर गोयला पन्नर तहसील नालागढ़ चला रहा था व उसके पीछे राहुल निवासी कोनल जिला बिलासपुर बैठा था। पुलिस ने उक्त मामले को दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार बाइक ने महिला को मारी टक्कर

**रक्कड़।** पुलिस थाना रक्कड़ के तहत नत्थूं में एक मोटरसाइकिल चालक सुरजीत सिंह निवासी वलदोह डाकघर सेरी तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा ने अपनी मोटरसाइकिल को लापरवाही व तेज रफ्तारी से चलाकर सड़क किनारे पैदल जा रही प्रवीण कुमारी निवासी मट उमरां, डाकघर मैरा बणी तहसील रक्कड़ जिला कांगड़ा को टक्कर मार दी, जिस कारण यह घायल हो गयी। इस बारे में पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### करंट लगने से आर्मी जवान की मौत

**रक्कड़।** गांव नौशहरा के 26 वर्षीय आर्मी जवान मनीश कुमार पुत्र मदन लाल की लेह में बिजली का करंट लगने से दर्दनाक मौत हौने का मामला सामने आया है। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टी नहीं हो पाई है कि मौत बिजली का करंट लगने से हुई है या कोई और कारण रहा है। सोमवार सुबह जैसे ही इस दर्दनाक मौत की सूचना गांव नौशहरा में परिजनों को लगी तो हर किसी की आखें नम हो गई।

### पेंशनर्स संघ की बैठक 11 मई को

**जवाली।** पेंशनर्स संघ जवाली इकाई की बैठक 11 मई को ज्वाला माता परिसर लब में होगी। बैठक की अध्यक्षता प्रधान सुखदेव शर्मा करेंगे। यह जानकारी संघ के वित्त सचिव शंकर दास ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में पेंशनर्स संघ की मांगों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### डरोह में कल बंद रहेगी बिजली

**डरोह।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आठ मई बुधवार को 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत हेतु विद्युत उपमंडल डरोह में पावर कट रहेगा। यह जानकारी ई. सुभाष कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पीटीसी डरोह, भाटलु, देवी, फास्टा, मरूंह, बोदा, अटियालादाई, सिहोटू मंडप, सूरी भोडा, जैंद, खड्डुल, होला, कलेहड़,चाह, नौरा,केदारा और मट्ट में सुबह नौ बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### महिला ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनव चंदेल के निर्देशानुसार महिला ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। यह जानकारी ब्लॉक कांग्रेस धर्मशाला अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी और ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष पद पर बबीता ओवराय, परनीता थापा, नंदिरा शर्मा, अनीशा गुरूंग, सुषमा चौधरी, रखा देवी, तृप्ता शर्मा, सुरेखा जम्वाल, सुनिता देवी और मीना चौधरी को नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया पेनलिस्ट पद पर कंचन कौंडल की नियुक्ति की गई है। महासचिव पद पर कुसुम चौधरी, किरन, सीमा कौंडल, जीवन लता, मनीषा शर्मा, नीना वर्मा, नीलम, ममता बिवरा, पूजा, पुनीता कुमारी, मोनिका वर्मा, सुमन बाला, नीलम देवी, तनु कुमारी व सजनी देवी को नियुक्त किया गया है। सचिव पद पर डॉली गुरूंग, बिमला देवी, कांता, शारदा देवी, अनु बाला, सुनिता भाटिया, नीतू सिंह, सुमना देवी, विरंजना, सिकंदरा देवी, शानू देवी व कोकिला की नियुक्ति हुई है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मां चामुंडा के किए दर्शन

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**



सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम मंदिर में सुबह 11:45 बजे मां चामुंडा देवी जी के दरबार में हाजिरी भरी। मंदिर पहुंचने पर उनका स्वागत अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा, पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार, जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बेरवा, कमिश्नर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन धर्मशाला जफर इकबाल, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री, एएसपी सौरभ जस्सल, एसडीएम धर्मशाला संजीव भोट, मंदिर अधिकारी गिरिराज ठाकुर और मंदिर न्यास के सभी सदस्यों ने किया। चामुंडा मंदिर में उनकी पूजा पुजारी ओम व्यास, ओम प्रकाश और त्रिगर्त संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश शर्मा ने करवाई। पुजारी ओम व्यास ने उन्हें माता की चुनरी, प्रसाद और शिरोपा भेंट किया।

भोलेनाथ नंदीकेश्वर महादेव मंदिर में उनकी पूजा शिव मंदिर पुजारी महंत वॉबी गोस्वामी ने करवाई।

# जवाली के पंडित विपन शर्मा को हरियाणा में मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान टीम, जवाली/धर्मशाला**



पंडित विपन शर्मा को सम्मानित करते डॉ. एचएस रावत व कैप्टन लेख राज शर्मा।

चोखी ढाणी रिजॉर्ट अमरावती एनक्लेव पिंजौर हरियाणा में द कॉस्मिक रिवर एक्लट अवॉर्ड समारोह आयोजित किया गया। इसका आयोजन द इंस्टीच्यूट ऑफ ऑल एक्लट साइंस की प्रेसिडेंट डॉ. जस्मीन जैस द्वारा करवाया गया।

इस समारोह में उत्तर भारत के 100 से अधिक ज्योतिष, टैरो काड्र्स, लाल किताब, हस्त रेखा, वैदिक ज्योतिष, अध्यात्म व आयुर्वेद के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया और अपने शोध प्रस्तुत किए। इसमें हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के जवाली से ज्योतिषी पंडित विपन शर्मा को भी विशेष आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर संस्था द्वारा पंडित विपन शर्मा को उनके ज्योतिष के कार्यक्षेत्र में सराहनीय कार्य को देखते हुए स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. जस्मीन जैस, डॉ. एचएस रावत धर्म गुरु, कैप्टन लेख राज शर्मा, मनविंदर रावत, रोहित पंत, बाबा जी, शशि कुमार, सौरभ शर्मा, सुनीता साहनी, उषा वसुंधरा, कमल अग्रवाल व स्वामी ज्ञान रहस्य आदि गणमान्य उपस्थित रहे। पंडित विपन शर्मा को पहले भी कई ज्योतिष संस्थाएं देश-विदेश में सम्मानित कर चुकी हैं।

## सुधीर शर्मा ने दिखाई छोटी सोच: विजय इंद्र

**धर्मशाला।** भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर कुछ जातियों को नीचा दिखाने का प्रयास किया है। इस मामले को लेकर एडीएम धर्मशाला के माध्यम चुनाव आयोग को शिकायत भेजी गई है। यह बात धर्मशाला से पूर्व प्रत्याशी विजय इंद्र कर्ण ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है और उनके उत्थान के लिए कार्य करती है लेकिन फेसबुक में बने सुधीर शर्मा के फेन पेज से एक जाति विशेष पर टिप्पणी करना उनकी छोटी सोच का दर्शाता है। चुनाव आयोग से आग्रह किया है सुधीर शर्मा के चुनाव प्रचार पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी जाए।

# ऐम अकादमी बागकुलजा स्कूल में साक्षी राणा को किया सम्मानित

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**



जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हारसी गांव की बेटी साक्षी राणा ने अमृतसर बीएसएफ वाघा बॉर्डर में सेवाएं देते हुए जयसिंहपुर का नाम रोशन किया है। साक्षी राणा के पिता स्व. सुरेंद्र राणा बीएसएफ में देश सेवा करते हुए वर्ष 2001 में त्रिपुरा में शहीद हुए थे।

साक्षी राणा की माता संतोष राणा ग्रहिणी है। साक्षी राणा ने जमा दो तक की पढ़ाई जयसिंहपुर ऐम अकादमी बागकुलजा स्कूल से की है, उसके बाद सुजानपुर गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज से बीएससी पास की। उसके बाद साक्षी राणा का चयन बीएसएफ के लिए हुआ। अब साक्षी राणा अमृतसर बीएसएफ वाघा बॉर्डर में अपनी सेवाएं दे रही है। जयसिंहपुर ऐम अकादमी बागकुलजा स्कूल के प्रबंध निदेशक राकेश सरोच, प्रिंसिपल आशु धीमान, वाइस प्रिंसिपल अदिति गुप्ता ने साक्षी राणा को सोमवार को स्कूल में प्रात:कालीन सभा में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राकेश सरोच का कहना है कि यह हमारे स्कूल के लिए गर्व की बात है। (अनंत ज्ञान)

# अब यूनिटी मॉल पर कोरा झूठ बोल रहे सुधीर शर्मा : मल्ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सीयू और आईटी पार्क पर कोरा झूठ बोलने वाले सुधीर शर्मा अब यूनिटी मॉल के निर्माण कार्य पर भी झूठ बोल कर जनता को गुमराह कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं।

सुधीर शर्मा ने झूठ बोलने में महारत हासिल कर भाजपा पार्टी से बढ़िया प्रशिक्षण हासिल किया है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुधीर शर्मा पर यह तंज प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने कसा है। उन्होंने कहा कि आईटी पार्क का निर्माण कार्य चला हुआ है, जबकि सुधीर शर्मा लोगों में यह भ्रम फैला रहे हैं कि अभी तक आईटी पार्क का निर्माण कार्य शुरू ही नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय निर्माण कार्य को लेकर भी मुख्यमंत्री पूरी ईमानदारी से काम कर रहे है, जबकि दूसरी ओर सुधीर शर्मा सीयू और आईटी पार्क पर राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं, ताकि वह लोगों से वोट हासिल कर सकें। यूनिटी मॉल स्थापित करने के लिए भी कांग्रेस सरकार कार्य कर रही है, इस पर भी सुधीर शर्मा जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## प्रदेश सरकार को भारी पड़ेगी कर्मचारियों की अनदेखी: घनश्याम

**पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने 16 माह में नाकामियों के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सरकार कर्मचारी विरोधी साबित हुई है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने से अपना पल्लू झाड़ रही है। प्रदेश के विकास की रीढ़ रहे कर्मचारियों को उनका हक देने में प्रदेश सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है। प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों में कांग्रेस सरकार के प्रति भारी रोष पनपता जा रहा है। सरकार को कर्मचारियों की अनदेखी भारी पड़ेगी।

## पंजोल और लाहड़ी में बोले उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया

# कांग्रेस ने किया धार कंडी का विकास

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का स्वागत करते लोग।

उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को धारकंडी क्षेत्र के खरीडी मछलेनि, खुर्द दरीनी, घटारडा, पंजोल और लाहड़ी में कांगड़ा-चंबा लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में प्रचार किया। पठानिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कांगड़ा चंबा की जनता को मान सम्मान दिया जो आनंद शर्मा को लोकसभा का प्रत्याशी दिया। विधानसभा शाहपुर की जनता विकास के नाम पर वोट करेगी न कि झूठी पार्टी बीजेपी को। आनंद शर्मा को भारी मतों से जिता कर कांगड़ा-चंबा की जनता दिल्ली भेजेगी। धार कंडी क्षेत्र का विकास कांग्रेस पार्टी ने ही किया है और आगे भी कांग्रेस की सरकार ही करेगी। इस दौरान चेन सिंह वार्ड पंच, विजय कुमार,महेंद्र सिंह, सुशील कुमार,जैसी राम पूर्व वार्ड सदस्य,बिशो राम,व्यासा देवी,गासो राम,राकेश कुमार,पवन कुमार,बाबू राम, सचिन कुमार, रमेश चंद, अजय कुमार, जागरात सिंह, सुभाष चंद, फांदी राम, निक्कू राम आदि ने परिवार सहित भजापा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा। उन्हें कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूरा सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य रितिका शर्मा, अक्षय कुमार, उपप्रधान रजिंद्र शर्मा, पूर्व प्रधान निर्मल सिंह, शमशेर सिंह पठानिया, विजय कुमार, निर्मल सिंह पूर्व प्रधान, पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार, पूर्व प्रधान पवन कुमार, उपप्रधान निर्मल सिंह, चमन लाल, अर्जुन सिंह, आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

## माउंट कार्मेल स्कूल का रिजल्ट बेहतरीन

**बैजनाथ।** बैजनाथ उपमंडल के अग्रणी एवं जाने माने शिक्षण संस्थान माउंट कार्मेल स्कूल बैजनाथ का आईसीएससी का दसवीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के 102 बच्चों में से अधिकतम बच्चों ने 80 प्रतिशत से ज्यादा नंबरों में परीक्षा पास की। इनमें मयंक ठाकुर ने 95.40 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान,स्तव्य शर्मा ने 94.80 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा जबकि सानवी कटोच व शांभवी शर्मा ने 94.60 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के 102 बच्चों ने परीक्षा पास की। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल के निदेशक फादर एवं सिस्टर प्रिंसिपल ने सभी बच्चों व स्कूल के मेहनती शिक्षकों को बधाई दी।

**नुकसान** ग्राम पंचायत अब्दुलापुर में एकाएक भड़कीं लपटें, हजारों का नुकसान

# एक कनाल में आग से गेहूं की खेती राख

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



अब्दुलापुर में राख हुआ गेहूं का खेत।

विकास खंड कांगड़ा के तहत पड़ती ग्राम पंचायत अब्दुलापुर में एकाएक गेहूं के खेत में आग लग गई, जिससे लगभग एक कनाल में लगाई गई गेहूं जलकर राख हो गई,इससे हजारों रुपए का नुकसान हुआ है।

ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान संजय कांचा ने बताया कि सुरजीत कुमार पुत्र ओम प्रकाश वार्ड नंबर-6 अब्दुलापुर निवासी की एक कनाल भूमि पर लगाई गई गेहूं, जो कि पक कर तैयार हो गई थी, उसमें आग लग गई, जिससे सारी की सारी गेहूं जलकर राख हो गई। उन्होंने प्रशासन व सरकार से गुहार लगाई है कि इस गरीब किसान को नुकसान की भरपाई की जाए और सरकार की ओर से उसे उचित मुआवजा दिया जाए। मौके पर मौजूद लोगों द्वारा उसकी सूचना अग्निशमन विभाग कांगड़ा को दी गई। अग्निशमन विभाग कांगड़ा के इंचार्ज अशोक कुमार ने बताया कि हमें लगभग 1 बजकर 10 मिनट पर सूचना मिली। जैसे ही इसकी सूचना मिली उन्होंने अग्रिशमन की गाड़ी को उसी समय रवाना कर दिया। उन्होंने बताया कि जब उनकी टीम मौके पर पहुंची, तो स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। अग्निशमन विभाग कांगड़ा के कर्मचारियों ने मौके पर रिपोर्ट तैयार की। इस संबंध में हलका पटवारी नमता जम्वाल का कहना है कि गेहूं के खेत में आग लगने की सूचना मिली थी, मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया। लगभग एक कनाल में लगाई गेहूं जलकर राख हो गई है और लगभग हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि हमने रिपोर्ट तैयार कर आगे भेज दी है। (अनंत ज्ञान)

# भारत विकास परिषद की बैठक में फिजियोथेरेपी केंद्र खोलने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

भारत विकास परिषद नगरोटा बगवां शाखा की मासिक बैठक सोमवार को सीनियर सिटीजन हाल नगरोटा बगवां में शाखा प्रधान राज कुमार चड्ढा की अध्यक्षता में हुई। शाखा संपर्क प्रमुख अशोक गौतम ने बताया कि बैठक में परिषद के आगामी कार्यक्रमों और प्रोजेक्टों पर विस्तार से चर्चा की गई।

परिषद द्वारा साढ़े आठ लाख की नई एंबुलेंस खरीद संबंधी जो प्रोजेक्ट शुरू किया गया है उसमें दानी सज्जनों और शाखा के सदस्यों द्वारा उक्त खरीद हेतु दान राशि का ब्यौरा बैठक में रखा गया। बैठक में परिषद द्वारा संचालित सिलाई केंद्र की समस्याओं के विषय में भी चर्चा हुई। परिषद की बैठक में फिजियोथेरेपी केंद्र खोलने पर भी विचार-विमर्श हुआ। आने वाले समय में शाखा ने अपने क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है।

बैठक में दो नए सदस्यों रिटायर्ड प्रोफेसर अरुण कुमार सेंट्रल यूनिवर्सिटी और अशोक धीमान रिटायर्ड कंट्रोलर का स्वागत किया। बैठक में शाखा प्रधान के अतिरिक्त रिटायर्ड एक्सईएन आरके धीमान, केवल कौशल, देव वालिया, स्वर्णा वालिया, कुमुद मेहता, कीमत नागपाल, कृष्ण धीमान, अशोक धीमान, प्रोफेसर अरुण कुमार, सुभाष वर्मा, विजय लांबा उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

NOTICE

I Abhishek (21 years) S/o Rashpal Singh R/o Village Kathgarh, Tehsil Indora, Distt. Kangra (H.P.) solemnly declare that my name has been entered in all documents as Abhishek but shown in my Driving License No. HP 97 202100017383 issued by RLA Indora Tehsil Indora (H.P.) as Abhishek Singh. Abhishek and Abhishek Singh is one and same person. All note it.

## न्यूज ब्रीफ

### महल स्कूल प्रबंधन ने भारती को किया सम्मानित



**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल में हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा भारती ने 500 में से कुल 467 अंक आने पर स्कूल में सोमवार को सम्मानित किया गया। भारती ने विद्यालय के शिक्षकों और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा डोगरा ने भारती को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### दंगड़ी स्कूल में लगाई विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

**हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दंगड़ी में स्कूल के बच्चों ने ऊर्जा, पानी व पर्यावरण संरक्षण विषय पर विज्ञान मॉडल बनाकर प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने प्रथम दस स्थान प्राप्त विजेता छात्रों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### भोटा में की ऐतिहासिक नौण की सफाई

**भरेड़ी।** नगर पंचायत भोटा मे आज 150 वर्ष पुराने एतिहासिक नौण की नगर पंचायत अध्यक्षा सपना सोनी, उपप्रधान संजय धीमान समाजसेवी व रिटायर पीएनबी बैक केजीएम गुलशन वर्मा की अध्यक्षता मे विधि पुर्वक नौण की अंदर से साफ-सफाई की गई, ताकि लोगों को पीने के लिए साफ और स्वच्छ पानी मिल सके। इस ऐतिहासिक नौण मे दोनो तरफ से पानी बहता है। कुछ दिनों में इस एतिहासिक नौण में पानी का जलस्तर काफी कम हो गया था और एक तरफ से ही कम ही मात्रा वहा रहा था। जिससे भोटा के स्थानिय लोगों को ढेर सारी परेशानियों से जुझना पड रहा था। अब इस ऐतिहासिक नौण की अंदर से सफाई कर दी गई। अब दोनों तरफ से पानी वहा रहा है। इस ऐतिहासिक नौण से आज भी सात बार्डों के लोग व अन्य गांव से पानी भरने के लिए आते हैं।



### विहिप का शत-प्रतिशत मतदान अभियान शुरू

**हमीरपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् हिमाचल प्रदेश ने लोकतंत्र के महापर्व निर्वाचन में अपनी सक्रिय भागीदारी और जिम्मेवारी के तहत राष्ट्र हित में मतदान और शत प्रतिशत मतदान अभियान का शुभारंभ कर दिया हैं। हमीरपुर में आयोजित प्रांत कार्यकारिणी की बैठक के पश्चात विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत अध्यक्ष लेखराज राना ने बताया की धर्मिक और सामाजिक क्षेत्र में लंबे समय से विहिप अपनी जिम्मेदारी निभाता आया हैं। चुनावों की बेला में जब इस देश का हर नागरिक अपने संबिधान से मिले अधिकार का प्रयोग करने में पूरे देश में तत्पर हैं, तो हिमाचल में भी परिषद के सभी कार्यकर्ता इसमे सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान में संगठन के हजारों कार्यकर्ता बूथ स्तर तक जाकर न केवल जनमानस को मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे बल्कि मतदान राष्ट्र के हित में हो इससे भी अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहां की जैसी प्रजा होगी वैसे ही राजा होगा। उन्होंने कहा कि लोकमत ही लोकतंत्र को संरक्षित करता हैं। उन्होंने जनता को जाति और धर्म से ऊपर उठकर राष्ट्र हित में मतदान करने का आह्वान किया।

# भोटा बाजार में आवारा सांडों के आतंक से सहमे लोग

## बोले- प्रशासन जल्द समस्या से दिलाए छुटकारा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



भोटा में सड़क किनारे मौजूद आवारा सांड।

भोटा बाजार में आवारा सांडों के आतंक से व्यापारी और राहगीर सहमे हुए हैं। आवारा सांड आए दिन लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ये जहां किसानों की फसलों को तबाह कर रह हैं, वहीं सड़क पर चलते राहगीर, स्थानीय व्यापारी इनके आतंक से परेशान हो चुके है। क्योंकि कई लोग आवारा सांडों के हमले से अपनी जान गंवा चुके हैं।

स्थानीय लोगों और व्यापारियों का कहना है कि आवारा सांड पूरा दिन बाजार में घूमते रहते हैं। बाजार में बूढ़े, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे कभी भी इन आवर सांडों का शिकार हो सकते हैं। स्थानीय लोगों में अशोक कुमार, रीना देवी, सुरेश कुमार, राजू, सुनील, अनिल और बाजार के सभी व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि इन आवर सांडों का कोई न कोई बंदोबस्त किया जाए या किसी निजी गौशाला में इन्हें छोड़ जाए। और हमें इन आवर सांडों से छुटकारा दिलाया जाए।

स्थानीय व्यापारियों ने कई बार नगर पंचायत और पशु पालन विभाग को भी शिकायत कर चुके है, पर कोई समाधान अब तक नहीं हुआ है। वहीं उपनिदेशक पशुपालन विभाग अजय सिंह का कहना है कि आपके द्वारा मेरे ध्यान में यह बात लाई गई है। जल्द ही इस बारे स्थानीय लोगों और व्यापारियों से भी बात करेंगे तथा इस समस्या का समाधान करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### 'वोटरों को प्रलोभन या धमकी देने पर होगी एक साल की सजा'

**हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 और विधानसभा उपचुनावों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक करवाने के लिए जिला हमीरपुर में भी कड़े प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि जिला में आदर्श आचार संहिता की अवधि एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अगर कोई भी व्यक्ति धन एवं उपहार वितरण या अन्य प्रलोभन देकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास करता पाया गया, तो उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 171सी और 171 एफ के तहत एक साल का कारावास और जुर्माना हो सकता है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की तुरंत शिकायत के लिए जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जोकि 24 घंटे सक्रिय रहता है। कोई भी व्यक्ति इस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबरों 01972221277, 01972221377 और 01972 221477 पर शिकायत कर सकता है। टॉल फ्री नंबर 1950 पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

# मतदान के लिए जागरूक करने को डाकघरों में बनाए सेल्फी प्वाइंट



पोस्ट ऑफिस हमीरपुर में मतदान को लेकर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट के साथ गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर डाक विभाग को लोकसभा चुनावों के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने अपना भागीदार बनाया है, ताकि यादा से याद मतदान कर सकें। इसके लिए डाक विभाग रैलियों व प्रभात फेरियों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहा है।

डाकघर हमीरपुर मंडल के सहायक अधीक्षक सूरम सिंह बनियाल ने बताया कि डाकघर मंडल हमीरपुर के अधीन आने वाले बड़े डाकघरों में हमीरपुर, बिलासपुर और बड़सर में मतदान को लेकर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, ताकि जो भी लोग डाक करवाने के लिए पोस्ट ऑफिस आ रहे हैं वह सेल्फी प्वाइंट के साथ अपने फोटो खींचाकर सोशल मीडिया पर भी शेयर कर सकते है और मतदान में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करवा सकें। यही नहीं डाकघर हमीरपुर मंडल के अधीन आने वाले डाक घरों में भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए पोस्टर लगाए गए हैं।

इसके अलावा जिन डाकघरों में डिजिटल स्क्रीन है उनमें भी लोगों को मतदान के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है, ताकि लोक लोसभा चुनावों में ज्याद से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा सकें।

# 42 साल बाद बड़सर से राजपूत उम्मीदवार

## सुभाष ढटवालिया ने भरी हुंकार, दो टिकटार्थी कार्यकर्ता सम्मेलन में नहीं पहुंचे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



सुभाष चंद ढटवालिया

बड़सर विधानसभा क्षेत्र में 42 साल बाद कांग्रेस ने राजपूत उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। प्रत्याशी की घोषणा हो जाने के बाद अब इस क्षेत्र में चुनावी समीकरणों की स्थिति भी साफ होने लगी है। कांग्रेस के सुभाष ढटवालिया और भाजपा के इंद्र दत्त लखनपाल के बीच आमना-सामना होगा।

कांग्रेस प्रत्याशी ने सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर चुनावी रणनीति को भी अंजाम दिया। क्योंकि उनकी उम्मीदवारी का ऐलान बीती देर रात को हुआ था। आज की बैठक पहले से तय थी, इस बैठक में टिकट के लिए आवेदन करने वाले 18 लोगों में से दो कृष्ण चंद्र चौधरी और विशाल शर्मा मौजूद नहीं रहे। इनमें विशाल शर्मा युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके निर्दलीय चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया है, जबकि कृष्ण चंद चौधरी ने फिलहाल कार्यकर्ता सम्मेलन या फिर इस बैठक से दूरी बनाकर रखी।

गौर रहे कि टिकट की घोषणा बीती रात को हुई है और उनका नाम भी इसमें पहले से ही सुर्खियां बटोर रहा था लेकिन ऐन मौके पर सुभाष का टिकट फाइनल होना, पार्टी के भीतर कुछ न कुछ हलचल तो मचाएगा ही, लेकिन कांग्रेस के लिए गनीमत रही कि अन्य सभी नेताओं ने इसमें शिरकत की। (अनंत ज्ञान)

### 1983 में प्रेमचंद वर्मा लड़े थे चुनाव

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र से 1983 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर राजपूत उम्मीदवार के रूप में प्रेमचंद वर्मा को कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया था। उस समय मुख्यमंत्री का नारा भी इस क्षेत्र में चला था। शायद उसका इंपैक्ट बड़े नेताओं को 'चुभ' गया और इसका असर यहां पर जिस तरीके से हुआ, उसका फायदा भाजपा ने उठाया था। कुछ चुनाव में कांग्रेस की थोड़े ही मतों के अंतर से हार हो गई थी। तब से अभी तक कभी भी राजपूत उम्मीदवार को किसी भी दल ने विधानसभा के लिए नहीं उतरा। लंबे समय से ब्राह्मण उम्मीदवारों में ही आमना-सामना होता रहा है। अब क्योंकि सीएम सुक्खू ने इस क्षेत्र की मौजूदा भौगोलिक स्थिति को समझ कर सुभाष के रूप में राजपूत उम्मीदवार को चुनावी जंग में उतरने से वोटरों का जो ध्रुवीकरण करने का बीड़ा उठाया है। इसका असर आने वाले दिनों में निश्चित रूप में देखा जाएगा।

क्या कांग्रेस की यह 'तुरुप' चाल इंपैक्ट फुल होगी? इस पर चुनावी माहौल तैयार होने के बाद ही पता चल पाएगा, लेकिन इतना तय है कि जिस क्षेत्र से कांग्रेस ने सोची समझी रणनीति के तहत उम्मीदवार उतारा है, वह भी पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े हुए व्यक्ति के रूप में उसका लेखा-जोखा क्षेत्र की चुनावी रणनीति में नए सिरे से देखा जाएगा। इस क्षेत्र में राजपूत भी लगभग ब्राह्मण वोटरों की तादाद में ही बराबर की स्थिति में गिने जाते हैं। इसके सही आंकड़े तो हैं नहीं, लेकिन डी-लिमिटेशन के बाद क्षेत्र के जातीय समीकरणों में काफी बदलाव हुआ है और उसका पहली मर्तबा यह असर दिखाने का कांग्रेस पार्टी का प्रयास माना जा रहा है।

### पूर्व विधायक अनीता को सुजानपुर उपचुनाव के लिए बनाया को-ऑर्डिनेटर



**हमीरपुर।** महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व विधायक अनीता वर्मा को सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए कोऑर्डिनेटर लगाया गया है उनकी तैनाती तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। उधर सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस में जिन दो नेताओं गुलशन कुमार और सुभाष चंद की कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में जो तैनातियां हुईं थीं, वह फिलहाल लटक गई हैं। जिलाध्यक्ष सुमन भारती का कहना है कि उनकी अप्रूवल की इंतजार की जा रही है। अप्रूवल मिलते ही यहां दोनों तैनातियां लागू हो जाएगी।

### हमीरपुर स्कूल में 30 अध्यापकों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

**हमीरपुर।** आयुष्मान भारत के तहत चलाए गए स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण कार्यकम में छूटे हुए अध्यापकों की पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बाल स्कूल हमीरपुर में हुआ, जिसका शुभारंभ डाइट के उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार ने किया। इस मौके पर स्थानीय स्कूल की कार्यकारी प्रधानाचार्य सुषमा देवी भी उपस्थित रही। कार्यशाला के जिला समन्वयक पुनीत कुमार ने बताया कि सोमवार से प्रथम चरण मे 30 अध्यापकों की ट्रेनिंग शुरू की गई है, जबकि दूसरे चरण में शेष 30 अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि प्रत्येक स्कूल से दो-दो अध्यापक प्रशिक्षित हो सकें और सभी 275 स्कूलों में यह प्रोग्राम शुरू किया जा सके।

### वन रैंक-वन पेंशन दिलाएगा पूर्व सैनिक संगठन : जगदीश

**हमीरपुर।** पूर्व संगठन न केवल पूर्व सैनिकों के वन रैंक-वन पेंशन को सही रूप में दिलाने के लिए काम करेगा, बल्कि इसके अलावा पूर्व सैनिकों की उनसे संबंधित पेंशन के मामले, मेडिकल तथा सीएसडी कैंटीन संबंधित समस्याओं को भी संबंधित विभागों तथा सेना मुख्यालय नई दिल्ली से संपर्क कर उनका उचित हल निकालने के लिए कार्यरत रहेगा। यह बात पूर्व सैनिक संयुक्त मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने एक संयुक्त प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि गत 3 मई को संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश का भारतवर्ष के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 तथा हिमाचल प्रदेश के सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 2006 के अंतर्गत पंजीकरण हो गया है, जिससे इस पूर्व सैनिक संगठन को पूर्व सैनिकों, वीर नारियों व उनके आश्रित परिवारों के कल्याणकारी कामों को करवाने के लिए और मजबूती प्राप्त होगी। वर्मा ने बताया कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए जिला सैनिक वेलफेयर ऑफिसर्स, सैनिक वैलफेयर कॉरपोरेशन हमीरपुर तथा अन्य कई विभाग तो अवश्य खोल रखे हैं, परंतु इन विभागों द्वारा पूर्व सैनिकों के कार्यों को करने के उदासीनता ही दिखाई जा रही है।

# अपनी नाकामियों को छुपा रही कांग्रेस सरकार : इंद्रदत्त लखनपाल

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**



बड़सर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल समर्थकों के साथ।

बड़सर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल के चुनाव प्रचार अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है।

एक कार्यक्रम में उन्होंने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि यह बड़ा ही हास्यपद विषय है कि सूबे के मुख्यमंत्री जब कहते हैं कि भाजपा ने उनकी राज्यसभा की सीट चुरा ली। इसके अलावा कभी वह कहते हैं कि कांग्रेस के विधायकों को भाजपा ने अगवा कर लिया है, परंतु बयान देने से पहले उनको यह भी ध्यान रखना चाहिए। वो खुद मुख्यमंत्री हैं उनकी सरकार है, उनकी पुलिस है, उनकी सीआईडी है, उनका प्रशासन है और यह सब होते हुए भी आप ऐसी अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे है। इससे दिखता है कि आपकी सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो चुकी है। उन्होंने कहा कि हिमाचल का विकास भाजपा ने ही किया है, और आगे भी भाजपा ही करेगी। कांग्रेस सरकार अपनी नाकामियों को छुपा रही है।

उन्होंने कहा कि उन्हें जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वह बड़सर तो जीतेंगे ही लोकसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार अनुराग सिंह ठाकुर को भी भारी वढ़त दिलाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# रंगस स्कूल में आयोजित कार्यशाला में दी ई-कचरा प्रबंधन की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



रंगस स्कूल में आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला में भाग लेते स्टूडेंट्स व अन्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस में सूखा, गीला कचरा व इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में शोध संस्थान नेरी से शिवानी चौहान व आरती गंवारू ने सभी उपस्थित सदस्यों को कचरे से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने उपस्थित सदस्यों को स्कूलों में करवाए जा रहे विज्ञान से संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी।

स्कूल प्रधानाचार्य नरेश ठाकुर ने ईको क्लब प्रभारी मनोरमा ठाकुर, एसएमसी प्रधान अजय कुमार सहित समस्त सदस्यों व शिक्षक राजेश कुमार, दिलीप कुमार का कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

# सिंथेटिक खेल मैदान अणु में एथलेटिकस प्रतियोगिता 10 से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला एथलेटिक्स संघ की वार्षिक प्रतियोगिता 10 व 11 मई को सिंथेटिक खेल मैदान अणु में आयोजित होगी।

दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 10 मई को अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 व पुरूष व महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं होंगी। जबकि 11 मई को अंडर-8, अंडर-10 व अंडर-12 समूह में बालक व बालिकाओं दोनों के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित होगी। प्रतियोगिता के आधार पर जून माह में होने वाली प्रदेश् स्तरीय प्रतियोगिता व नार्थ जोन प्रतियोगिता के लिए भी खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

प्रतियोगिता में पंजीकरण करवाने की अंतिम तिथि 9 मई तय की गई है। इसके बाद किसी खिलाड़ी का पंजीकरण नहीं किया जाएगा। कोई भी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में नंगें पांव नहीं दौड़ेगा।

संघ के जिलाध्यक्ष पंकज भारतीय ने बताया कि खिलाड़ियों को अपने साथ आयु प्रमाण पत्र व आधार कार्ड की कॉपी लेकर आना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के संद्धर्भ में अधिक जानकारी के लिए खिलाड़ी, क्लब या फिर स्कूल महासचिव संदीप डडवाल के मोबाइल नंबर 94180-57867 या फिर संगठन सचिव विजय राणा से फोन नंबर 94180-601×4 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जिला भाजपा उपाध्यक्ष ने गिनाईं अनुराग ठाकुर की उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्रेस कॉन्फ्रेंस मेंमौजूद जिला भाजपा नेता।

जिला भाजपा के उपाध्यक्ष विजयपाल सोहारू ने कहा है कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में हुए विकास और मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की जो साख बढ़ी है, उसी के बूते चुनाव लड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को इस बार पहले के मुकाबले में ज्यादा मतों से विजयी बनाएंगे, क्योंकि उनके कार्यकाल में कई कई विकास कार्य हुए हैं। सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा किसभी बड़े और महत्वपूर्ण अस्पतालों को ऑक्सीजन प्लांट्स दिए जा चुके हैं। ऊना से वंदे भारत ट्रेन शुरू की गई। नादौन और सलोह में केंद्रीय विद्यालयों के भवनों/इमारतों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और बंगाणा के भी केंद्रीय विद्यालय का निर्माण 50 प्रतिशत पूरा हो गया है। बद्दी, भानुपाली, बिलासपुर रेलवे लाइन का कार्य प्रगति पर है। किरतपुर-नेरचौक फोर लेन रोड बनकर तैयार हो चुका है। मटौर से शिमला फोर लेन रोड़ का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इसके अलावा उन्होंने अनुराग ठाकुर की बहुत सारी उपलब्धियों को गिनाया।

इस मौके पर प्रभारी कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश चोपड़ा, जिला महामंत्री अजय रिंटू, विधि प्रकोष्ठ के संयोजक अनिल जायसवाल संसदीय क्षेत्र संवाद समिति सदस्य विक्रम वनियाल, विक्रांत भारद्वाज, अनीश ठाकुर व जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर बताए मोबाइल के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

आधुनिक दुनिया में बच्चे जन्म से ही डिजिटल दुनिया से जुड़े रहते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि आज के समय में अधिक्तर बच्चे मोबाइल देखकर खाना खाते हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि लगातार स्क्रीन टाइम दिमाग को कितना नुकसान पहुंचा सकता है।

यह बात करियर प्वांइट यूनिवर्सिटी के ड्रामेटिक क्लब व जूलॉजी विभाग के सहयोग आयोजित मोबाइल लत जागरूकता शिविर के दौरान फीट टू फायर डांस स्टूडियो के प्रबंध निदेशक अमित भाटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए कही। असिस्टेंट प्रो. सोनिका ने बताया कि स्टूडेंटस द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरुक किया गया। उन्होंने बताया कि मोबाइल ने जहां लोगों के जीवन को सुखमय बनाया है, वहीं इसने कई बीमारियों को भी जन्म दिया है। मोबाइल से निकलने वाला रेडिएशन सभी के स्वास्थ्य के लिए बहुत घातक है।

नाटक के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि कैसे मोबाइल फोन ने हमारे जीवन पर कब्जा कर लिया है और हमारे जीने के तरीके को बदल दिया है। अपने करीबी लोगों के साथ व्यवहार बदल रहा है। इसलिए आवश्यकता पड़ने पर ही मोबाइल का प्रयोग करना चाहिए। हो सके तो मोबाइल को शरीर से दूर रखना चाहिए। इस अवसर पर ड्रॉमेटिक क्लब की सदस्य डॉ. दीक्षा भी मौजूद थी।

**ट्रेनिंग** मतदान केंद्रों पर तैनात महिला अधिकारियों के लिए जिला परिषद हॉल में उपमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# महिला अधिकारियों को दी निर्वाचन प्रक्रिया, ईवीएम-वीवीपैट की जानकारी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मतदान प्रक्रिया के दौरान एक जून को केवल महिला अधिकारियों द्वारा संचालित किए जाने वाले मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाली महिला पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों के लिए सोमवार को यहां जिला परिषद हॉल में उपमंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों का मार्गदर्शन करते हुए एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के सहायक निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली को बारीकी से समझें और अगर कहीं पर भी कोई शंका है तो मास्टर ट्रेनर से पूरी जानकारी हासिल करें, ताकि मतदान के दिन किसी भी तरह की समस्या या अनावश्यक विवाद पैदा न हो। सोनी ने बताया कि महिला अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया एवं ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए 14 मई को भी उपमंडल स्तरीय पूर्वाभ्यास आयोजित किया जाएगा।

इस अवसर पर ईवीएम-वीवीपैट के मास्टर टेऊनर विजय चौहान ने महिला अधिकारियों को ईवीएम-वीवीपैट की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की। सुरजीत चौहान और अरुण कतना ने भी महिला अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया और मतदान केंद्रों पर किए जाने वाले विभिन्न प्रबंधों की जानकारी दी गई।

### चुनावी खर्चे की सही गणना करें एईओ और अकाउंटिंग टीमें

**हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने संसदीय क्षेत्र स्तर, जिला स्तर और विधानसभा क्षेत्र स्तर के सहायक व्यय पर्यवेक्षकों (एईओ) और अकाउंटिंग टीमों के प्रभारियों को सभी उम्मीदवारों एवं राजनीतिक दलों के चुनावी खर्चों पर कड़ी नजर रखने तथा इन खर्चों की सही गणना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिला हमीरपुर में लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी होने की पूर्व संध्या पर सभी आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा करते हुए संसदीय क्षेत्र 3-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी ने ये निर्देश दिए। उन्होंने प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया में राजनीतिक विज्ञापनों और पेड न्यूज के मामलों की निगरानी तथा विज्ञापनों के प्रमाणीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणीकरण एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से संबंधित अधिकारियों को भी विज्ञापनों एवं पेड न्यूज के संभावित मामलों पर कड़ी नजर रखने तथा इस तरह के मामले सामने आने पर तुरंत एईओ को रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए, ताकि इनसे संबंधित खर्चे को भी चुनावी व्यय में शामिल किया जा सके। इस दौरान चुनावी व्यय की गणना से संबंधित अन्य पहलुओं के संबंध में भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इस अवसर पर एसपी पदम चंद, एडीसी मनेश यादव, जिला राजस्व अधिकारी जसपाल सिंह, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**NOTICE**

**I Sukanya Devi** (56 yrs) w/o Hem Raj, Vill. Amroh P.O. Bahal, Teh. Galore Distt. Hamirpur (H.P.) Solemnly declare that I have changed my name Sukanya Devi Alias Pinki Sharma to Sukanya Devi in my husband,s passport All concerned note it.

# हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त घोषित होने की दहलीज पर ऊना जिला

## आधिकारिक घोषणा से पूर्व डीसी ने जिले की सभी पंचायतों और शहरी निकायों से मांगी फाइनल रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

ऊना जिला अस्वच्छ शौचालय और इससे जुड़े हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त जिला घोषित होने की दहलीज पर है। इस आशय की आधिकारिक घोषणा से पहले डीसी जतिन लाल ने जिले की सभी पंचायतों और शहरी निकायों से फाइनल रिपोर्ट मांगी है।

वह हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध एवं उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सर्वे समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अधिनियम के तहत यह कुप्रथा देशभर में प्रतिबंधित है। उपायुक्त ने जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को संबंधित ग्राम पंचायतों से और शहरी निकायों के सचिवों को सभी नगर परिषदों व नगर पंचायतों से उनके क्षेत्र में अस्वच्छ शौचालय और इससे जुड़े हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा के संबंध में वस्तुस्थिति की जानकारी लेकर 2 दिन में रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे पंचायतों और


डीसी पंचायतों और नगर निकायों के सचिवों के साथ बैठक करते हुए।

शहरी निकायों से मैला ढोने की प्रथा से मुक्त होने का प्रमाण पत्र लें, अन्यथा इस संबंध में डेटा प्रस्तुत करें। वहीं, उन्होंने जिला कल्याण अधिकारी को जिला स्तरीय सर्वे समिति के सभी सदस्यों से भी यह प्रमाण पत्र लेने के निर्देश दिए जिसमें वे स्पष्ट कहें कि हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा का कोई मामला उनके संज्ञान में है या नहीं।

बता दें, पूर्व में जिले की कुछ पंचायतें तथा नगर परिषदें अपने क्षेत्र में इस प्रकार का कोई भी मामला नहीं होने की जानकारी दे चुके हैं। वहीं, इसे लेकर प्रशासन द्वारा प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में भी आम नागरिकों से इस संबंध में प्रासंगिक जानकारी अथवा दावा प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था, जिसमें लोगों से किसी भी प्रकार का कोई दावा नहीं आया था।

अब आधिकारिक घोषणा से पहले डीसी ने जिले की सभी पंचायतों और शहरी निकायों से रिपोर्ट मांगी है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त जिला घोषित करने के आशय की सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की जाएगी। इसमें आम नागरिकों से इस संबंध में प्रासंगिक जानकारी अथवा दावा प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाएगा। सार्वजनिक सूचना प्रकाशित होने के बाद 15 दिन में यदि प्रशासन के समक्ष कोई दावा नहीं आता है तो इसके बाद ऊना को हाथ से मैला उठाने की कुप्रथा से मुक्त जिला घोषित किया जाएगा तथा अंतिम रूप से इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, परियोजना अधिकारी डीआरडीए शैफाली शर्मा, जिला सांख्यिकी अधिकारी हरमिंदर सिंह, सहायक अभियंता जल शक्ति होशियार सिंह, ईओ एमसी मैहतपुर बसदेहड़ा वर्षा चौधरी, कनिष्ठ अभियंता नगर पंचायत अंब प्रमोद सिंह, सचिव नगर पंचायत दौलतपुर हर्ष गुप्ता, टाहलीवाल विजय सिंह व गगरेट सुषमा रानी, सैनेटरी सुपरवाइजर तथा एमसी ऊना विजय कुमार सहित समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।

# गगरेट-कुटलैहड़ उपचुनावों के लिए एसडीएम कार्यालय में दाखिल होंगे नामांकन

**ऊना।** हिमाचल में लोकसभा चुनाव समेत विधानसभा उपचुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया 7 मई को आरंभ हो जाएगी। नामांकन पत्र 14 मई तक दाखिल किए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि लोकसभा के लिए नामांकन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी डीसी हमीरपुर के पास होगी। वहीं, जिले में गगरेट तथा कुटलैहड़ के उपचुनावों के लिए संबंधित उपमंडल के एसडीएम निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। विधानसभा उपचुनाव को लेकर नामांकन उन्हीं के कार्यालय में लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि 11 और 12 मई को अवकाश के दिन नामांकन नहीं होंगे। 7, 8, 9, 10 और 13 और 14 मई को सुबह 11 से सायं 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। 15 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। 17 मई को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, उसी दिन 3 बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी कर दिए जाएंगे। पहली जून को सुबह 7 से सायं 6 बजे तक मतदान होगा और 4 जून को मतगणना की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी प्रक्रिया के अनुसार 7 मई को प्रातः 11 बजे से पूर्व फार्म-1 में चुनाव की सूचना जारी करेंगे। उन्हें नामांकन से संबंधित फार्म-3ए को प्रतिदिन अपडेट करने और दोपहर 3.15 बजे से पहले निर्वाचन पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारी नामांकन वापसी के बाद चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची वाले फार्म-7ए की सावधानीपूर्वक जांच करके उसकी प्रतियां 17 मई को सायं 3.30 बजे तक मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को ई माध्यम से पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे।

# 'भोले दी बारात चली सज धज के' पर झूमे श्रद्धालु


माता भगवती जागरण में भजन गायक बंटी शहजादा प्रस्तुति देते हुए।

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

नौजवान कल्याण केंद्र संतोषगढ़ द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 29वां विशाल भगवती जागरण का आयोजन करवाया गया। नौजवान कल्याण केंद्र संतोषगढ़ के प्रधान विनोद पुरी ने बताया है कि माता जी की पूजा-अर्चना की गई और झंडा चढ़ाया गया। जागरण में मां की दिव्य ज्योति मां वैष्णो देवी से लाई गई, जो कि शाम को प्रज्वलित की गई।

प्रधान ने बताया है इस जागरण में एनआरआई युवाओं द्वारा इस जागरण में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं। हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। जागरण में लविश लव व बंटी शहजादा अपनी मधुर आवाज से मां का गुणगान किया। बंटी शहजादा ने भोला को कैसे में मनायुं, भोले दी बारात चली सज धज के, जे मां हुंदी ज्योंदी पूछदी हाल मेरा आदि भेटों से श्रद्धालुओं को नाचने के लिए मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर प्रधान विनोद पुरी, भूषण, राजेश कौशल नितीश, राहुल कौशल योगेश पुरी, पुष्प कौशल, धूमनी घेड़िया, मनीष पुरी, तेजस्वी, संजय पुरी, रोहित चौधरी, मुकेश पूरी मंगू , योगेश पुरी, राहुल कौशल, नीतीश पुरी, संजू पुरी, पंकज पुरी, साहिल सच्चर, राहुल शर्मा, गिरीश सोनी, नरेश पूरी, रोबिन राणा, रोहित, साहिल सेनी, नवजोत सिंह, नरिंद्र, वंश भूचाल, पुष्कर, तेजस्वी, सामीर, राजेश जतिन, रिशु, रमनी कौशल, पराग घेड़िया, नीरज शर्मा, सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिंगा स्कूल के मेधावी छात्र किए सम्मानित

**हरोली।** हरोली उपमंडल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिंगा में सिंगा पंचायत के प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बाबा द्वारा बाहरवीं कक्षा में बाहरवीं कक्षा में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र को 1100, द्वितीय स्थान पर आने वाले छात्र को 700 व तृतीय स्थान पर आने वाले को 500 रुपए ईनाम स्वरूप दिए। उन्होंने कहा कि दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण रहने वाले सभी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। यह प्रक्रिया आगामी वर्षों तक चलती रहेगी। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य राकेश कुमार, एसएमसी सदस्य होशियार सिंह, आशा देवी, कुलदीप सिंह, कमल सिंह, राकेश कुमार, रमा रानी, उषा कौंडल, गुरप्रीत कोर, निशा, प्रतिभा कुमारी सहित अन्य ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।


सिंगा स्कूल के मेधावी छात्रों के साथ प्रधान तथा अन्य।

### ठठल में मेधावी छात्रों सहित परिजन सम्मानित


ठठल स्कूल में मेधावी बच्चों के साथ अध्यापक और अभिभावक।

**अंब।** स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठठल में वारवहीं कक्षा के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा मेधावी छात्रों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया। गौर हो कि विज्ञान स्ट्रीम में भारती ने 500 में से 481 अंक प्राप्त किए और सानिया चौधरी ने 480 अंक प्राप्त किए और वाणिज्य स्ट्रीम में ईशा कुमारी ने 408 अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### सेक्स स्कैंडल के खिलाफ निकाला कैंडल मार्च

**संतोषगढ़।** हरोली महिला कांग्रेस ने कर्नाटक में हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ सामने आए यौन उत्पीड़न और बलात्कार के आरोपों के विरोध में टाहलीवाल बाजार में कैंडल मार्च का आयोजन किया। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने इस मार्च के माध्यम से उन महिलाओं के लिए न्याय की मांग की, जिन्होंने रेवन्ना के खिलाफ अपनी आवाज उठाई है। मार्च में शामिल लोगों ने मोमबत्तियां और प्लेकार्ड्स उठा रखे थे, जिन पर न्याय की मांग लिखी हुई थी। इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और समर्थन प्रदान करना था। हरोली महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुमन ठाकुर ने कहा हमें उन महिलाओं का साथ देना है, जिन्होंने बहादुरी से अपने खिलाफ हुई घटनाओं के बारे में बोला है। उनकी सुरक्षा और निजता की रक्षा के साथ ही उन्हें न्याय भी मिलना चाहिए। इस मार्च में न केवल महिलाएं बल्कि पुरुष भी शामिल हुए, जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी एकजुटता दिखाई। स्थानीय प्रशासन और पुलिस भी मार्च के दौरान मौजूद थी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

## ऊना की सीनियर क्रिकेट टीम का ऐलान


**ऊना।** ऊना जिले की सीनियर क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी गई है, जिसमें अमित कुमार, अमनप्रीत सिंह, पृथ्वीराज, नितिन शर्मा, पूर्व राज, गौरव, अभिनव शर्मा, राघव आगरा, राघव अग्निहोत्री, दीप सिंह, रुशील, अंकुश बेदी, मेहश सिंह ठाकुर, राघव बाली, सुनंदन, विनय कुमार, आर्यन, केशव, पंकज, ऋतिक कालिया, अनिकेत, अभिषेक, अंकित भारद्वाज, मेहरदीप सिंह, अनिरुद्ध, शारदा, अंकित कलसी, अंकुश, प्रियांशु शर्मा को शामिल किया गया है।

### ऊना का पारा 40 डिग्री के पार

**ऊना।** ऊना जिले में सोमवार को कड़ाके की गर्मी पड़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जिले में अधिकतम पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। अधिकतम 40.4 डिग्री, जबकि न्यूनमत भी 17.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इससे पहले लगातार दो दिनों से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। रविवार को भी जिले में अधिकतम तापमान में 39.2 डिग्री दर्ज किया गया था, जबकि न्यूनतम भी 15.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ था। बीते शनिवार को अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सोमवार को सुबह से ही गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया था। दोपहर होते-होते जिला मुख्यालय में सड़कें सुनसान हो गईं, जबकि बाजारों से भी रौनक पूरी तरह से गायब थी। चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ था। पंखे और कूलर भी जवाब दे रहे थे। गर्मी से बेहाल स्कूली बच्चे भी भरी धूप में घरों तक पहुंच रहे थे। हालांकि देर शाम होते होते मौसम में कुछ बदलाव भी देखने को मिला है। उधर, मौसम विभाग के समन्वयक विनोद शर्मा का कहना है कि लगातार गर्मी के बाद बारिश होने के भी आसार बने हुए हैं।

# कुटलैहड़ में भाजपा की सुनामी : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

- **कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर बूथ स्तर पर भाजपा कर रही प्रचार : राजकुमार**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में हर एक मत भाजपा के पक्ष में डालकर कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो और हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से अनुराग सिंह ठाकुर लगातार पांचवीं बार पांच लाख की बढ़त से जीत दर्ज करवाएंगे।

ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा मंडल के उपाध्यक्ष एवम पिपलू वार्ड से बीडीसी सदस्य राजकुमार ने बूथ घलू और झगरोट में डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहे। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को प्रचंड बहुमत से जिताएं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के भरकम आर्थिक सहायता राज्य सरकार को प्रदान की गई, लेकिन फिर भी राज्य सरकार की आर्थिक तंगी नहीं गई।

14 माह में 28 हजार करोड़ का कर्ज लेकर राज्य सरकार केवल मित्रों को खुश करने में लगी रही और राज्य की जनता त्राहि-त्राहि करती रही। राजकुमार ने कहा कि 300 यूनिट बिजली फ्री , महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह, दो किलो गोबर, सौ रुपए किलो दूध 14 माह में सरकार ने नहीं खरीदा। उन्होंने कहा कि आज कुटलैहड़ विस क्षेत्र में जनता कांग्रेस सरकार से दुखी होकर भाजपा ज्वाइन कर रही है और भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रही है। अब भारत का हर नागरिक भाजपा के संग चल पड़ा है। इस मौके पर स्थानीय प्रधान, उपप्रधान एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।


पिपलू में जन संपर्क अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता।

# बाबा पहाड़िया मंदिर में भंडारा 18 को, तैयारियों में जुटी कमेटी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमुडा कॉलोनी चौक बंगाणा पर बाबा पहाड़िया मंदिर कमेटी द्वारा 18 मई को वार्षिक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

मंदिर कमेटी के प्रवक्ता आदित्य शर्मा ने बताया कि बाबा पहाड़िया मंदिर से हजारों परिवारों की आस्था जुड़ी हुई है। इस कारण हर वर्ष जेष्ठ मास के प्रथम शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाने लगा। देश के प्रथम उद्यमी अंकुश बरजाता ने बताया कि बाबा पहाड़िया मंदिर में 18 मई को दस बजे झंडा रस्म होगी।

इसके बाद कीर्तन दरबार सजेगा और बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन बाबा अशोक कुमार एवंम उत्तरी भारत के प्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा जी शिरकत करके भजन-कीर्तन एवं सत्संग से भक्तों को निहाल करेंगे। आप सभी भंडारे और कीर्तन दरबार में सादर आमंत्रित हैं।


हिमुडा कॉलोनी स्थित बाबा पहाड़िया मंदिर, जहां पर हर वर्ष विशाल भंडारा लगता है।

# गगरेट भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन के लिए बनाई रणनीति

## अनुराग ठाकुर बतौर मुख्यातिथि करेंगे शिरकत, बताएंगे अपनी व केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**अनंत ज्ञान, अंब**

गगरेट भाजपा ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजीव राजू ने की, जबकि इस अवसर पर गगरेट विधानसभा उपचुनाव हेतु भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा, उत्तराखंड से भाजपा विधायक सुरेश सिंह घड़िया, प्रभारी पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, सहप्रभारी नवीन धीमान एवम जिला परिषद सदस्य सुशील कालिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

ब्रह्मपुर रेलवे पुल के समीप श्रद्धा पैलेस में मंगलवार सुबह 9 बजे होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को दायित्व सौंपे गए। विदित रहे कि पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर मुख्यातिथि के रूप शिरकत करेंगे। भाजपा प्रत्याशी


सम्मेलन को लेकर आयोजित बैठक में रणनीति बनाते भाजपा प्रत्याशी व अन्य कार्यकर्ता।

चैतन्य शर्मा ने बताया कि मंगलवार को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर मंडल भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर रणनीति बनाई गई है।

उन्होंने समस्त भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि सम्मेलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए इसे यादगार बनाए। उत्तराखंड से विधायक सुरेश सिंह घड़िया ने कहा कि भाजपा का प्रत्याशी कमल का फूल है और बिना किसी चर्चा और सोच विचार के कमल के फूल के लिए जुट जाएं। उन्होंने आह्वान किया कि लोकसभा चुनाव में अनुराग ठाकुर और विधानसभा उपचुनाव चैतन्य शर्मा की जीत पक्की करने के लिए जुट जाएं ताकि देश एवं प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन सरकार बन सके।

उधर, प्रभारी पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं को अनुशासन में रहकर विधानसभा उपचुनाव एवं लोकसभा चुनाव के लिए जुट जाने की घुट्टी पिलाई, साथ ही भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि सोशल मीडिया में पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ किसी भी तरह की खुद पोस्ट डालने से बचें और अगर कोई फेक आईडी का सहारा लेकर भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ पोस्ट डालता है तो उसका जबाब जरूर दें।

उन्होंने कहा कि गगरेट में भाजपा की जीत सुनिश्चित है और विरोधी पक्ष चैतन्य शर्मा पर चाहे जितने मर्जी झूठे आरोप लगा लें, जनता उनके झूठे वादों में नहीं आएगी और देश और प्रदेश में भाजपा सरकार बनकर रहेगी क्योंकि जनता कांग्रेस नीयत और नीति दोनों से परेशान है। इस अवसर पर राममूर्ति शर्मा, विजय चौधरी, पवन लंबरदार, सह विस्तारक विनोद एवं आलोक के अलावा अजय ठाकुर, सन्नी पटियाल इत्यादि उपस्थित रहे।

**आयोजन** कुटलैहड़ में 50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छोड़ा कांग्रेस का दामन, भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल

# विधायकों की सुनते तो आज दौड़ने की बजाय कार्यालय में काम करते सीएम : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

राज्य सरकार के साथ खेला होने के बाद अब सीएम हर मंच से 15 करोड़ सूटकेस की बातें करने में जुटे हुए हैं। अगर सीएम मेरे देवतुल्य कुटलैहड़ की जनता की बात सुन लेते और काम करते तो शायद कुछ दिन सरकार के और कट जाते, लेकिन अब पछताए होत क्या, जब चिड़िया चुग गईं खेत। अब राज्य सरकार का कुछ नहीं हो सकता है जिसकी बिदाई तय है।

ये शब्द कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने नारी, डेरा बाबा रुद्रानंद आदि पंचायतों में जन सभाओं को संबोधित करते हुए कहे। भुट्टो ने कहा कि चार जून को सुक्खू सरकार की बिदाई तय है। राज्य में सरकार बनते ही हमने कुटलैहड़ के विकास को लेकर कुटलैहड़ की जनता के साथ चर्चा करके एक विकास का खाका तैयार किया था


कार्यक्रम में मौजूद देवेंद्र भुट्टो व अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता।

और सीएम के साथ बैठकर लंबी चर्चा की थी। हमने साफ शब्दों में कहा था कि चुनावी समय में हमने जनता से ये वादे किए हैं और कुटलैहड़ की जनता ने विश्वास करके विस चुनावों में हमें बड़ी बढ़त से चुनाव जिताया है, इसलिए अब राज्य कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई दस गारंटियों के साथ हमने जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करने के लिए इतने धन की जरूरत है। 14 माह के कार्यकाल में सीएम की तरफ से केवल आर्थिक तंगी और पैसे का रोना ही रहा। न कुटलैहड़ के लिए कोई इंस्ट्री पैकेज न सड़कों के लिए धन, न खेल मैदान के लिए कोई प्रावधान किया।

उन्होंने कहा कि हमने बंगाणा सीवरेज के कार्य को पूरा करने के लिए 90 लाख, 15 स्कूलों के लिए डेढ़ करोड़ करोड़, अन्य पूर्व जयराम सरकार के समय चले कार्यों को पूरा करने के लिए दो करोड़ का एस्टीमेट बनाकर भेजा, लेकिन 14 माह में सरकार की तरफ से कोई स्वीकृति नहीं मिली। हम ने जो विधायक निधि और नाबार्ड से मिले धन पर बीते काल में कुटलैहड़ में विकास की सरकार चलाई। भुट्टो ने कहा कि जब हमारे कहने से न कोई तबादला न विकास के लिए धन न ही कुटलैहड़ की जनता का कोई मान-सम्मान सरकार न करे तो उस सरकार का साथ देना हमारी फिदरत में नहीं है।

वहीं, इस मौके पर कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में डेरा बाबा रुद्रानंद नारी जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो की कारगुजारी को देखते हुए करीब 50 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हुए है। सभी भाजपा में शामिल हुए लोगो का कहना है कि हमने एक तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस वर्ष के कार्यकाल और दूसरा कुटलैहड़ से जो भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जो पहले 14 माह का विधायक कार्यकाल में जनता के काम किए हैं और बिना किसी राजनीति द्वेष भावना से जनता के सुख-दुख में हिस्सेदारी निभाई है। हम उससे बहुत प्रभावित हुए हैं। कुटलैहड़ में कांग्रेस पार्टी नाम की कोई पार्टी नहीं रही है, इसलिए हमने अब भाजपा और देवेंद्र कुमार भुट्टो को चुनकर भाजपा में शामिल हुए हैं।

इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा चुनाव प्रभारी संजीव कटवाल, मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, बलराम बबलू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर, जिला पार्षद सदस्य निशा भुल्लर के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए हो रहा काम : सुषमा ठाकुर

जिला भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष सुषमा ठाकुर ने कहा कि कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो कर्मठ ऊर्जावान ईमानदार और समाजसेवी के रूप में बीते तीस वर्षों से कुटलैहड़ की जनता के बीच काम कर रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि भाजपा एक बड़ा संगठन है और भाजपा पार्टी कोई व्यक्ति विशेष भी नहीं है। भाजपा हाईकमान ने जिसे प्रत्याशी बनाकर भेजा है, हमारा धर्म है कि हम उनकी जीत के लिए काम करें क्योंकि देवेंद्र भुट्टो तो हमारे बड़े भाई है। भाजपा के लिए इकठ्ठे काम किया है। आज जो कुटलैहड़ में भाजपा की आंधी चली है, यह बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो चुकी है। कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो बढ़ी बढ़त से विधायक बनकर दूसरी बार विधानसभा पहुंचेंगे।

# स्टोन क्रशर से शातिरों ने बीस लाख रुपए उड़ाए

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिले के हरोली उपमंडल के तहत गोंदपुर बुल्ला गांव स्थित एक स्टोन क्रशर उद्योग के कार्यालय में लाखों रुपए की चोरी होने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पुलिस ने इस मामले को लेकर उद्योग के अकाउंटेंट की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले की जांच शुरू कर दी है।

हालांकि, शिकायतकर्ता अकाउंटेंट ने अपने ही अधीन काम करने वाले तीन लोगों पर चोरी करने का संदेह जताया है। पुलिस ने उनसे गहन पूछताछ की है। मामला हल होने की संभावना है। स्टोन क्रशर उद्योग पर अकाउंटेंट का काम करने वाले राजस्थान के सीकर जिला के निवासी निर्मल सिंह ने शिकायत में बताया कि वह रोजाना काम निपटाने के बाद पंजाब के नंगल अपने आवास पर चले जाते हैं। इसी बीच जब वह अपनी रूटीन के तहत काम पर पहुंचे तो उन्होंने उद्योग के प्रशासनिक भवन का दरवाजा खुला पाया। हालांकि, वह अपने अधीन काम करने वाले कर्मचारियों के यहां पहुंचने के बारे में सोच ही रहे थे, इतने में उनका एक जूनियर मौके पर पहुंचा।

उन्होंने अपने कर्मचारियों से ताला न लगने के बारे में पूछा तो उसने केयरटेकर पर बात डाल दी। कुछ ही देर में इस प्रशासनिक भवन में उनके अतिरिक्त दाखिल होने वाले तीनों कर्मचारी पहुंच गए, लेकिन जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो ऑफिस में पड़ी अलमारी का ताला न खुलने की सूरत में उसकी कुंडी को ही तोड़ दिया गया, जबकि उस अलमारी में से करीब 20 लाख रुपए से भरे तीन बैग गायब थे। पुलिस ने इस मामले में शिकायत पर जांच शुरू कर दी है।

## संपादकीय

# एचपीटीडीसी की खराब माली हालत

हिमाचल में 55 होटलों का संचालन कर रहे हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) की माली हालत ठीक नहीं है। इसकी 31 इकाइयों की वित्तीय स्थिति बहुत खराब है। हैरानी की बात तो यह है कि चिंतपूर्णी, ज्वालाजी, चंबा, बिलासपुर, कुल्लू-मनाली, शिमला, धर्मशाला-मैक्लोडगंज व औद्योगिक क्षेत्र परवाणू तक के होटल घाटे में हैं। होटल कारोबार मुख्यत: सैलानियों पर निर्भर करता है। ऐसा नहीं है कि हिमाचल में आने वाले सैलानियों की संख्या घट रही है। यहां पर्यटक तो आ रहे हैं, लेकिन वे निजी वोल्वो बसों में बैठकर प्राइवेट होटलों को अधिमान दे रहे हैं। पर्यटन से पैसा तो आ रहा है, लेकिन वह सरकारी खजाने की बजाय निजी हाथों में जा रहा है। कहने को एचपीटीडीसी व हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम (एचआरटीसी) के पास बेहतरीन स्टाफ तथा उच्च काबिलियत के अधिकारी हैं, पर उनकी यह काबिलियत निगम और सरकार को घाटे से उबारने में नाकाम साबित हो रही है। एचपीटीडीसी प्रबंधन में ऐसी समझ की कमी है, जो पल-पल बदलते पर्यटन उद्योग की जरूरतें समझ सके।

अगर बात करें पर्यटन नगरी धर्मशाला की तो यहां एचपीटीडीसी की पांच इकाइयों में से तीन घाटे में हैं। यहां बौद्ध धर्म गुरु दलाईलामा का प्रवास, प्रवासी तिब्बती सरकार का मुख्यालय होने के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम है, जहां साल भर कोई न कोई क्रिकेट प्रतियोगिता होती रहती है। इन आयोजनों के दौरान निजी होटल तो खूब कमाई करते हैं, लेकिन हिमाचल पर्यटन निगम अपनी निचले स्तर की अधोसंरचना और मानसिकता से निजात नहीं पाना चाहता। इन होटलों में लोग तभी आते हैं, जब सभी निजी होटल बुक हो जाते हैं। सरकारी होटलों को अगर कुल्लू-मनाली, शिमला या मैक्लोडगंज जैसे पर्यटन क्षेत्रों में भी घाटे की माला ही पहननी पड़े तो सरकार को इस पर जल्द ध्यान देना होगा। प्रदेश भर में घाटे के होटलों की श्रृंखला बनाने की बजाय इनकी उपयोगिता बढ़ाने पर ध्यान देना होगा।

आश्चर्य की बात तो यह है कि एचपीटीडीसी की धार्मिक स्थलों की इकाइयां या यात्री निवास जैसे बजट होटल भी घाटे में हैं। कारण यही कि इन परिसरों को कमजोर प्रदर्शन के लिए छोड़ दिया गया है। हिमाचल पर्यटन निगम चाहे तो इसके होटल परवाणू या बीबीएन में वे सुविधाएं दे सकते हैं, जिसके लिए पर्यटक और औद्योगिक घरानों से जुड़े लोग चंडीगढ़ या पंचकूला का रुख करते हैं। प्रदेश के हर शहर और कस्बे में पर्यटन निगम वेडिंग जोन, कॉन्फ्रेंस एरिया, शॉपिंग परिसर तथा वे साइड फूड मार्ट स्थापित करे, तो निगम की वित्तीय स्थिति में काफी सुधार हो सकता है।

एचपीटीडीसी के होटलों की बुकिंग अगर एचआरटीसी की अंतरराज्यीय बसों की बुकिंग के साथ जोड़ दी जाए, तो सरकारी होटलों की ऑक्यूपेंसी भी बढ़ सकती है। अगर एचआरटीसी व पर्यटन निगम का एमडी एक ही अधिकारी हो तो हिमाचल आने वाले यात्री पर्यटक बन जाएंगे। कायदे से हिमाचल को अपने दर्जनों बस अड्डों को पर्यटक, मनोरंजन एवं सिटी सेंटर तथा महापार्किंग स्थलों के रूप में विकसित करना होगा, ताकि हर पर्यटक वहां पहुंचकर सर्वप्रथम सरकारी होटलों में ठहरने को प्राथमिकता दे। इसमें कोई दोराय नहीं कि हिमाचल पर्यटन निगम के होटलों में बेहतरीन खाना परोसा जाता है। साथ ही यह प्रदेश के स्थानीय व्यंजनों की ब्रांडिंग भी कर रहा है, लेकिन चाहकर भी पर्यटक को हम यह संदेश नहीं दे पा रहे कि हिमाचली थाली के मायने क्या हैं। एचपीटीडीसी अगर शिद्दत से हिमाचली थाली, सिड्डू, कचौरी व क्षेत्रीय खाद्य व्यंजनों की महफिल सजा दे, तो पर्यटक ही एचपीटीडीसी के सारे घाटे को खत्म कर देगा, लेकिन ये सब करने के लिए जबरदस्त प्लानिंग की जरूरत है और यह तब होगा जब एशियन डेवलपमेंट बैंक की फंडिड परियोजनाओं में राजनीतिक दुरुपयोग नहीं होगा। कम से कम पर्यटन व धार्मिक स्थलों पर तो सरकारी होटलों की छवि सुधारनी होगी, ताकि घाटे में चल रहे इस निगम की माली हालत सुधर सके। ■

# नुकसानदेह है वेब सीरीज का बढ़ता जुनून

सिनेमा अभिव्यक्ति का सर्वाधिक प्रभावशाली एवं सशक्त माध्यम है। हमारे देश में वर्षों से सामाजिक, धार्मिक, पारिवारिक एवं ऐतिहासिक विषयों पर बड़ी संख्या में फिल्मों का निर्माण किया गया है। फिल्म जगत मनोरंजन के साथ-साथ हमारे देश की संस्कृति, सभ्यता और नए युग को प्रदर्शित करता है। फिल्म ही एक ऐसा माध्यम है, जिसके जरिए लोग हर चीज से प्रभावित होते हैं। चाहे वह रहन-सहन, खानपान या भौतिकता से जुड़ी कोई भी बात हो। एक समय था, जब हम मनोरंजन के लिए घर में फिल्में बड़े आनंद से देखा करते थे। पहले फिल्में बहुत ही साधारण, सरल एवं संस्कार युक्त होती थीं, जिन्हें घर के सभी सदस्य मिलजुलकर बड़े चाव से देखते थे।

अधिकांश फिल्में रोमांस से परिपूर्ण और हास्यप्रद होती थीं, जिन्हें देखकर दर्शक काफी मनोरंजन करते थे। प्रकृति के सुंदर नजारों और हसीन वादियों में फिल्मों का फिल्माना आंखों को सुकून देता था। धीरे-धीरे बड़े पर्दे पर फिल्म देखने का चलन बढ़ा। लोग बड़े-बड़े सिनेमा घरों में फिल्मों का आनंद लेने लगे। दरअसल भारतीय फिल्में जातिवाद, भ्रष्टाचार राजनीति और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक मुद्दों पर बनती रही हैं, जिन्हें देखकर समाज में जागरूकता का भाव उजागर होता था। समय बदलने के साथ-साथ दर्शकों के नजरिए बदले, धीरे-धीरे फिल्मों की कहानियां और उन्हें फिल्माने के तरीके भी बदल गए। धीरे-धीरे फिल्मों के स्वरूप में परिवर्तन होने लगा। फिल्मों की शूटिंग हसीन वादियों की जगह विदेशों के महंगे पर्यटन स्थलों पर होने लगी। स्वस्थ मनोरंजन की जगह हिंसा, मारधाड़, स्टंट और अश्लीलता ने ले ली। वर्तमान दौर की अगर हम बात करें तो सोशल मीडिया पर आजकल वेब सीरीज का वर्चस्व है। वेब सीरीज धारावाहिक की एक ऐसी श्रृंखला है, जो टीवी चैनल की बजाय ऑनलाइन उपलब्ध होती है। मुख्य रूप से आठ-दस कड़ियों वाली यह श्रृंखला वेब सीरीज कहलाती है। वेब सीरीज के लिए कई सारे ऐप्स, ओटीटी प्लेटफॉर्म उपलब्ध हैं, जिन पर आप बड़ी आसानी से वेब सीरीज देख सकते हैं। सिनेमा की तरह इन्हें सेंसर बोर्ड की कोई समस्या नहीं होती। वेब सीरीज में भी समाज का परिदृश्य ही दिखाया जाता है, पर बिलकुल खुले तौर पर यही बात इन वेब सीरीज को खास बना देती है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

वेब सीरीज की जब शुरुआत हुई थी, तब आपको इन्हें देखने के लिए अतिरिक्त पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं होती थी। अपने इंटरनेट प्लान के डाटा से ही आप वेब सीरीज का आनंद ले सकते थे, लेकिन धीरे-धीरे जब इनकी मांग बढ़ी तो नेटफ्लिक्स, अमेजॉन प्राइम, हॉट स्टार जैसे सभी प्लेटफार्म ने अपने-अपने हिसाब से अपना एक सब्सक्रिप्शन तय कर दिया। मनोरंजन के साधन का यह बदलता स्वरूप समाज में लोगों पर अपनी गहरी छाप छोड़ रहा है। अभी कोरोना काल में पंचायत सीरीज काफी चर्चित रही। इसमें पंचायत सेक्रेटरी की समाज में कैसी भूमिका रहती है तथा गांव में किन-किन मुश्किलों का सामना उसे करना पड़ता है, इस सीरीज में समस्त ग्रामीण परिवेश की पृष्ठभूमि को धरातल पर उतारा गया है। लॉकडाउन में रिलीज इस सीरीज में फुलेरा गांव की कहानी को बखूबी पटल पर दिखाया गया है, जो सबके दिलों को छू गई थी। दो सीजन आने के बाद लोग आज भी तीसरे सीजन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। स्कूल कॉलेज के छात्रों को इतनी अपनी एग्जाम की चिंता नहीं होती है, जितना उन्हें इंतजार रहता है कि वेब सीरीज के अगले सीजन में क्या होगा? इसमें गांव की कहानी और सेक्रेटरी की मनोदशा का बिलकुल सटीक चित्रण किया है, लेकिन गाली-गलौच और अभद्र भाषा का खुलकर प्रयोग किया है, जिसे परिवार के साथ देखने में हिचकिचाहट होती है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सारी वेब सीरीज रिलीज होती हैं। ऐसे में सीने प्रेमी रिव्यूज पढ़ने के बाद ही वेब सीरीज देखते हैं। कुछ ऐसे भी होते हैं, जो आईएमडीबी रेटिंग देखने के बाद ही वीकेंड पर वेब सीरीज देखने का प्लान बनाते हैं। आईएमडीबी यानी 'इंटरनेट मूवी डेटाबेस'। आईएमडीबी रेटिंग लोगों के बीच इतनी लोकप्रिय है कि इसकी रेटिंग और रिव्यू को सीरीज, फिल्मों आदि की सफलता और असफलता का पैमाना माना जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा डेटाबेस कहे जाने वाला आईएमडीबी के पास दुनिया भर की फिल्मों, टीवी प्रोग्राम आदि की जानकारी होती है, जहां रजिस्टर्ड यूजर रेटिंग और रिव्यू देते नजर आते हैं। वर्तमान समय में स्कैम 1992, द फैमिली मैन, कोटा फैक्ट्री, पंचायत, क्रिमिनल जस्टिस आदि सीरीज शीर्ष स्थान पर रह चुकी हैं।

किसी ने कहा है कि यदि किसी राष्ट्र को समाप्त करना हो तो उसकी संस्कृति और भाषा को समाप्त कर दो, राष्ट्र स्वत: ही नष्ट हो जाएगा। क्या यह सचमुच में हो रहा है? विकृत और अनावृत भाषा युवाओं को पथ भ्रष्ट कर रही है। अभद्र भाषा के साथ-साथ बर्बरता, दरिंदगी बेरहमी से हत्या के दृश्य तथा नशे को सरेआम दिखाया जा रहा है, जिसका बालमन तथा युवा वर्ग पर बहुत विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यह इंटरनेट के सबसे ताजा और घातक हथियार हैं, जिनके द्वारा परोसी गई तथाकथित मनोरंजन की सामग्री पीढ़ियों से संचित भाषा के मान को पल भर में ध्वस्त कर देने का काम कर रहे हैं और साथ ही यह हमारे समाज में पुष्पित संस्कारशील युवा की पौध को समूल नष्ट करने का सामर्थ्य भी रखते हैं। यह एक चिंतनीय विषय ही नहीं अपितु अक्षम्य अपराध भी है। ये शो इतनी आसानी से पास क्यों हो रहे हैं? जिस तरह फिल्मों के लिए सेंसर बोर्ड काम करता है, उसी तरह इन वेब सीरीज पर अंकुश लगाने के लिए भी किसी तरह का कोई प्रावधान होना चाहिए।

साहित्य और सिनेमा समाज के दर्पण होते हैं। ये ऐसे माध्यम हैं, जिनमें समाज को बदलने की ताकत सबसे अधिक होती है। हमारा समाज एवं युवा वर्ग भी सिनेमा की नकल करता आया है। उसमें जो कुछ दर्शाया जाता है, इससे सामाजिक परिवेश तथा युवा वर्ग पर उसकी गहरी छाप पड़ती है। अभी हाल ही में विधु विनोद चोपड़ा द्वारा निर्देशित फिल्म '12वीं फेल' रिलीज हुई थी। यह एक प्रेरक कहानी थी, जो बच्चों को प्रेरित करती है कि हम विपरीत परिस्थितियों में भी अपने दृढ़ संकल्प से अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। अगर किसी में कुछ करने का जज्बा हो तो कितनी भी चुनौतियां, असफलताएं आपके रास्ते का रोड़ा बन जाएं, लेकिन फिर भी हमें धैर्यशील होकर सफलता तक पहुंचना है। इससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे युवा वर्ग को काफी प्रेरणा मिली थी। वर्तमान समय में इस फिल्म को अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणादायक बनाने के लिए विशेष रूप से स्कूलों में दिखाया जा रहा है। फिल्में ऐसी बननी चाहिएं, जो हमारे युवा वर्ग एवं समाज का मार्ग प्रशस्त कर सकें, जिन्हें देखकर हमारी युवा पीढ़ी संस्कार युक्त बनें। बड़ों,बुजुर्गों का आदर करना सीखें। हम सबको मिलजुलकर आदर्श स्वस्थ समाज बनाने के लिए अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार डालने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए ऐसी फिल्में, वेब सीरीज, जिनसे इंसान में हिंसक एवं आसुरी प्रवृत्ति का संचार हो, उनका सख्ती से विरोध होना चाहिए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा?

कांग्रेस नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव न लड़ पाने की हिम्मत के बाद आखिर परंपरागत रायबरेली से नामांकन दाखिल कर दिया। यह बात सही है कि राहुल गांधी के अमेठी छोड़ने के बाद कांग्रेस राजनीति में कोई ठोस संदेश देने में सफल नहीं हो रही थी, जिसके कारण कांग्रेस के कई नेता अमेठी के बारे में बोलने से किनारा करने लगे थे।

अब राहुल गांधी अपने दादा फिरोज खान, दादी इंदिरा गांधी और मां सोनिया गांधी की विरासत को बचाने के लिए मैदान में आ गए हैं। यहां सवाल यह नहीं है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस ने रायबरेली को क्यों चुना, बल्कि सवाल यह है कि राहुल गांधी ने अमेठी को क्यों छोड़ा।

क्या वास्तव में राहुल गांधी को फिर से अपनी पराजय का डर लगने लगा था? अगर यह सही है तो फिर ऐसा क्यों है कि राहुल गांधी हर बार अपने लिए सुरक्षित स्थान की तलाश क्यों करते हैं। उल्लेखनीय है कि जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अमेठी में अपनी जमीन खिसकती दिखाई दी, तब

उन्होंने एकदम सुरक्षित लगने वाली सीट केरल की वायनाड को चुना। वहां से चुनाव जीते जरूर, लेकिन अमेठी की हार कांग्रेस परिवार की हार थी, जिसे कांग्रेस आज तक भुला नहीं पाई है। ऐसे में कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी को अमेठी से चुनाव लड़ाना खतरे से खाली नहीं था। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी के नामांकन जमा करने के समय जिस प्रकार से बड़े नेताओं का जमघट लगा, वह भले ही जनता में प्रभाव डालने के लिए किया हो, लेकिन इससे यह भी राजनीतिक संदेश सुनाई दे रहा है कि अब रायबरेली की सीट भी कांग्रेस के लिए आसान नहीं है।



लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह इसलिए भी कहा जा सकता है कि वहां लगभग सभी बड़े नेता उपस्थित हुए। यहां तक कि प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रोबर्ट वाड्रा भी कांग्रेस के विरासती राजनेता के तौर पर उपस्थित हुए, ऐसे में एक सवाल यह भी आता है कि एक ही परिवार के चार व्यक्तियों को कांग्रेस के बड़े नेताओं के रूप में प्रचारित करना निसंदेह कांग्रेस पर परिवारवादी होने को ही प्रमाणित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

### तुम ठंडी, शीतल छांव सी हो



प्रो. विधु भारद्वाज, जोगिंद्रनगर

*ये दुनिया झुलसाती धूप,*
*तुम ठंडी, शीतल छांव सी हो।*
*सबके गुनाहों, खामियों को गिनाता, यहां हरेक शख्स*
*अपनी खूबियों पर इतराता सा है, कांटों से ज्यों फूल चुनती*
*बस इक तुम ही मेरी इस्मत को सराहती सी हो।*
*कोई भाई की पनाह में है,*
*तो कोई मां-बाप की हिफाजत में,मौज में है,*
*अपने में ही तुम सा है, मेरे*
*सूनेपन को बस इक तुम ही,*
*बेगरज प्यार से सराबोर करती सी हो।*
*अफसोस, आंसुओं, मुस्कुराहटों के झमेले में यहां हर चेहरा उलझा सा है*
*मतलब, खुदगरजी में डूबा यहां हर इंसान लाश सा है,*
*बस इक तुम ही*
*खुदा के वजूद को जायज करती सी हो*
*ये दुनिया झुलसाती धूप,*
*तुम ठंडी, शीतल छांव सी हो।*

# रबींद्रनाथ टैगोर के उपदेश, शिक्षा, साहित्य रचनाएं आज भी जीवित

**जयंती विशेष**

आधुनिक भारतीय विचारक रबींद्रनाथ टैगोर की ख्याति मुख्यत: विश्व प्रसिद्ध कवि, लेखक, साहित्यकार, चित्रकार तथा कलाकार के रूप में है। रबींद्रनाथ टैगोर जो महान विद्वान, उपन्यासकार तथा भारतीय संस्कृति को विश्व स्तर पर एक पहचान दिलाने वाले विश्व कवि थे। भारत के महान सपूतों में से एक रबींद्रनाथ टैगोर बहुआयामी प्रतिभा संपन्न व्यक्ति थे। कवि, चिंतक, अध्यापक तथा नाटककार के रूप में उन्होंने अपने समय के समाज को पूर्ण गहराई से समझा। रबींद्रनाथ टैगोर का जन्म 7 मई, 1861 को कोलकाता में हुआ। विश्व कवि रबींद्रनाथ टैगोर का जन्मदिवस वैशाख के 25वें दिन मनाया जाता है। नोबेल पुरस्कार प्राप्तकर्ता रबींद्रनाथ टैगोर की जयंती संपूर्ण भारत में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई जाती है।

टैगोर ने अपने लेखों के माध्यम से मानव मूल्यों के बारे में जो विचार प्रकट किए हैं, वे राजनीतिक चिंतन की दृष्टि से भी कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। रबींद्रनाथ टैगोर व्यक्ति की सकारात्मक स्वतंत्रता पर विशेष बल देते थे। टैगोर तथा महात्मा गांधी दोनों एक-दूसरे के व्यक्तित्व का आदर व प्रशंसा करते थे। रबींद्रनाथ टैगोर को गुरुदेव की उपाधि महात्मा गांधी ने दी थी तथा टैगोर ने महात्मा गांधी को महात्मा कहा। रबींद्रनाथ टैगोर ने भारत के राष्ट्रगान 'जन गण मन' के साथ-साथ बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' की भी रचना की। 1913 में उनकी रचना 'गीतांजलि' के लिए टैगोर को साहित्य के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विश्वकवि रबींद्रनाथ टैगोर के दार्शनिक वक्तव्यों के संकलन में 'साधना' एक प्रमुख कृति है। इसके अंतर्गत नियम और स्वतंत्रता की समस्या पर विस्तृत विचार किया गया है।



लेखक : लकेश चंदेल
अध्यापक, बिलासपुर

टैगोर के अनुसार व्यक्ति के अस्तित्व के दो रूप हैं, एक तरफ उसका भौतिक अस्तित्व जो विश्व के नियमों से बंधा है। अत: यहां वह अन्य व्यक्तियों के समान है।

दूसरी ओर उसका अध्यात्मिक अस्तित्व है, जो उसे अन्य व्यक्तियों से अलग व अद्वितीय स्थिति प्रदान करता है। अत: आत्म निर्णय ही स्वतंत्रता का सार तत्व है। किसी भी तरह की विवशता के अधीन किया गया कार्य स्वतंत्रता का निषेध है। टैगोर के अनुसार स्वतंत्रता की कामना मनुष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाती है। स्वतंत्रता कभी भी धूमिल वातावरण में नहीं रह सकती। रबींद्रनाथ टैगोर ने बहुत ही सुंदर शब्दों में कहा है कि गुड़ता की स्थिति से मुक्ति पाने के लिए बीज अंकुरित होने को छटपटाता है।

फूल की कली भी खिलने को मचलती है। इसी तरह मनुष्य भी अपनी विवशता से मुक्ति पाने के लिए कठिन प्रयास करता है। विवशता दूर हो जाने के बाद जो कार्य मनुष्य को आनंद प्रदान करता है, उसे करना ही स्वतंत्रता है। आनंद प्रकृति का सार तत्व है तथा सृजनात्मक आनंद मनुष्य का परम धर्म है। अज्ञान से मुक्त होकर ही मनुष्य स्वतंत्रता के रस का स्वाद प्राप्त करता है। संश्लेषणात्मक सार्वभौमवाद सिद्धांत भी गुरुदेव रबींद्रनाथ टैगोर की देन है, जो राष्ट्रवाद को अंतरराष्ट्रीय वाद के साथ मिलाकर मानववाद को बढ़ावा देता है। टैगोर को बचपन से ही प्राकृतिक वातावरण में रहना बहुत पसंद था। वह हमेशा सोचते थे कि प्रकृति के बीच में ही विद्यार्थियों को अध्ययन कराया जाना चाहिए, अपनी इसी कल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से उन्होंने पेड़ों-बगीचों के बीच और एक पुस्तकालय के साथ पश्चिम बंगाल में शांति निकेतन नाम की एक शैक्षणिक और सांस्कृतिक संस्था की भी स्थापना की तथा आगे चलकर 1921 में विश्व भारती विश्वविद्यालय की स्थापना की।


रबींद्रनाथ टैगोर ने 1919 में जलियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में अपनी नाइटहुड की उपाधि वापस कर दी। सच्चाई के महत्व को बताते हुए रबींद्रनाथ टैगोर ने बड़े ही अच्छे शब्दों में कहा है कि वह मनुष्य बड़ा भाग्यवान है, जिसकी कीर्ति उसकी सत्यता से अधिक प्रकाशमान नहीं है। रबींद्रनाथ टैगोर ने बड़े ही मधुर शब्दों में कहा है कि मैं सोया और स्वपन देखा कि जीवन आनंद है, मैं जागा और देखा कि जीवन सेवा है, मैंने सेवा की और पाया कि सेवा आनंद है। माना जाता है कि रबींद्रनाथ टैगोर ने लगभग 2230 गीतों की रचना की है और उनके गीतों को रविंद्र संगीत कहा जाता है। 2011 में हावर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने विश्व भारती विश्वविद्यालय के साथ अंग्रेजी में उपलब्ध टैगोर के कार्यों का सबसे बड़ा संकलन 'द एसेंशियल टैगोर' को प्रकाशित करने हेतु सहयोग किया है।

रबींद्रनाथ टैगोर ने नियमों का उल्लेख करते हुए कहा है कि जैसे कोई खिलाड़ी खेल के नियमों का पालन करते हुए एक ही खेल का सच्चा आनंद प्राप्त करता है, वैसे ही कोई मनुष्य या स्वयं ईश्वर भी उपयुक्त नियमों का पालन करते हुए आनंद से परिपूर्ण होता है। स्वतंत्रता ऐसे नियम स्वीकार नहीं करती, जो मनुष्य पर बाहर से थोपे गए हों तथा शरीर आत्मा का पिंजरा नहीं है, यह ऐसा साधन है जिसके माध्यम से मनुष्य अपने अंदर दिव्य प्रेरणा जगाकर आत्म साक्षात्कार प्राप्त कर सकता है। साहित्य के अलावा चित्रकला और संगीत के क्षेत्र में टैगोर की महारत रही। रबींद्रनाथ टैगोर जी 7 अगस्त, 1941 को इस दुनिया से चल बसे, लेकिन आज भी उनके जीवन उपदेश, शिक्षा, साहित्य रचनाएं तथा मार्गदर्शिका हमारे समक्ष जीवित हैं।

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय लेखक पन्नालाल पटेल

**पन्नालाल** नानालाल पटेल एक भारतीय लेखक थे, जिन्हें गुजराती साहित्य में उनके अहम योगदान के लिए जाना जाता है। उन्हें 1985 में ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था। उनके कुछ कार्यों का अनुवाद किया गया और साथ ही नाटकों और फिल्मों में रूपांतरित किया गया। उनका जन्म 7 मई, 1912 को मांडली गांव (अब डूंगरपुर, राजस्थान) में नानाशा उर्फ नानालाल और हीराबा, अंजना चौधरी परिवार में हुआ था। वह अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके पिता एक किसान थे और अपने गांव में रामायण, ओखाहरण और अन्य पौराणिक कहानियां सुनाया करते थे। इससे उनके घर को विद्या का निवास उपनाम मिला। बचपन में ही उनके पिता की मृत्यु हो गई और उनकी मां हीराबा ने बच्चों का पालन-पोषण किया। गरीबी के कारण उनकी शिक्षा अनेक कठिनाइयों के साथ आगे बढ़ी। स्कूल के दिनों में उनकी मित्रता उनके सहपाठी उमाशंकर जोशी से हुई। उन्होंने अपना पहला उपन्यास अहमदाबाद में घरेलू नौकर के रूप में काम करते हुए लिखा था। उन्होंने अपनी पहली लघु कहानी शेठ नी शारदा (1936) लिखी। बाद में उनकी कहानियां कई गुजराती पत्रिकाओं में प्रकाशित हुईं। 1940 में उन्हें उनके पहले उपन्यास वलमाना (द सेंड-ऑफ) के लिए पहचान मिली। 1971 में, उन्होंने अपने दो बेटों के साथ अहमदाबाद में एक प्रकाशन कंपनी साधना शुरू की। 6 अप्रैल, 1989 को ब्रेन हेमरेज के कारण अहमदाबाद में उनकी मृत्यु हो गई ।



पन्नालाल पटेल
जन्म : 7 मई, 1912
मृत्यु : 6 अप्रैल 1989

## अपनी बात

**भारत** का कृषि क्षेत्र, इसकी अर्थव्यवस्था की आधारशिला है और 55 प्रतिशत से अधिक आबादी की आजीविका को प्रभावित करता है, जो इसे राष्ट्रीय सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बनाता है। चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक देश होने के बावजूद, इस क्षेत्र को चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, खासकर फसलोत्तर प्रबंधन और बाजार पहुंच संबंधी। इन चुनौतियों को समझते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जुलाई 2020 में कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) का शुभारंभ किया, जिसका लक्ष्य बुनियादी ढांचे को बढ़ाकर घाटा कम करना और नवाचार को बढ़ावा देकर इस क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। पंजाब के हरे-भरे खेतों से लेकर तमिलनाडु के उद्योगी खेतों तक, कस्टम हायरिंग सेंटर, गोदामों और कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं सहित असंख्य परियोजनाएं सामने आईं।

एआईएफ का गहरा प्रभाव रहा है। गांवों में, जहां अन्न भंडार भरने लगे, शीत भंडारों में परिश्रम के उत्पाद संरक्षित होने लगे और फसलोत्तर नुकसान में कमी आने लगी। बेहतर बुनियादी ढांचे से संपन्न किसानों ने पाया कि उनकी उपज को अधिक कीमत मिल रही है, उनकी आय मानसूनी नदियों की तरह बढ़ रही है।

**–साहिल कुमार, कांगड़ा**


**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# 'विवाह' भारतीय समाज की मजबूती का आधार

आधुनिक सभ्यता के प्रभाव शुभ नहीं हैं। जीवन के सभी आयामों में आधुनिकता का बुरा प्रभाव पड़ रहा है। परिवार खूबसूरत संस्था है, लेकिन आधुनिकता की चपेट में है। वस्तुत: आधुनिकता प्राचीनता का ही हिस्सा है और उसी का विकास है। भारत प्राचीन सभ्यता है। इस सभ्यता का सतत् विकास हुआ है। आधुनिकता और प्राचीनता को खंडों में नहीं बांटा जा सकता। प्राचीन सभ्यता से विकसित होकर बनने वाली आधुनिकता स्वागत योग्य है, लेकिन वर्तमान भारत की आधुनिकता में विदेशी सभ्यता की वरीयता है। यह प्राचीन भारतीय सभ्यता, दर्शन और अनुभूति को पिछड़ापन मानती है।

उधार की विदेशी आधुनिकता ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों को कुप्रभावित किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले ही भारत की संस्कृति और सभ्यता का विकास हो चुका था। भारतीय सभ्यता में परिवार आत्मीय संगठन थे। परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रहने और रमने के सूत्र आज भी दिखाई पड़ते हैं। विवाह पवित्र सामाजिक संस्कार है। इसके विकास में काफी समय लगा होगा। यह सतत् प्रवाहमान सामाजिक विकास का परिणाम है। विवाह ही प्राचीन समाज की मजबूती का आधार रहे हैं। वे स्त्री और पुरुष के बीच स्नेह बंधन में बंधे हुए थे। अब उधार की आधुनिकता ने 'लिव इन' नाम का दुखद दृश्य प्रस्तुत किया है।

'लिव इन' दोनों को संताप में रखता है। भारतीय समाज परिवारों में ही विकसित हुआ है। परिवार के सभी सदस्यों के सुख-दुख एक समान रहे हैं। सब साथ-साथ रहते थे, साथ-साथ उत्सव मनाते थे। वरिष्ठ नई पीढ़ी के साथ आनंदित रहते थे। वृद्ध ऐसे परिवारों के संचालक, नीति निर्माता और मुखिया रहे हैं, लेकिन उधार की सभ्यता के कारण परिवार के सदस्यों के मध्य अंतर्संवाद व अंतर्संगीत नहीं है। सब अलग-अलग रहना चाहते हैं। उधार की विदेशी आधुनिकता के कारण उपयोगितावाद मार्गदर्शी हो रहा है।



लेखक : हृदयनारायण दीक्षित
यूपी विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

जीवन की सांझ में वृद्ध उपयोगी नहीं दिखाई पड़ते। वृद्ध अकेले हैं। माता-पिता और अन्य वरिष्ठ प्राचीन भारतीय सभ्यता में आदरणीय रहे हैं। आधुनिक विदेशी सभ्यता के प्रभाव में परिवार के वरिष्ठ जनों का आदर घटा है। वृद्धों की सेवा पुत्रों-पौत्रों का दायित्व है। परिवार के सदस्य वरिष्ठों को घर में छोड़कर अलग रहते हैं। वृद्ध उपयोगी नहीं हैं। वे स्वयं अपना शरीर भी नहीं संभाल पाते। शारीरिक जीर्णता के साथ मानसिक संताप भी जुड़े हैं। वृद्ध मानसिक अवसाद में हैं। संवेदनाएं कुचालक हो गई हैं। परस्पर आत्मीयता घटी है। पश्चिम की सभ्यता आधुनिकता बनकर समाज तोड़ रही है। ऐसी सभ्यता से जुड़े विद्वान भारत में स्त्री की उपेक्षा का आरोप लगाते हैं। पश्चिम प्रभावित भारतीय विद्वान नोट कर सकते हैं कि वैदिक काल में नारी की स्थिति कार्यपालक अधिकारी जैसी है। ऋग्वेद में कहते हैं,'यह नारी पूरे परिवार की प्रतिष्ठा वृद्धि करने वाली हो।' देवों से स्तुति है कि, 'इसे संतति युक्त सौभाग्यशाली बनाएं।' फिर सामूहिक आशीर्वाद देते हैं, 'आप सास, ससुर, ननद व देवर की साम्राज्ञी बनें। पूरे परिवार की स्वामिनी बनें।' प्राचीन काल में स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं। युद्ध साधारण कर्म नहीं है। आधुनिक विदेशी सभ्यता स्त्रियों को सम्माननीय दर्जा नहीं देती। इस सभ्यता ने उन्हें पुरुष से भिन्न अलग वर्ग बनाने के प्रयास किए हैं। वैदिक काल में स्त्री और पुरुष साथ-साथ काम करते हैं। वैदिक समाज का सर्वाधिक प्रिय पेय है सोम। ऋग्वेद के अनुसार पति-पत्नी दोनों मिलकर सोम पीसते हैं और साथ-साथ सोमरस का आनंद लेते हैं। साथ-साथ देव स्तुतियां भी गाते हैं। पत्नियां अपने पतियों के साथ पर्व उत्सवों में हिस्सा लेती थीं।

जन्म और मृत्यु के बीच बड़ा फासला नहीं होता। सामान्यतया 60 वर्ष की आयु में वृद्धावस्था प्रकट हो जाती है। वृद्ध होना सबकी नियति है। सभ्यता और संस्कृति में वृद्धों के सम्मान को महत्वपूर्ण कर्तव्य बताया गया है। महाभारत के यक्ष प्रश्नों में माता-पिता को श्रेष्ठ स्थान दिया गया है। हमारे भीतर माता और पिता दोनों की उपस्थिति है, लेकिन जीवन की सांझ में वे एकाकी हैं। वे चाहते हैं कि पौत्र और पौत्रियां उनका हालचाल लें। उनसे बातें करें। वे डांटें तो हम उनकी डांट खाकर भी प्रसन्न रहें। वृद्धों के पास जीवन अनुभव होते हैं। ऋग्वेद के एक सुंदर मंत्र में सभी वरिष्ठों को नमस्कार किया गया है, 'इदं नम: ऋषेभ्य: पूर्वजेभ्य: पूर्वेभ्य: पथिकृदभ्य:–ऋषियों को नमस्कार है। पूर्वजों को नमस्कार है। वरिष्ठों व मार्गदर्शकों को नमस्कार है।' (ऋग्वेद 10.14.15) वरिष्ठों के सम्मान का यही तत्व महाभारत में भी है। कहते हैं कि, 'वह सभा, सभा नहीं है जिसमें वृद्ध नहीं हैं। वह वृद्ध वृद्ध नहीं हैं, जो धर्मतत्व नहीं जानते।' उधार की विदेशी सभ्यता ने इस परंपरा को उपयोगितावाद के हवाले कर दिया है। यह शुभ नहीं है। भारत को प्राचीनता के गर्भ से जन्म लेने वाली आधुनिकता की आवश्यकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# वर्चुअल बैठक करवाने पर भड़के पार्षद, किया मीटिंग का बहिष्कार

पुष्पराज, मंडी

नगर निगम मंडी में एक बैठक का आयोजन किया जाना था और सभी पार्षदों को सूचित भी किया गया था कि यह बैठक नगर निगम कक्ष में होगी, लेकिन मोबाइल पर सुबह 11 बजे यह सुचना सभी पार्षदों को मीली की यह बैठक उपायुक्त के आदेशानुसार वर्चुअल माध्यम से की जाएगी।

वहीं नगर निगम मंडी के पार्षद हरदीप सिंह राजा ने सवाल किया कि बिना आदेशों के मीटिंग क्यों बुलाई गई यदि यह वर्चुअल माध्यम से ही होनी थी। जिसके कारण करीब 10 पार्षदों ने इस वर्चुअल मीटिंग का बहिष्कार किया। बैठक में सुनेमान बनाम सरकार मामले और आपदा की तैयारियों को लेकर चर्चा की जानी थी।

इस बैठक में केवल 3 पार्षद और महापौर ने ही हिस्सा लिया जिससे कोरम पूरा न होने पर यह मीटिंग मान्य नहीं हो पाई।(अनंत ज्ञान)

## कूड़े की नई गाड़ियों पर पार्षदों ने उठाए सवाल




नगर निगम क्षेत्र में आई नई गाड़ियां

### हर माह नगर निगम पर पड़ेगा 3 लाख 66 हजार 510 रुपए का बोझ

## नई गाड़ियों को लेकर बहुत से पार्षद नाराज



पार्षद हरदीप सिंह राजा का कहना है कि नई गाड़ियों का टेंडर बिना हाउस में चर्चा किए ही दे दिया गया। बैठक में यह मुद्दा भी प्रमुख्ता से उठाया जाना था। कूड़ा उठाने वाली नई हाईटेक गाड़ियों से बहुत से पार्षद नाखुश है क्योंकि कूड़ा उठाने की क्षमता कम है और एक वार्ड का कूड़ा उठाने के लिए लगभग पांच बार आना जाना पड़ता है।

## नया टेंडर पहले से महंगा और ज्यादा

नगर निगम के पार्षदों ने सवाल उठाया है कि नए टेंडर 1 साल का न होकर 3 साल का किया गया है और जहां पहले प्रतिमाह कूड़े की गाड़ी वाले को 32 हजार 566 रुपए प्रतिमाह दिया जाता था और अब 57 हजार प्रतिमाह एक कुड़े की गाड़ी वाले को दिया जाएगा। जिससे प्रतिमाह नगर निगम पर एक ही गाड़ी पर 24 हजार 434 रुपए का बोझ भी बढ़ रहा है। जो प्रतिमाह 3 लाख 66 हजार 510 रुपए बनता है इतना बोझ नगर निगम पर हर माह पड़ता जाएगा। 15 गाड़ियों का कुल टेंडर 3 करोड़ 7 लाख 80 हजार का तीन साल के लिए दिया गया है।

## मीटिंग में स्वच्छता पर की चर्चा पार्षद राजेंद्र



नेला वार्ड नंबर 4 के पार्षद राजेंद्र मोहन ने बताया कि वर्चुअल मीटिंग में स्वच्छता के बारे में चर्चा हुई और पहले की जो गाड़ियां थी खुली होने के कारण उनसे कूड़ा उड़ जाता था जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नई गाड़ियां बंद होने के कारण सही है और इनका निर्माण भी मोटर व्हीकल एक्ट को ध्यान में रखकर किया गया है। नेला वार्ड से 3 महीने में 6 लाख रुपए कूड़े के पैसे लोगों से लिए गए है।

# भयारटा पंचायत में एचटी लाइन की जगह केबल डालने की मांग

अनंत ज्ञान, धनोट

लगातार होते हादसों के बाद ढावन भयारटा के आसपास की पंचायतों में एचटी तारों की जगह केबल लगाने की मांग की गई है। इसको लेकर भयारटा पंचायत प्रधान प्रिया जसवाल ने कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान के समक्ष मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया। उन्होंने बताया कि पंचायत हाल ही में एक हादसा एचटी लाइन की चपेट में आने पर हुआ था।

इसको लेकर ब्रह्मदास चौहान ने हादसे में शिकार दीपक कुमार ने अपनी जान गवाई, जबकि सोनू निवासी सलवाहन इस हादसे में घायल हो गया। इससे पहले भी एचटी लाइन की चपेट में तीन युवा अपनी गंवा चुके हैं। ब्रह्मदास ने बताया कि उन्होंने खुद मौके पर दौरा किया है। समस्या बहुत गंभीर है। पंचायत की इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष भी रखा जाएगा।

बिजली विभाग की तरफ से भी प्रयास किया जा रहा है, ताकि उक्त एचटी लाइनों पर केबल लगाई जा सकें। एसडीओ रेवती रमन ने बताया कि समस्या गंभीर है, यदि इसके लिए बजट मिले तो कई खतरे की जगहों पर केबल डाली जा सकती है।

## न्यूज ब्रीफ

### पब्लिक लाइब्रेरी जोगिंद्रनगर में जागरूक किए मतदाता



जोगिंद्रनगर। सार्वजनिक पुस्तकालय जोगिंद्रनगर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप के नोडल अधिकारी खजान सिंह ठाकुर ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि पब्लिक लाइब्रेरी जोगिंद्रनगर में मतदान जागरूकता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बीच सभी उपस्थित विद्यार्थियों को मतदान में भाग लेने के लिए मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

### नाऊ-पनाऊ में बताया मतदान का महत्व



पधर। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने कहा कि मतदाता जागरूकता को लेकर सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के बूथ ज्वालापुर और गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोट स्रोर व नाऊ-पनाऊ में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदान में भाग लेने के लिए सभी उपस्थित प्रशिक्षु अध्यापकों को शपथ भी दिलाई।

### हिम आंचल पेंशनर संघ की बैठक नौ मई को

जोगिंद्रनगर। हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह जोगिंद्रनगर में संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत नेक राम शास्त्री जी की अध्यक्षता में, नौ मई को आयोजित की जाएगी। महासचिव रमेश पठानिया ने कहा कि बैठक में पेंशनरों भाइयों की लंबित मांगों तथा मसलों के अतिरिक्त संघ मजबूती हेतु संघ की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विचार-विमर्श किया जाएगा।

### जोगिंद्रनगर के नेक राम पांच दिनों से लापता

जोगिंद्रनगर। जोगिंद्रनगर उपमंडल के द्रुब्बल के नेक राम उर्फ राजू पिता घमंडाराम गांव कुंकर डाकघर तहसील जोगिंद्रनगर का रहने वाला है, उनके परिवारजनों ने बताया की उनका बेटा उम्र 42 साल पिछले पांच दिनों से गायब हो गया है, अभी तक उसका कहीं भी पता नहीं चल पाया। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी में भी शिकायत दर्ज करवाई है और इसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है।

### जय मां दुर्गे नर्सिंग कॉलेज में नर्सिंग सप्ताह का शुभारंभ



जोगिंद्रनगर। जय मां दुर्गे नर्सिंग कॉलेज में आज छः दिवसीय इंटरनेशनल नर्सिंग सप्ताह का आए हुआ जिसका शुभारंभ कॉलेज के निदेशक डॉ. राकेश धरवाल ने की। इस अवसर पर बिजली विभाग से सेवानिवृत्त सुरेंद्र काचरू ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। छात्राओं ने मुख्य अतिथियों को बेज लगाकर सम्मानित किया। बैलून रेस प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें गोल्ड हाउस से भारती और आरती विजेता रही।

### बंधना और अजय ने जीती डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता



मंडी। डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता में वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज (वीजीसी) मंडी की छात्रा बंधना कुमारी और डाइट मंडी के छात्र अजय ठाकुर की टीम विजयी रही। लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सदर मंडी निर्वाचन कार्यालय द्वारा वल्लभ गवर्नमेंट कॉलेज मंडी में डेमोक्रेसी क्विज प्रतियोगिता का फाइनल आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय मंडी की छात्रा सुभाषिनी और डाइट के छात्र दिशाल कुमार की टीम और वीजीसी मंडी के छात्र भाषिक राणा और जागृति बीएड कॉलेज के छात्र नवीन कुमार की टीम दूसरे स्थान पर रही। विजेताओं को सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओमकांत ने स्मृतिचिंह भेंट कर सम्मानित किया।

## सरकाघाट डंपिंग साइट पर इकट्ठा फेंका जा रहा कूड़ा, सफाई कर्मी हाथों से करते हैं सड़े कूड़े को अलग

# चर्म रोग से ग्रस्त हो रहे सफाई कर्मी

## नगर परिषद पिछले वर्ष ले आया था बड़े साइज के जूते, कर्मियों के पास नहीं

### सुधार करने के लिए यूनियन ने दिया 15 दिन का अल्टीमेटम

रितेश चौहान, सरकाघाट

लोगों के घरों से कूड़ा एकत्र करने वाले सफाई मजदूरों की सेहत राम भरोसे ही है। ताजा मामला टटीह मोड़ पर डंपिंग साइट का है, जहां गीला, सूखा और सड़े हुआ कूड़ा अलग-अलग कर रहे सफाई कर्मियों को चर्म रोग हो रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि महिला सफाई कर्मियों को जूते तक उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं और पिछले साल बड़े साइज के जूते लाए गए थे, जिस कारण बिना जूतों के महिला सफाई कर्मियों को चर्म रोग हो गया है।

इतना ही नहीं सफाई कर्मी हाथों से ही कूड़ा अलग कर रहे हैं और इनके लिए वहां कोई मूलभूत सुविधा नहीं है।

सीटू से संबंधित आउटसोर्स सफाई मजदूर यूनियन ने एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा को सीटू जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह और यूनियन की प्रधान रेखा और कुंता देवी की अगुवाई में अपनी समस्याओं के बारे एसडीएम सरकाघाट को मांगपत्र सौंपा। जिसमें सभी सफाई मजदूरों के हैल्थ कार्ड बनवाने की मांग उठाई,



ज्ञापन देने पहुंचे सफाई कर्मी और सीटू कार्यकर्ता।

### प्रशासन और परिषद पर लगे मजदूरों के स्वास्थ्य खिलवाड़ के आरोप

ताकि बीमार होने पर उन्हें ईलाज करवाने के लिए वित्तीय सहायता मिल सके और उन्होंने यह भी मांग उठाई कि सभी मजदूरों का महीने में एक बार निशुल्क स्वास्थ्य चैकअप होना चाहिए।

सफाई कर्मियों को दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई जाए, क्योंकि ये सभी कर्मी घर घर से कूड़ा उठाने का काम करते हैं और उन्हें कोई भी संक्रामक बीमारी लग सकती है। भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले लंबे समय से इन सफाई कर्मियों से टटीह मोड़ पर डंपिंग साइट पर सड़े हुए कूड़े को अलग-अलग करवाया जा रहा है, जो बहुत ही अमानवीय है। सारा कूड़ा इस डंपिंग साइट पर इकट्ठा फेंका जाता है और फिर उसे इन सफाई कर्मियों से अलग-अलग करवाया जाता है, जिस कारण बहुत से मजदूरों को चर्म रोग हो गए हैं। इस साइट पर मजदूरों के बैठने के लिए भी कोई शैल्टर नहीं है और न ही पीने का पानी उपलब्ध है और न ही यहां पर शौचालय की सुविधा है। हालांकि इसके बारे पहले भी प्रशासन और नगर परिषद को अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। (अनंत ज्ञान)

### मांगें पूरी न होने पर देंगे धरना

नगर परिषद द्वारा इन मजदूरों को सुरक्षा जूते भी उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं और पिछले साल जो जूते लाए थे वे सभी बड़े साइज के हैं, जबकि महिलाओं के लिए छोटे साइज की जरूरत है, जो अभी तक उपलब्ध नहीं हुए हैं। मजदूरों को केवल एक ही बर्दी दी गई है, जबकि गर्मियों और सर्दियों के लिए अलग-अलग बर्दी मिलनी चाहिए, जिसकी मांग आज उठाई गई। इसके अलावा पहचान पत्रों का नवीनीकरण करने और नए मजदूरों को पहचान पत्र जारी करने की भी मांग की गई। यूनियन ने सभी मांगों को पूरा करने के लिए 15 दिन का समय दिया है, नहीं तो यूनियन इसके लिए 24 मई को धरना प्रदर्शन करेगी। इस मौके पर दिनेश काकू, अंजू, रेखा, कुंता, कुष्मां, रीना, बिमला, दीप राज, अमित, इंदरपाल, हरदयाल, रीना इत्यादि मौजूद रहे।

> शिकायत आई है, जानकारी मांगी जा रही है। मामले की गहन जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।
> -स्वाति डोगरा, एसडीएम सरकाघाट।

# विद्युत बोर्ड के पेंशनर्स मांगों को लेकर मैनेजमेंट से नाराज

### विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम मंडी यूनिट की मासिक बैठक संपन्न

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

मांडव चेरिटेबल ट्रस्ट भवन जेल रोड़ में विद्युत बोर्ड पेंशनर फोरम मंडी यूनिट की मासिक बैठक ई.राजेश बहल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के विभिन्न पदाधिकारियों चन्द्र सिंह मंडयाल, जितेन्द्र वालिया, डीडी राणा, गजपाल मंडयाल, श्याम लाल शर्मा, महेंद्र गुलेरिया, पवन दीक्षित और महेश उपाध्याय आदि ने संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने एक सुर में बोर्ड मैनेजमैंट की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए और कहा कि सरकार ने सभी पेंशनरों को 4 प्रतिशत डीए और फिक्सेशन का 15, 18, 20 और 35 के हिसाब से एरियर भी दे दिया है परन्तु बोर्ड के पैंशनरों को अभी तक इससे महरूम रखा गया है। पेंशनरों के मेडिकल बिल लगभग एक साल से पैंडिंग चल रहे है। कुछ सेवानिवृत्त पेंशनरों को तो अभी तक ग्रेजुएटी, लीव इनकेषमैन्ट और दूसरे लाभ भी नहीं मिले हैं। कइयों को तो पेंशन केस भी सैटल नहीं हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू से अनुरोध किया है कि बोर्ड के पैंशनर्ज की मांगों और समस्याओं के बारे में खुद संज्ञान लें अन्यथा बोर्ड के धरने और प्रदर्शन के साथ-साथ बहिष्कार किया जा सकता है।

## कंगना ने की श्री देवकमरुनाग की पूजा



जयराम ठाकुर और कंगना रनौत ने जंजैहली में स्थित ग्राम पंचायत ढीमकटारु में श्री देवकमरुनाग के मंदिर में श्री देवकमरुनाग की पूजा की और आशीर्वाद लिया।

## बरनोग में दिलाई मतदान की शपथ

गोहर। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में नाचन विधानसभा की स्वीप टीम ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झुंगी और पोलिंग बूथ बरनोग जाकर मतदान प्रक्रिया तथा इसके महत्व को समझाया। एसडीएम गोहर ने बच्चों, अध्यापकों और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य लोगों को मतदान की शपथ दिलाई। लोकसभा चुनाव में नाचन विधानसभा में 81 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है। झुंगी स्कूल के पेंटिंग में मेघा और सुनाक्षी, नारा लेखन में चेष्ठा और दीपिका, भाषण में अनमोल और साक्षी क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे।

# भाजपा का केंद्र में सरकार बनाना राष्ट्र हित का कार्य : प्रकाश राणा



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान की तस्वीरें।

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

विधायक प्रकाश राणा ने ग्राम पंचायत मैन भरोला व टिकरू के हर वार्ड में जाकर सभाएं की।

प्रकाश राणा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं व जनता से कहा कि राष्ट्र हित के इस चुनाव में आप शेष 25 दिन ओर ज्यादा मेहनत करें घर घर मोदी जी का संदेश लेकर जाए, मोदी के नेतृव में भाजपा का केंद्र में सरकार बनाना राष्ट्र हित का कार्य है। उन्होंने कहा कि कंगना प्रदेश की बेटी है काग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मुद्दों से भाग कर उनके पहनावे पर व्यक्तव्य दे रहे है। इन दौरान अजय सकलानी, शक्ति राणा, ओम प्रकाश, जीत राव, विनोद आदि उपस्थित रहे।

## महिला से छेड़छाड़ करने पर केस दर्ज

मंडी। उपमंडल सदर मंडी के मझवाड़ क्षेत्र में एक महिला के साथ आरोपी द्वारा छेड़छाड़, गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस थाना सदर मंडी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

डीएसपी हेडक्वार्टर देवराज ने बताया कि पुलिस थाना सदर मंडी ने महिला के साथ छेड़छाड़,गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।

# चुनाव जीती तो बॉलीवुड छोड़ दूंगी: कंगना रनौत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत इस बार लोकसभा चुनाव में बीजेपी की उम्मीदवार हैं। उन्हें हिमाचल प्रदेश के मंडी से टिकट मिला है।

चुनाव प्रचार के बीच कंगना ने फिल्मी करियर को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अगर वह लोकसभा चुनाव में जीतती हैं, तो धीरे-धीरे फिल्मी दुनिया को छोड़ सकती हैं, क्योंकि वह एक ही काम पर फोकस करना चाहेंगी। अपने इस बयान के बाद से कंगना चर्चा में बनी हुई हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर मुझे लगता है कि लोगों को मेरी जरूरत है तो फिर मैं उसी दिशा में जाऊंगी। मैं अगर मंडी से जीत जाती हूं तो फिर मैं राजनीति ही करूंगी। मुझे कई फिल्ममेकर कहते हैं कि राजनीति में मत जाओ। आपको लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरना चाहिए। मैंने एक प्रिविलेज लाइफ जी है, अगर अब लोगों के साथ जुड़ने का मौका मिल रहा है, तो उसे भी पूरा करूंगी। मुझे लगता है सबसे पहले लोगों की आपसे जो उम्मीदें है आपको उसके साथ जस्टिस करना चाहिए।

# बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी मोदी की : जयराम

अनंत ज्ञान, गोहर

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपने विधानसभा क्षेत्र सराज के थुनाग और जंजैहली में रोड शो कर भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के लिए समर्थन मांगा। यहां उन्होंने भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलन को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के दस साल का कार्यकाल शानदार रहा है और आने वाला कार्यकाल विकास के लिहाज से ऐतिहासिक होगा। अगले पांच साल के कार्यकाल की कार्य योजना के बारे में प्रधानमंत्री ने संकल्प पत्र के माध्यम से दुनिया के सामने रख दिया है। जिस पर काम चल रहा है।

मोदी के कार्यभार संभालते ही देश के 70 साल से ज्यादा के सभी बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी नरेंद्र मोदी की हो जाएगी। बिना किसी शर्त के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। इसके अलावा तीन करोड़ आवास और तीन करोड़ महिलाओं को लखपति योजना के माध्यम से लखपति बनाने की योजना साकार होगी।

# कैंप में 200 लोगों ने करवाया चेकअप

अनंत ज्ञान, सरकाघाट



स्वास्थ्य शिविर के दौरान सामूहिक चित्र में डॉक्टर व अन्य।

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रागंण में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 200 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गई। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के संयोजक ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद ने कहा कि गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ग्राम पंचायत पटड़ीघाट में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अरुण चंदेल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना जग्गी, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुखराम शर्मा, एम्ब्रयोलोजिस्ट कुसुम देवी ने लगभग 200 मरीजों की मुफ्त जांच की गई।

इस मौके पर ग्राम पंचायत पटड़ीघाट के प्रधान विधि चंद,उपप्रधान विरी चंद,वार्ड सदस्य नीलमणि, वरिष्ठ समाजसेवी मिलखी राम, सुरेंद्र कुमार, तरुण शर्मा, घनश्याम, पिंकू, राहुल, ओमप्रकाश सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## नाचन में आठ को होगी जगत प्रकाश नड्डा की जनसभा : राकेश

सुंदरनगर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मंडी जिला में आठ मई को विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का चुनावों की दृष्टि से यह मंडी संसदीय क्षेत्र का पहला दौरा एवं महत्वपूर्ण दौरा है। बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करने के बाद मंडी जिला के नाचन विधानसभा के सेगली में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के दौरे को लेकर उत्साह है और इस दौरे के बाद और उत्साह से भाजपा कार्यकर्ता अपने बूथ पर काम करेंगे। मंडी संसदीय क्षेत्र से मंडी की बेटी को लोकसभा का उम्मीदवार बनाया है। निश्चित तौर पर मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## साहित्य मंच

## उत्सव कल्चरल ट्रस्ट ने साहित्यिक गोष्ठी व नाट्य संध्या का किया आयोजन

# 40 साल पहले लिखी कहानी 'वह रोई' का किया मंचन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

उत्सव कल्चरल ट्रस्ट द्वारा शहर में साहित्यिक गोष्ठी व नाट्य संध्या का आयोजन कर सांस्कृतिक राजधानी मंडी में की गतिविधियों में एक औरत है जोड़ दिया। भाषा संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर महाजन बाजार में इस आयोजन में मुख्य अतिथि अनुपम सिंह प्रो वीसी सरदार पटेल यूनिवर्सिटी और विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र शर्मा मेयर नगर निगम उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉक्टर दिनेश धर्मपाल कपूर द्वारा 40 साल पहले लिखी गई कहानी वह रोई का मंचन दक्षा शर्मा के निर्देशन में मंडी के कलाकारों द्वारा किया गया। कलाकारों में मुख्य रूप से एरिका शर्मा, वेद कुमार, तन्मय शर्मा, अनिल महंत, रोहित शर्मा, सरिता हांडा ने अपने अभिनय और कश्मीर सिंह के प्रकाश संचालन व ध्वनि संचालन में सभी का मन मोहित किया। कहानी में कहानीकार ने भूख की तड़प को, भूख की पराकाष्ठा को जिस ढंग से लिखा है उसे कहानी के रंगमंच के प्रस्तुतीकरण के माध्यम से निदेशक दक्षा शर्मा ने बहुत ही बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया। मेयर वीरेंद्र शर्मा जो खुद एक कलाकार हैं ने भी आश्वासन दिया कि जल्द ही शहर में सभी कलाकारों से बातचीत करके रिहर्सल व नाटकों की प्रस्तुतियों के आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे।



मंच पर मौजूद महापौर वीरेंद्र भट्ट और कलाकार।

### दिनेश धर्मपाल की तीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

इस मौके पर प्रख्यात साहित्यकार डॉ. दिनेश धर्मपाल कपूर की तीन पुस्तकों गंगाराम राजी के समग्र साहित्य से गुजरते हुए, अश्रुधारा और आत्म साक्षात्कार का लोकार्पण भी किया गया। प्रख्यात साहित्यकार गंगाराम राजी पर लिखी गई पुस्तक गंगा राम राजी के समग्र साहित्य से गुजरते हुए इस पर समीक्षक विजय विशाल द्वारा वक्तव्य रखा गया। साथ ही कुल्लू से विशिष्ट अतिथि समीक्षक और कवि गणेश गनी द्वारा भी गंगा राम राजी के समग्र साहित्य पर वक्तव्य पेश किया गया।


# 10 वर्ष में महंगाई ने तोड़े रिकॉर्ड : यूथ कांग्रेस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

जिला मंडी युवा कांग्रेस द्वारा भाजपा सरकार के 10 वर्षों की जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए। यूथ कांग्रेस द्वारा मंडी के गांधी भवन में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश प्रवक्ता राजेन्द्र ठाकुर, प्रवक्ता डिंपल शर्मा, प्रदेश सचिव पपलेश राणा और जिला महासचिव ठाकुर भानु प्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान डिंपल शर्मा ने कहा कि 2014 से 2024 तक के 10 वर्षों में भाजपा सरकार ने जो जुमलों की बरसात की है वो सच में अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों का जिक्र करते हुए डिंपल शर्मा ने कहा कि 2014 से 2024 के बीच कैसे लगातार जनता की जेब को काटने का काम किया गया। 2014 में आटा 20 रुपए प्रति किलो मिलता था, आज 40 के ऊपर हो गया। हर एक चीज पर जीएसटी लगाया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मात्र 10 वर्षों में पूरी तरह जनता को निचोड़ कर अपने पूंजीपति मित्रों को समृद्ध बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। वहीं प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के मान सम्मान पर भाजपा बड़ा ढिंढोरा पीट रही है और राम रहीम रेप केस का अपराधी उसको 12 बार पेरोल पर बेल क्यों दी जा रही।

उन्होंने कहा कि एनडीए के उम्मीदवार कर्नाटक से जेडीयू के सांसद पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना मास रेप आरोपी देश छोड़कर भाग गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और भाजपा के कोई भी नेता बताएं कि महिलाओं पर अत्याचार करने वाले के साथ ऐसे क्या संबंध है आपके जो हर बार आप उनको बचाने का काम करते हैं।



यूथ कांग्रेस मंडी के प्रदेश प्रवक्ता प्रेस वार्ता करते हुए।

# धरवाला में जाम हुआ आम, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के धरवाला में गाड़ियों का जाम आम हो गया है। यहां पर सुबह शाम जाम लगने के कारण यहां से गुजर रहे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । यही नहीं जाम के कारण राहगीरों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों को भी आए दिन खूब परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन जाम इतना भारी लग रहा है कि जाम के बीच मैं गुजरना हर किसी के लिए टेडी खीर साबित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार यहां पर तंग बाजार व पार्किंग न होने की वजह से आए दिन सुबह शाम भारी जाम लग रहा है। जाम के कारण हर रोज घंटों भर जाम लगने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । जाम को खोलने के लिए यहां पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों सहित स्थानीय लोगों को हर रोज काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

हालांकि पुलिस चौकी गैहरा की ओर से भी यहां पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए एक कर्मचारी की नियुक्ति किया है। बावजूद इसके यहां पर आए दिन भारी जाम लग रहा है । स्थानीय लोगों में सुभाष कुमार, राकेश कुमार, कवि, रवि शर्मा, सुरेश कुमार ,चैनलाल, राजूराम ने कहां है कि यहां पर हर रोज सुबह शाम जाम लगने के कारण लोगों का दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि यहां पर तुरंत ही तुरंत तंग मोड को खुला करके इस समस्या का समय रहते हल किया जाए।

# बनीखेत में दो कारों की टक्कर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



हादसे के बाद उलझते वाहन चालक।

एनएच 154 ए पर स्थित बनीखेत के पास दो कारों में भिड़ंत का मामला प्रकाश में आया है हालांकि इस हुई भिड़ंत में किसी के जानी अथवा माली नुकसान का नहीं हुआ। थोड़ी सी गहमागहमी के बाद आपसी सहमति बन गई। बताते चले की एक स्थानीय नंबर गाड़ी एवं एक पंजाब नंबर गाड़ी थी।

पंजाब नंबर गाड़ी ने स्थानीय नंबर गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी हालांकि स्थानीय नंबर गाड़ी का हल्का सा नुकसान जरूर हुआ। किंतु आपसी सहमति के बाद दोनों कार सवार अपने-अपने गंतव्य की ओर चले गए।

# खज्जियार में लोकगीतों का आनंद ले रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पर्यटन स्थल खज्जियार में खंजरी-रोमान की मधुर तान और पहाड़ी लोक गीतों की मधुर प्रस्तुति का पर्यटक खूब आनंद उठा रहे हैं।

पर्यटक यहां पर साहसिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के अलावा गीत-संगीत के जरिये भी अपनी थकान मिटा रहे हैं। मंगला पंचायत के स्थानीय निवासी बिट्टू प्रेमी पहाड़ी गीतों के जरिये पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं। इससे उनकी आजीविका भी चल रही है।

कला के जानकार उनकी मधुर आवाज और संगीत की धुनों पर स्वयं को थिरकने से भी नहीं रोक पाते हैं। कुल मिलाकर इन दिनों खज्जियार मैदान में पर्यटकों की चहल-पहल देखते ही बन रही है।



खज्जियार में पर्यटक प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नयन शर्मा को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित




**चंबा ।** प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था द्वारा सिवाना आईएएस अकाडेमी में नयन शर्मा जिन्होंने हिमाचल प्रदेश बोर्ड परीक्षा 10+2 में मेडिकल साइंस 500 में से 475 अंक लेकर जिला में अपना, परिवार का व स्कूल का नाम रोशन किया। नयन शर्मा राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा का छात्र है। गर्व का विषय है की इस वर्ष चम्बा के छात्र-छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा में काफी बेहतर प्रदर्शन किया । नयन शर्मा ग्राम मलोगा डाकघर कल्हेल तहसील चुराह चम्बा के निवासी है नयन के माता सत्या शर्मा और पिता देवी सिंह शर्मा दोनों ही सरकारी शिक्षक के पद पर कार्यरत है।

### खाई में गाड़ी गिरने से चालक घायल

**सुंदरनगर ।** उपमंडल सुंदरनगर के पुलिस थाना कालोनी के तहत डोभू बाड़ी के समीप एक गाड़ी के खाई में गिरने से गाड़ी सवार चालक घायल हो गया है। घटना का पता चलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से चालक को सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार चल रहा है। घायल की पहचान डोभू गांव के ही कमलेश कुमार पुत्र रामेश्वर तहसील निहरी के रूप में हुई है। डोभू गांव के कुलदीप ने पुलिस को दी जानकारी में बताया कि एक बोलेरा कैंपर गाड़ी सड़क से करीब 200 फीट नीचे गिरी हुई थी। गाड़ी के साथ ही कमलेश कुमार घायल अवस्था में वहां पड़ा हुआ था। डीएसपी भारतभूषण ने बताया कि मामला दर्ज का कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### दो परिवारों में मारपीट पर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**सुंदरनगर ।** सुंदरनगर पुलिस थाना क्षेत्र के तहत तमरोह गांव के दो परिवारों ने एक दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। वार्ड तीन पुंघ के तमरोह गांव निवासी बिंद्रा देवी ने अपनी शिकायत में कहा कि वह अपने घर के आंगन में सुबह झाड़ू दे रही थी। उसी समय हर्षवीर सेन वहां आया और अकारण ही उसके साथ गाली गलौच करता हुआ मारने की धमकी देने लग पड़ा और उसके बाद मारपीट की। वहीं हर्षवीर सेन ने कहा कि वह सुबह गाय को चारा लेने जा रही थी। रास्ते में पहले से खड़ी नर्मदा देवी और बिंद्रा देवी ने उसके साथ गाली गलौच करना शुरू कर दिया। गाली गलौच सुन वहां पहुंचे उसके पति जब उन्हें समझाने लगे तो उन्होंने उनके साथ धक्का मुक्की करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# लोकसभा चुनाव : नामांकन प्रक्रिया आज से होगी आरंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नामांकन प्रक्रिया 7 मई से आरंभ होकर 14 मई तक चलेगी इसके पश्चात 15 मई 2024 को प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच किए जाने के पश्चात 17 मई 2024 तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से संबंधित नामांकन पत्र उपयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कांगड़ा के पास तथा मंडी लोकसभा क्षेत्र से संबंधित नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी के पास जमा होंगे।

यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल ने लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी।



जानकारी देते उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

मतदान अधिकारियों की रेंडमाइजेशन होने के साथ-साथ उप मंडल स्तर पर भी ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है। दुर्गम क्षेत्र होने के कारण भरमौर और पांगी के मतदान अधिकारियों को रेंडमाइजेशन में निर्वाचन आयोग द्वारा छूट दी गई है। उन्होंने बताया कि उप मंडल भरमौर और पांगी को छोड़कर जिलाभर में चुनाव को लेकर लगभग 3070 मतदान कर्मियों को नियुक्त किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद सभी पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों, रिजर्व सहित मतदान अधिकारियों को एआरओ (एसडीएम) स्तर पर प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है।

इसी प्रकार का दूसरा प्रशिक्षण 23 से 24 मई को होगा। मतदान दलों का तीसरा रैंडमाइजेशन 29 और 30 मई को पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होगा । मतदान दल संबंधित एआरओ (एसडीएम) मुख्यालय से 30 और 31 मई को संबंधित मतदान केंद्रों के लिए प्रस्थान करेंगे। मतदान करवाने वाली ईवीएम (ए और बी) श्रेणियों को जिला स्तर पर मतदान गणना के लिए 1 और 2 जून को मिलेनियम पॉलिटेक्निक सरोल और मेडिकल कॉलेज चंबा के स्ट्रांग रूम में संग्रहीत किया जाएगा।

# नए मतदाता तय करेंगे प्रत्याशियों की जीत और हार का फैसला

**एमएम डैनियल, चंबा**

**9398 नव मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का करेंगे प्रयोग**

इस बार लोस चुनाव में कांगड़ा-चंबा और मंडी-भरमौर-पांगी संसदीय क्षेत्रों से साढ़े नौ हजार नए युवा मतदाता प्रत्याशियों की जीत-हार का भाग्य तय करेंगे। जिला निर्वाचन आयोग द्वारा नए मतदाताओं के पंजीकरण करवाने के लिए गत महीनों पूर्व ही बीएलओ की नियुक्तियां तय कर दी। जिसके परिणाम स्वरूप लोस चुनाव घोषित होने तक जिला निर्वाचन आयोग हजारों नए युवा मतदाताओं के पंजीकरण करवाने में सफल रहा है। गौर हो कि संसदीय क्षेत्र कांगड़ा-चंबा और मंडी-भरमौर-पांगी सीट के लिए जिला चंबा से 9398 नव मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

लोस चुनावों में 3388 सेवारत मतदाताओं समेत लोक निर्माण विभाग में कार्यरत 3796 मतदाताओं समेत 7808 बुजुर्ग मतदाता भी अपने प्रत्याशी चुनने में सक्रिय भूमिका निर्वाह करेंगे।

जिला चंबा में कुल 4 लाख ,01 हजार 1सौ 68 मतदाता पंजीकृत हैं। जिसमें 2 लाख 03 हजार 4 सौ 01 पुरुष और 1 लाख 97 हजार 7 सौ 65 महिला मतदाताओं सहित 2 थर्ड जेंडर मतदाता हैं। जबकि जिले से 9398 नव मतदाताओं का पंजीकरण हुआ है। जोकि लोस चुनाव में अपना मत का इस्तेमाल कर लोकतंत्र गठन में प्रत्याशी चयन और उनका भाग्य की गाथा लिखेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि लोस चुनाव में कांगड़ा-चंबा और मंडी-भरमौर-पांगी संसदीय क्षेत्रों से 9398 नव मतदाता पहली बार सरकार चुनने में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनका मतदाता पंजाकरण एवं पहचान पत्र की तमाम प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# लापरवाही से वाहन चलाना जानलेवा : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला में विभिन्न ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए जिन्हें सुधारा जा चुका है।

उन्होंने बताया कि ब्लैक स्पॉट के चयन तथा सुधारीकरण का कार्य जिला में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर किया जा रहा है तथा इसके लिए लोक निर्माण , पुलिस, परिवहन विभाग तथा अन्य विभागों व संस्थाओं द्वारा किए जा रहे प्रयास निरंतर प्रयास जारी है।

सड़क सुरक्षा तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के मद्देनजर आगामी कार्य योजना के तहत जिला चंबा के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है।

मुकेश रेपसवाल ने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन करते हुए लापरवाही से वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। दुर्घटना की रोकथाम की दृष्टिगत सड़क सुरक्षा के लिए सरकारी विभागों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं तथा बुद्धिजीवी वर्ग को भी आवश्यक सहयोग करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में इस क्षेत्र में अतीत की तुलना में सड़क दुर्घटना में कमी लाई जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवानी महेला, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजीव शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर जालम सिंह भारद्वाज अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने गुड गवर्नेंस पर विभिन्न विभागों से की चर्चा

**जिला** मुख्यालय चंबा में एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिला के प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। नियमित मंडे मीटिंग तथा गुड गवर्नेंस से संबंधित इस बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के अलावा गुड गवर्नेंस बारे विभिन्न विभागों से संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की ।



विभिन्न विभागों के अधिकारियों से कार्यों पर चर्चा करते उपायुक्त।

# चुनाव में भाजपा की होगी जीत : डॉ. राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव के तहत भाजपा द्वारा चुनाव प्रचार प्रसार अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में सोमवार को चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज द्वारा चंबा में शहर से लेकर पंचायतों में छह स्थलों पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसमें चंबा सदर पूर्व विधायक पवन नैय्यर, भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज नरियाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष महाराज कृष्ण बड़ियाल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयसिंह सहित कई पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान वह चंबा सदर, पंचायत रजेरा, कीड़ी कुरथा, साहो, व ककीयां पहुंचे।



जनसभा के दौरान मौजूद डॉ. राजीव व अन्य।

इन स्थलों पर नुक्कड़ सभा में मौजूद भाजपा बूथ, मंडल व पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए चंबा कांगड़ा संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि वह स्वयं गरीबी में जीए है, इसलिए हर गरीब का सपना पूरा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का भी संकल्प है वह देश के विकास सहित गरीब जनता का उत्थान करें।

पीएम मोदी ने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में क ई विकास कार्यों की गाथा लिख देश में ही नहीं बल्कि विश्व स्तर लोकप्रियता हासिल की है। उन्होंने कहा कि जनता के सहयोग से मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप देश की बागडोर संभाल हैट्रिक अवश्य लगाएंगे। चंबा की जनता से मिले प्यार, आशीर्वाद और स्नेह से यह तय है कि भाजपा को वित लोस चुनाव में ऐतिहासिक मतों से विजय प्राप्त होगी।

# सकरेरा स्कूल में बच्चों को पौधों के बीज किए वितरित



बच्चों के साथ अध्यापक व साथ हैं अन्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

राजकीय उच्च विद्यालय सकरेरा में कैच द यंग कैंपेन के तहत वन विभाग डलहौजी द्वारा विभिन्न वृक्षों के बीज वितरित किए गए और समस्त विद्यार्थियों को इन वितरित बीजों को उगाने संबंधी दिशा निर्देश वनरक्षक हरीश कुमार द्वारा दिए गए।

वन कर्मी कुलदीप चौहान द्वारा छात्रों को बीज लगाने और उनकी समय-समय पर देखभाल को लेकर जानकारी बच्चों के साथ साझा की गई तथा वनकर्मी मुल्ख राज द्वारा जंगल में लगाई जाने वाली आग के दुष्परिणामों को लेकर बच्चों को अवगत करवाया।वनरक्षक हरीश कुमार द्वारा बच्चों से अनुरोध भी किया गया कि आप बतौर संदेशवाहक समस्त ग्रामीणों को जागरूक करें कि वह जंगल में आग न लगाएं तथा जंगलों के संवर्धन में अपना सहयोग दें।

# मतदान के लिए जागरूक हो हर नागरिक

**बबलू पठनिया, चुवाड़ी**

स्वीप टीम भट्टियात ने मिशन 414 के तहत वोटर जागरूकता बढ़ाने के लिए शपथ कार्यक्रम का आयोजन भट्टियात के विभिन्न शिक्षा संस्थानों, पोलिंग बूथ व पंचायत घरों में किया गया। स्वीप टीम की तरफ से पंकज सूद द्वारा पोलिंग बूथ तला में युवाओं को शपथ दिलाई गई कि वह खुद भी और अपने साथ अन्य लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करेंगे।

स्वीप टीम की तरफ से पंकज सूद ने गांव के लोगों को सम्बोधित करते हुए अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान की शपथ दिलवाई गयी।



मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के दौरान गणमान्य।

इस मौके पर एसडीएम भट्टियात पारस अग्रवाल का संदेश लोगो को दिया गया कि वह अपने साथ 10 और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें । पहली बार मतदान करने वाले युवा देश को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए मतदान करें।

इस मौके पर बी एल ओ सरनो राम आंगनवाड़ी वर्कर आशा देवी वार्ड मेम्बर व पंचायत प्रधान व उप प्रधान उपस्थित रहे । स्वीप टीम की तरफ से अंजली, मीनल, नीतू , बलवान सिंह, पंकज सूद, मनोहर लाल ने कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस मौके पर हस्ताक्षर अभियान, नारा लेखन जैसी गतिविधियां की गई।

### सूडोकु 0055 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0054 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

# पार्किंग समस्या पर चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक आज इरावती होटल चंबा में संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी ने की। बैठक में शहर से जुड़ी पार्किंग व्यवस्था पर चर्चा की गई। शहर में पार्किंग की व्यवस्था से आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पार्किंग के अभाव से शहर में आने वाले नौकरी पैसा लोग खरीदारी करने आए हुए लोग और मेडिकल अस्पताल इत्यादि में अपना या अपने बीमार परिजनों के इलाज के लिए आने वाले लोगों को पार्किंग न होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नगर परिषद के बाहर भी बेतरतीब ढंग से वाहनों के खड़े रहने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पार्किंग समस्या और लोगों के भारी दबाव के फल स्वरुप हालांकि एसपी कोठी के पास पार्किंग का तीन-चार साल पुराना कार्य आरंभ किया गया था, लेकिन दुर्भाग्यवश किसी के स्टे की वजह से वह काम भी शहर में लटक गया है। जिला प्रशासन व सरकार से अनुरोध है की इस विषय पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए स्टे को तुड़वाकर पार्किंग के काम को पूरा किया जाए।

बैठक में ईश्वरी प्रसाद शर्मा, पी एल ठाकुर, एसपी वैद, सुरेश कश्मीरी, धर्मपाल ठाकुर, मदन कुमार, चैन लाल शर्मा, आत्मा राम शर्मा, डी आर गौतम, मनोहर लाल, ओम प्रकाश पुरी ने उपस्थिति दर्ज करवाई।



बैठक के दौरान मौजूद प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी व अन्य।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

7 मई, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैसाख, **तिथि** त्रयोदशी: (11:43) **: नक्षत्र :** अश्वीनी (3:33), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** आयुष्मान (08:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (5:18 -06:59)।

## विशेष दिन

- 7 मई 2024 : पितृकार्य अमावस्या आज।
- 7 मई 2024 : विश्व अस्थमा दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** व्यापारी सम्मान के पात्र बनेंगे। आर्थिक रूप से आप सुरक्षित महसूस करेंगे और आप संपत्ति या संप्रेषण में निवेश कर सकते हैं।

**वृषभ:** जल्दबाजी में निर्णय न लें और जोखिम भरे उपक्रमों से बचें। आज आपका स्वास्थ्य या आपका कोई करीबी थोड़ा परेशान कर सकता है।

**मिथुन:** आज भाग्य आपके साथ है। आप चाहते है की परिजन आप को प्रेम करें इसके लिए पहले आप को उन्हें प्रेम देना होगा, क्योंकि प्रकृति का नियम है जो बोया है वही निकलेगा।

**कर्क :** बुद्धि और कौशल से अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकल जाएंगे। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यस्थल पर आप के द्वारा किए कार्यों से सहकर्मियों को ईर्ष्या होगी।

**सिंह :** घर में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है। विदेश यात्रा के लिए उत्तम समय है। खर्चों में बढ़ोतरी होगी, विचारों पर संयम रखें। संपत्ति के क्रय विक्रय से लाभ होगा।

**कन्या :** समय कमजोर चल रहा है। अत: धैर्य और संयम के साथ कार्यों में निरंतरता बनाए रखें। नए और बड़े निवेश से बचें।

**तुला:** कमजोरियों को किसी के आगे न बताएं चाहे वह कितना भी करीबी क्यों न हो। नौकरी बदलने का ख्याल छोड़ दें। अपने स्वभाव में नम्र और सहज बनें।

**वृश्चिक:** कार्य स्थल पर बाधाओं और कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। खर्च बढ़ेंगे। आपको एक नया दृष्टिकोण अपनाना होगा। आपका महत्व लोगों को पता चलेगा।

**धनु :** आर्थिक रूप से आप सुरक्षित रहेंगे, लेकिन खर्चों का दबाव अधिक रहेगा। आत्मविश्वास के साथ काम करना जारी रखें। कारोबार में विश्वासप्रद वातावरण रहेगा।

**मकर:** आमदनी में बढ़ोतरी संभव है। साथ ही आज व्यावसायिक संदर्भ में कुछ परेशानियां रह सकती हैं। आपके महत्व को स्वीकार किया जाएगा। सुखद एवं सफल यात्रा के योग बनेंगे।

**कुंभ :** वरिष्ठों को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। इस अवधि के दौरान कड़ी मेहनत और विनम्र स्वाभाव ही सफलता की कुंजी है।

**मीन:** आमदनी बढ़ेगी और आपको आर्थिक लाभ प्राप्त करने के नवीन रास्ते भी मिलेंगे। आज आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि संभव है।

**सख्ती** | सरकार व पीडब्ल्यूडी ने टेंडर आवंटन एवं निर्माण कार्य संबंधी किए सख्त नियम

# निर्माण कार्यों में अनियमितताएं बरतने वालों पर गिर सकती है गाज

**आरके रांगड़ा, चंबा**

लोनिवि के विकास निर्माण कार्यों में ठेकेदारों द्वारा बरती जा रही अनियमतताओं व विभागीय अधिकारियों की मिली-भक्त प्रथा अब जाती बाहर के दिनों के सामान बनती जा रही है।

लोनिवि द्वारा कई विकास कार्यों की समीक्षा में कई कार्यों का मानकों की कसौटी पर खरा न उतरने पर कड़ा संज्ञान लेते हुए टेंडर से लेकर कार्य का हर रिकार्ड ऑन-लाइन प्रणाली से जुड़ने के निर्देश जारी किये है। सरकार व विभागीय उच्च अधिकारियों के इस दिशा में कड़े निर्देश के चलते चंबा विभाग ने अनुसरण करते हुए कवायद आरंभ कर दी है। वहीं विभागीय इस कवायद को देखते हुए लोनिवि के कई ठेकेदारों में इन दिनों हड़कंप मच गई है।

पारदर्शिता लाने, निर्माण कार्यों की समय अवधि तय करने, कार्यों में गुणवक्ता सहित ठेकेदारों की निर्माण कार्यों में मनमर्जी को खत्म करने का निर्णय लिया गया। जिसमें लोनिवि विभाग तय नये नियमों के अनुसार हर ठेकेदार के निर्माण कार्य की उचित पैमाइश, कार्य की समय अवधि विभाग रिकवरी तक की विभागीय सामग्री जहां वसूल करेगा। वहीं विभागीय अधिशाषी अभियंता पद से लेकर सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व विभागीय हर कार्य सुपवाइजर पद पर तैनात स्टाफ को हर निर्माण कार्य संबंधी रिकार्ड दर्ज करना होगा। जिसमें निर्माण कार्य की समीक्षा में यदि कोई अनियमता पाई जाती है तो ठेकेदार से लेकर विभागीय स्टाफ पर गाज गिर सकती है। नए निर्धारित नियमों के तहत अब विभागीय पंजीकरण प्रक्रिया से नियमों को सख्त कर दिया है, जिसमें आवेदक को विभागीय ए श्रेणी ठेकेदार से प्राप्त कम पांच साल का अनुभव प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हि.प्र. मूलनिवासी प्रमाण पत्र, सहित विभागीय शुल्क देने सहित विभागीय साक्षत्कार से गुजरना होगा।

निर्माण कार्य को लेने से पूर्व पैन कार्ड, मजदूर बीमा, हर मजदूर का आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, हि.प्र. मूल निवासी प्रमाण पत्र दस्तावेज देने होंगे। जबकि निर्माण कार्य के लिए आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन से गुजरना होगा। जबकि ठेकेदार को पुल, भवनों के निर्माण कार्यों के नींव डालने के कार्य से लेकर टॉप निर्माण कार्य को विभागीय नजर से गुजरना होगा। जिसके लिए विभाग द्वारा निर्माण कार्यों पर विभागीय स्टाफ को कार्य अनुसार नियुक्त करने रिकार्ड दर्ज करवाया जाएगा।

> विभाग ने टेंडर आवंटन प्रक्रिया व विकास कार्यों में गुणवक्ता एवं पारदर्शिता लाने के लिए नियमों को थोड़ा सख्त किया है। ताकि जनकल्याण से जुड़े सड़क, भवन, पुल सहित अन्य कई कार्यों को वक्त रहते पूरा करने सहित अधिक अवधि तक जनता की सुविधा के अनुसार निर्मित किया जा सके।
>
> -राजीव कुमार, अधिशाषी अभियंता लोनिवि चंबा।

### आनी क्षेत्र में फैली महामारी के खात्मे पर राजा ने देवताओं के सम्मान में लगाया था मेला, समय के साथ बदला मेले का स्वरूप

# 135 वर्ष पुराना है आनी मेले का इतिहास, राजा हीरा सिंह की दिलाता याद

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी में मंगलवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय जिला स्तरीय आनी मेले का इतिहास 135 वर्ष पुराना है, जो यहां के तत्कालीन राजा हीरा सिंह की याद दिलाता है।

आनी के वरिष्ठ नागरिक भाग चंद ठाकुर का कहना है कि आनी क्षेत्र सांगरी रियासत का एक भाग था और यहां के तत्कालीन राजा हीरा सिंह लोगों को यहां बेहतर न्याय प्रदान करते थे। कालांतर में एक समय आनी क्षेत्र में एक भयंकर महामारी फैल गई थी, जिससे सैकड़ों लोग ग्रस्त हो गए थे। महामारी से हर तरफ हाहाकार मच गया। महामारी से बचाव के लिए लोग राजा हीरा सिंह के दरबार में पहुंचे


राजा हीरा सिंह व अन्य।

और उनसे बीमारी से बचाव की गुहार लगाई। उस समय उपचार की कोई व्यापक व्यवस्था न होने के कारण राजा ने इस बारे में राज पुरोहित से मशविरा किया और मशविरे के अनुसार राजा यहां के आराध्य देवता शमशरी महादेव, देहुरी नाग तथा पनेवी नाग के दरबार में पहुंचे और देवताओं से महामारी के खात्मे की फरियाद लगाई। देवताओं ने राजा की फरियाद सुनी और महामारी का खात्मा किया। राजा हीरा सिंह ने इस उपकार के लिए सभी देवताओं का आभार जताया और इस खुशी के मौके पर उनके सम्मान में आनी में एक मेला लगाने का ऐलान किया। राजा ने मेले के लिए राज पुरोहित से शुभ दिन मुकर्र करने को कहा, जो वैसाख की 25 प्रविष्ठे को तय हुआ।

### देवताओं को अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

राजा हीरा सिंह ने तब निर्धारित तिथि को तीनों आराध्य देवताओं को मेले में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिस पर सभी देवता देव वाद्ययंत्रों की थाप पर अपने दिव्य रथ में सुसज्जित होकर कारकुनों व देवलुओं संग मेले में पधारे, जहां राजा ने अपने दरबार में देवताओं का भव्य स्वागत किया। मेले में आनी व निर्मंड क्षेत्र सहित साथ लगते मंडी जिले के चवासी क्षेत्र मगरू क्षेत्र तथा शिमला जिले के तेशन प्राशन व कुमारसैन क्षेत्र के लोगों ने बढ-चढ़कर भाग लिया और देवताओं के संग अपनी लोक संस्कृति का खूब लुत्फ उठाया। भाग चंद का कहना है कि राजा उस समय पालकी में सवार होकर मेले में शिरकत करने आते थे और ग्रामीणों संग नाटी नृत्य में भाग लेकर लोक संस्कृतिक को आत्मसात करते थे।



### प्राचीन समय में लोग रातभर करते थे नाटी

प्राचीन समय में लोग रातभर नाटी नृत्य करते थे। राजा हीरा सिंह के स्वर्गवास के उनके पुत्र राजा रघुवीर सिंह इस रियासत के उतराधिकारी बने और वर्षों तक यहां एक कुशल प्रशासक का दायित्व निभाया और भारत की आजादी के बाद हिमाचल गठन से पहले पंजाब प्रांत में पूरे कुल्लू जिले की एक ही विधानसभा क्षेत्र से विधायक व राज्य मंत्री भी बने। राजा के समय में भी आनी मेला बड़ी धूमधाम से मनाया जाता रहा। आनी मेला आज भी वैसाख 25 प्रविष्ठे को मनाया जाता है, जो अब चार दिनों तक चलता है और पिछले करीब 30 सालों से मेले का स्तर जिला स्तरीय हो गया है। इस वर्ष यह मेला 7 से 10 मई तक मनाया जा रहा है।

# पर्यटकों के लिए बहाल किया जिनजिंगबार, बढ़ेगा पर्यटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

**होटल एसोसिएशन के आग्रह पर किया बहाल**

होटल एसोसिएशन लाहौल-स्पीति के आग्रह पर प्रशासन ने पर्यटकों के लिए जिनजिंगबार बहाल कर दिया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष तेंजिन कारपा की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल डीसी राहुल कुमार से मिला और पर्यटकों को दीपकताल से आगे जाने की अनुमति देने का आग्रह किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष तेंजिन कारपा ने प्रशासन को अवगत करवाया कि दीपकताल में बर्फ कम है, जिस कारण पर्यटक बर्फ का आनंद नहीं उठा रहे हैं। पर्यटकों को दीपकताल से आगे जाने दिया जाए। इस बीच एसोसिएशन ने प्रशासन के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने सहित अपनी समस्याओं पर चर्चा की। अध्यक्ष ने कहा कि समर सीजन ने घाटी में दस्तक दे दी है। साथ ही पर्यटकों की आमद भी बढ़ने लगी है। उन्होंने कहा कि शिंकुला दर्रा बहाल होने तक पर्यटकों को दीपकताल से आगे जाने दिया जाए। इससे कोकसर में पर्यटकों की भीड़ कम होगी और दारचा जिस्पा आने वाले पर्यटक भी आसानी से बर्फ के दीदार कर सकेंगे। प्रशासन ने जिनजिंगबार पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल कर दिया है।

# पीपल मेले में खरीददारों की संख्या में हो रहा इजाफा

## मीना बाजार व जूता मार्केट और डॉम में लोगों ने जमकर की खरीददारी, बाजारों से सस्ते मिल रहे जूते

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीपल जातर मेला समाप्त हो चुका है, मगर मेले की रौनक अब बढ़ रही है। सोमवार को ढालपुर मैदान में मेले के दौरान खरीददारी करने वालों की संख्या में भारी इजाफा देखने को मिल रहा है।

ढालपुर मैदान में स्थित जूता मार्केट में इन दिनों भारी संख्या में लोग ब्रांडेड ओर सैकेंड हैंड जूतों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों में गांधीनगर के विशाल और रोहित, सुल्तानपुर से आए मनीष ठाकुर, गगन ओर टिंकू, मौहल से आए वीर चंद, लगवेली से आए प्रेम लाल ओर श्याम चंद का कहना है कि मेले के दौरान जूता मार्केट से जूता खरीदने आएं हैं और यहां पर जूते बाजारों के मुकाबले सस्ते मिलते हैं, मगर दिक्कत सिर्फ एक ही आती है कि जूतों की कोई गारंटी नहीं है। इसके साथ ही डॉम में खरीददारी करने आए शीनू, लता, मीना शर्मा,


पीपल मेले में झूला मैदान में झूला झूलते बच्चे और युवा।

रुक्मणि देवी ओर बीना ने बताया कि डॉम में जरूरत का हर सामान कम कीमतों में मिल जाता है और शॉपिंग करने में भी आसानी हो जाती इसलिए ज्यादा भाग दौड़ करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसके अलावा मीना बाजार में भी लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। मीना बाजार के ठीक ऊपर प्रदर्शनी मैदान में स्थित सिड्ढू मार्केट में भी लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली, जो कि मेले में भागदौड़ करने के बाद जलपान ओर अपने पसंदीदा व्यंजनों का स्वाद चखने के लिए आए। पीपल मेले के दौरान युवाओं और बच्चों में भी विभिन्न प्रकार के झूलों और मनोरंजन के अन्य विकल्पों को लेकर खासी उत्सुकता देखने को मिली। इस दौरान बहुत से अभिभावक अपने बच्चों को विभिन्न प्रकार के झूलों में झुलाने के लिए आए हुए थे और युवक-युवतियों ने भी झूलों में बैठकर भरपूर मनोरंजन किया। (अनंत ज्ञान)

### खरीददारी करने वालों का लगा रहा जमघट

झूला मैदान के साथ लगते कपड़ा मार्केट में सुबह से लेकर शाम तक खरीददारी करने वालों का जमघट लगा रहा। इस दौरान लोगों ने जम कर विभिन्न प्रकार के वस्त्रों की खरीददारी की और अपने परिजनों के लिए ढेर सारी खरीददारी की। बेहरहाल पीपल मेला में खराब मौसम की वजह से भले ही शुरुआती दौर में ज्यादा भीड़ न हो, लेकिन अब 2-3 दिनों से पीपल मेले में हर रोज लोगों की भीड़ बढ़ रही है। व्यापारियों में चंडीगढ़ से आए सोहन, दिल्ली से आए दिनेश, बिशन, विजय रंगा, कमाल, रऊफ, उस्मान कुरेशी ने बताया कि फिलहाल जिस तरह से मेला जा रहा है, वह काफी हद तक हमारे अनुकूल चल रहा है मगर जो मौसम की वजह से नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है।


पीपल मेले में कपड़ा मार्केट से खरीददारी करती हुई महिलाएं।

# सीएम का आज आनी में होगा भव्य स्वागत : सेसराम

**अनंत ज्ञान, आनी**

जिला कुल्लू कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के मंगलवार को आनी दौरे को लेकर कांग्रेस पार्टी ने तैयारियां पूर्ण कर ली हैं।

सोमवार को आनी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आनी में मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह का समर्थन करेंगे और चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी को भरपूर समर्थन दिया था और अब आगामी लोकसभा चुनावों में मंडी संसदीय सीट से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह को बढ़त दिलाने के लिए आनी विधानसभा क्षेत्र से मतदाताओं का भरपूर समर्थन मिलेगा। सेस राम आजाद ने कहा कि मंगलवार को पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के समर्थन में मुख्यमंत्री की आनी में



चुनावी जनसभा ऐतिहासिक होगी, जिसको लेकर लोगों में खासा उत्साह है, जब से प्रदेश में सूक्खू की सरकार बनी है, तब से लेकर सभी वादे चरणबद्ध से पूरे किए जा रहे हैं, जिसमें ओपीएस सबसे बड़ा मुद्दा था, जिसे सरकार ने बहाल कर लाखों कर्मचारियों को बड़ी राहत प्रदान की है। वहीं, महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा भी पूरा किया जा रहा है। सेस राम आजाद ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने लंबे समय तक प्रदेश का कुशल नेतृत्व करते हुए प्रदेश का चहुंमुखी विकास किया है, जिसके फलस्वरूप प्रदेश की जनता उन्हें आज भी याद करती है।

# दो पैराग्लाइडरों में सुरक्षा मानकों की कमी

**कुल्लू।** पर्यटन सीजन के दौरान कुल्लू-मनाली में साहसिक गतिविधियों में शामिल होने वाले पर्यटकों की सुरक्षा में चूक न हो, इसके लिए राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग उपकरणों का निरीक्षण किया जा रहा है। सोमवार को अटल बिहारी पर्वतारोहण संस्थान मनाली और पर्यटन विभाग कुल्लू की टीम ने पैराग्लाइडिंग साइट डोभी में निरीक्षण किया। इसमें 147 पैराग्लाइडरों की जांच की गई। इनमें 140 पैराग्लाइडर निरीक्षण में बेहतर पाए गए, जबकि निरीक्षण में दो पैराग्लाइडरों में सुरक्षा मानकों की कमी मिली है। ऐसे में उन्हें फेल किया गया है, जबकि पांच पैराग्लाइडरों में तकनीकी खामियां पाई गई हैं। पैराग्लाइडरों के संचालकों को खामियां दूर कर दोबारा निरीक्षण करवाने के निर्देश जारी किए। इस दौरान पर्यटन विभाग की ओर से पर्यटक सूचना अधिकारी मनाली योगराज कटोच, रिवर राफ्टिंग सेंटर पिरडी के प्रभारी गिमनर सिंह आदि तकनीकी कमेटी में बतौर निरीक्षक रहे। अविनाश नेगी ने कहा कि डोभी पैराग्लाइडिंग साइट में सोमवार को 147 पैराग्लाइडरों का निरीक्षण किया गया। इनमें दो फेल और पांच में खामियां पाई गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ


माहौल विरशू मेले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे समाजसेवी सुभाष चंद्र शर्मा देवता से आशीर्वाद लेते हुए।

### प्रशिक्षुओं ने बागासराहन के प्रसिद्ध स्थानों को निहारा

**आनी।** राधे-राधे वेटनरी फार्मासिस्ट प्रशिक्षण संस्थान रेवाड़ी के प्रशिक्षुओं ने बागासराहन के रमणीय नजारों का लुत्फ उठाया। को-ऑर्डनेटर आशु के नेतृत्व में एक दिन का शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ बच्चों ने क्रिकेट खेल कर आनंद लिया और बागासराहन के प्रसिद्ध स्थानों को निहारा। वहां के प्रसिद्ध स्थानों में खोकला वृक्ष तथा झरना है, जोकि बागासराहन से एक किलोमीटर की दूरी पर है। बागासराहन रामपुर बुशहर से लगभग 50 किमी दूर है। बागा सराहन की मुख्य सड़क सीधे घास के मैदान तक जाती है। यह अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। संस्थान की प्रबंधक निदेशक सरोज शर्मा ने भी रमणीय नजारों को निहारा व अपने व्यक्तव्य में कहा कि राधे-राधे प्रशिक्षण संस्थान प्रशिक्षुओं का विकास हर दृष्टि से करवाने के लिए वचनबद्ध है।

### विदेशी मेहमान दे रहे स्वच्छता का संदेश

**बंजार।** मिशन क्लीन जिभी अभियान के सकारात्मक परिणामों को देखते हुए जिभी वैली टूरिज्म डेवलपमेंट एसोसिएशन (सिराज) और हीलिंग हिमालय एनजीओ के तत्वाधान में एक कदम स्वच्छता की ओर कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर बाजार, जिभी वॉटरफॉल और घियागी संगम प्वाइंट में इन संस्थाओं की ओर से सफाई की गई। इस अभियान में वाईल्डरनैस होम, जिभी में ठहरे हुए करीब 15 भारतीय और विदेशी पर्यटकों ने विशेष तौर पर भाग लिया और स्वच्छता का संदेश दिया।

### हरी राम ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से की भेंट



**पतलीकूहल।** पूर्व भाजमुयो अध्यक्ष एवं समाजसेवी हरी राम ठाकुर ने पालमपुर में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार के निवास स्थान होटल यामिनी में शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर उन्होंने उन्हें टोपी व खातक पहनाकर उनका स्वागत किया। हरी ने लाहौल में हो रहे विधानसभा व लोकसभा के चुनावों के बारे में उनसे चर्चा की। करीब एक घंटा वार्तालाप करने के पश्चात पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने पुराने अनुभवों को साझा किया। शांता कुमार ने लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र के पुराने कार्यकर्ताओं का भी कुशलक्षेम जाना और इस अवसर पर शांता कुमार ने अपने शुभ हाथों से स्वामी विवेकानंद की एक पुस्तक हरी ठाकुर को भेंट की।

# जीत के लिए दिन-रात करूंगी मेहनत : अनुराधा

## टिकट मिलने के बाद सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर से मिलने पहुंची लाहौल-स्पीति से कांग्रेस प्रत्याशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद और प्यार के कारण ही मुझे यह टिकट मिला है।

लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी का टिकट मिलने के बाद अनुराधा राणा ने सोमवार को सीपीएस एवं लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र से जिला कांग्रेस सह प्रभारी सुंदर सिंह ठाकुर से मुलाकात की। इस दौरान वह कुल्लू में मीडिया से भी रू-ब-रू हुई। पार्टी हाईकमान और जिले की जनता ने उन पर जो विश्वास जताया है, उनकी उस उम्मीद पर वह खरा उतरने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगी। वहीं, कांग्रेस में लाहौल-स्पीति से 20 के करीब दावेदार थे, जिनमें से अब पार्टी ने मुझे अपना उम्मीदवार घोषित किया है और उम्मीदवार घोषित होने के बाद मैंने सभी दावेदारों से बात की है और उन्होंने मुझे आशीर्वाद प्रदान किया है। लाहौल-स्पीति विधानसभा क्षेत्र की हर घाटियों के लोगों की समस्याओं से परिचित हूं और हर समस्या का समाधान किया जाएगा। लाहौल-स्पीति विधानसभा से 52 साल बाद फिर से महिला को टिकट मिला है। वह इस चुनाव को एक चुनौती समझती हैं और चुनौती का डटकर मुकाबला करेंगी। वहीं, उन्होंने कहा कि पूर्व में कांग्रेस में रहे और वर्तमान में भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर की वह शिष्य रही हैं और जिला परिषद के चुनाव में रवि ठाकुर ने उन्हें अप्रोच किया था, लेकिन तब और अब फर्क है, अब हमारी राहें अलग हैं।


लाहौल-स्पीति से कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा पत्रकारों से रू-ब-रू होते हुए।

### कुल्लू कांग्रेस में भी खुशी

जैसे ही लाहौल-स्पीति विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याक्षी अनुराधा राणा का नाम घोषित हुआ वैसे ही लाहौल-स्पीति व कुल्लू में रह रहे कांग्रेस के लाहुली मतदाताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। युवा नेत्री अनुराधा राणा लाहौल-स्पीति की जिला परिषद अध्यक्ष हैं। अनुराधा 28 अक्तूबर, 2021 को जिला परिषद लाहौल-स्पीति की निर्विरोध अध्यक्षा बनी। वह लाहौल के एक छोटे से गांव रंगचा में एक मध्यम परिवार में पैदा हुई। उन्होंने अपनी मेहनत व लग्न से छोटे से समय में ही राजनीति में अपना लोहा मनवाया और कामयाब रहीं।

# किसी भी कार्य को करने के लिए इच्छा शक्ति का होना आवश्यक : लाल

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली विधानसभा क्षेत्र 22 में मतदाता जागरूकता के अंतर्गत राज्य की माध्यमिक विद्यालय कुकड़ी में विधानसभा मनाली-22 क्षेत्र में स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर एवं डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र डॉक्टर लाल सिंह ने चुनावी चौपाल कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

लोगों के साथ चुनावी चौपाल कार्यक्रम में संवाद किया और लोगों को लोकतंत्र के प्रति जागरूक करते हुए समझाया कि किसी भी कार्य को करने के लिए इच्छा शक्ति का होना बहुत आवश्यक है किसी भी कार्य को बिना इच्छा शक्ति से संपन्न नहीं किया जा सकता, इसी



तरह लोकतंत्र में मतप्रतिशतता को बढ़ाने के लिए इच्छा शक्ति को जागृत करना होगा व लोगों को लोकतांत्रिक देश में रहते हुए अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इस बात पर बल देते हुए मतदाता शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। गिरधारी लाल शर्मा ने लोगों को मतदान की जानकारी दी।

# लाहौल-स्पीति में नकदी फसलों की बिजाई का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि कृषि अधिकारी खंड स्तर पर किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उर्वरक, कृषि रक्षा रसायनों, कृषि यंत्रों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

डीसी ने केलांग में कृषि विभाग के फील्ड अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। लाहौल-स्पीति में इन दिनों नकदी फसलों की बिजाई का कार्य आरंभ हो चुका है और किसान व बागवान अपने कृषि कार्यों में जुटे हुए हैं। इस मौके पर



डीसी ने कहा कि विभाग विशेषकर गुणवत्ता का भी ध्यान रखे। जिले के लोगों की मुख्य आर्थिकी का आधार ही कृषि आधारित नकदी फसलें एवं बागवानी ही है उन्हें जरूरी जानकारियां भी समय-समय पर देते रहें। जिला कृषि अधिकारी ने डीसी को आश्वस्त करते हुए कहा कि फील्ड अधिकारियों द्वारा किसानों को समय-समय पर कृषि से जुड़ी सभी मूलभूत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जा रही हैं।

**चर्चा** | भोपाल के डॉक्टरों ने अपने चिकित्सा जगत के 50 साल के अनुभवों को किया साझा

# कोरोना के बाद जीवनशैली में हुआ बदलाव: योगेंद्र

**अनंत ज्ञान, मनाली**

मनाली में आयोजित अनुगूंज कार्यक्रम में 1974 बैच के 40 डॉक्टरों ने 50 वर्षों बाद मनाली में अपने मेडिकल कैरियर एवं समाज में उनके योगदान पर विशेष चर्चा की।

तीन दिवसीय अनुगूंज कार्यक्रम के तहत चिकित्सीय जगत की इन महान हस्तियों ने अपने अनुभव साझा किए। मनाली में विनायक नेत्रधाम की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। विनायक नेत्रधाम के संस्थापक एवं कार्यक्रम के आयोजक डॉ. योगेंद्र विनायक ने कहा कि कोरोना के बाद मनुष्य


मनाली में आयोजित अनुगूंज कार्यक्रम के समापन मौके पर डॉक्टर व आयोजक टीम।

की जीवन शैली में भारी बदलाव हुआ है उसको लेकर जहां सभी डॉक्टरों ने मंथन किया। वहीं, अपने अपने चिकित्सीय क्षेत्रों के 50 वर्षों के अपने अनुभवों और आधुनिक जीवन शैली पर उनके प्रभावों को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही अटल टनल रोहतांग और मनाली की बर्फ से लकदक वादियों को भी निहारा।

इस अवसर पर उपस्थित डॉ. वर्षा मुखर्जी और कर्नल कुनाल मुखर्जी ने कहा कि निसंदेह मनाली बहुत खूबसूरत है, लेकिन शहर को व्यवस्थित करने में स्थानीय प्रशासन को और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। तीन दिवसीय अनुगूंज के समापन अवसर पर आयोजक डॉ. विनायक ने कहा कि इन सभी चिकित्सकों का समाज के लिए अतुलनीय योगदान रहा है।



# सोलन में गर्मी शुरू होते ही दहकने लगे जंगल

## आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग ने किया 17 टीमों का गठन, लोगों से मांगा सहयोग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते वन क्षेत्रों में गर्मियों के मौसम में लगने वाली आग की घटनाओं को कम करने की दिशा में वन विभाग चौकस जरूर है पर लाखों रुपए की वन संपदा और वन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती रहा है।

सोलन साथ लगते धर्मपुर, कसौली, सुबाथू सहित सिरमौर जिले की सीमाएं आगजनी की दृष्टि से संवेदनशील हैं। इसी तरह सोलन से सटा शिल्ली संेचुरी एरिया को आग से बचाना विभाग की बड़ी जिम्मेदारी है। हालांकि गर्मियों के मौसम में आगजनी से निपटने के लिए वन विभाग बड़े दावे कर रही है पर यह कार्य साल दर साल जोखिम भरा होता जा रहा है। सोमवार को भी शहर से सटे शिल्ली सेंचुरी एरिया के टैंक रोड में आग भड़क गई। शहर के नजदीक होने के चलते वन विभाग और दमकल विभाग के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। सड़क से दूर क्षेत्रों में हमेशा आग बुझाना मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)



सोलन के साथ लगते शिल्ली संेचुरी एरिया में भड़की आग।

### सोलन सब डिवीजन में 17 टीमों का गठन

विभाग ने आगजनी घटनाओं से निपटने के लिए सोलन सब डिवीजन में 17 टीमों का गठन किया है। यह सभी टीमें जहां- जहां आग लगने की घटना सामने आ रही है। वहां तुरंत पहुंच आग बुझाने के काम में भी जुटने लग गई हैं। इसके अलावा वन विभाग ने अपने सभी वनरक्षकों को आग लगने की घटना को रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। गर्मियों के सीजन में जंगलों में अधिक आग लगने की घटना सामने आती है। हर साल जंगलों में आग लगती है और लाखों रुपए की वन संपदा जलकर राख हो जाती है। ऐसा नहीं है कि इसे रोकने के लिए वन विभाग व दमकल विभाग काम नहीं करता, लेकिन जंगलों में लगी आग को रोकना दोनों विभागों के लिए मुसीबत बना रहता है। हालांकि इस बार वन विभाग ने आगजनी घटनाओं को रोकने के लिए 17 टीमों का गठन किया है। यह सबके बाद भी जंगलो में कई जगह पर अब तक आगजनी घटना हो चुकी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि इन 17 टीमों के गठन के बाद जंगलों में लगने वाली आगजनी घटनाओं पर कितनी रोक लगती है।

### फायर कंट्रोल रूम स्थापित

आग की घटनाओं पर कंट्रोल पाने के लिए वन विभाग में फायर कंट्रोल रूम भी तैयार किया है। इसमें कई कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है। यहां बैठने वाले अधिकारियों के नंबर भी बाकायदा सर्कुलेट कर दिए गए हैं। इनसे संपर्क कर कोई भी व्यक्ति आग लगने की घटना को विभाग से शेयर कर सकता है, जैसे ही कंट्रोल रूम में इसकी जानकारी मिलेगी की आग लगी है, तो वह तुरंत टीम को अलर्ट कर देगा। यह कंट्रोल रूम इसलिए बनाया गया है। विभाग की माने तो जंगलों में आग बुझाना अकेला वन विभाग के बस की बात नहीं है। ऐसे में विभाग ने लोगों से अपील की है कि जब भी उनके आसपास जंगलों में आग लगे, तो वह वन विभाग के कर्मियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आग को बुझाने में सहयोग करें। इससे आग बुझाने में आसानी होगी।

> विभाग ने गर्मियों में आगजनी घटनाओं को रोकने के लिए 17 टीमों का गठन किया है। यह टीमें जहां भी आग लगेगी वहां तुरंत पहुंच आग बुझाने के काम में जुट जाएंगी। विभाग में वनरक्षकों को भी जंगलों में अपनी पैनी नजर रखने के आदेश जारी किए हैं।
> **एचके गुप्ता, डीएफओ सोलन।**

# कांग्रेस के नेता हमेशा महिलाओं को करते हैं अपमानित : रश्मि सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



सोलन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करती भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी नेताओं की फितरत हमेशा महिलाओं को अपमानित करने की रही है।

उन्होंने हाल ही में मंडी संसदीय सीट की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत को लेकर कांग्रेस के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह उनकी माता और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की तरफ से की गई टिप्पणी की निंदा की। उन्होंने कहा कि देवभूमि में हिमाचल की बेटी का सम्मान होना चाहिए, लेकिन कांग्रेस के नेता नारी शक्ति को अपमानित करने में लगे हैं। सूद ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने प्रदेश की महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य किए। उज्ज्वला योजना से एक लाख से अधिक परिवारों में गैस चूल्हा उपलब्ध करवाकर प्रदेश को देश का पहला धुंआ मुक्त प्रदेश बनाया। इसी तरह शगुन योजना के तहत हजारों बेटियों को उनके विवाह पर सहायता प्रदान की। पूर्व की भाजपा सरकार ने बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ जैसे अनेक कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण करने का कार्य किया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कि मुख्यमंत्री बताएं कि उन्होंने 14 महीने के कार्यकाल में महिलाओं के उत्थान के लिए क्या किया, जबकि केंद्र की ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हजारों स्वयं सहायता समूह को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया गया है। केंद्र की लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश की महिलाओं भी लाभान्वित हुई हैं। वहीं, कांग्रेस ने झूठी गारंटी से वोट हासिल कर महिलाओं को को ठगने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए प्रदेश की महिलाओं ने भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत बनाने का मन बना लिया है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन और सहप्रभारी संजय मलिक भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 2.49 ग्राम चिट्टे सहित युवक गिरफ्तार

**बीबीएन।** बरोटीवाला पुलिस ने एक युवक को 2.49 ग्राम चिट्टे समेत गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नरेंद्र कुमार निवासी दामुवाला बरोटीवाला से हुई। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर युवक को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर 2.49 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। थाना बरोटीवाला के तहत एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### इन क्षेत्रों में कल बिजली रहेगी बंद

**अर्की।** सहायक अभियंता नीरज कुममार कतना बिजली मंडल अर्की हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली लिमिटेड ने बताया कि 8 मई को सुबह 9 नजे से सायं छह बजे तक शालाघाट 11 केवी एचटी लाइन के रखरखाव के लिए कोटली, बहली, बघेन, चमयावल, दसल्ल, फांवा और आस-पास के क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी। अतः उपभोक्ताओं से अपील है कि वह सहयोग करें।

### भगवान नारायण के चौबीस अवतार : साक्षी

**नाहन।** श्री गोगा माड़ी मालों वाला के श्री कृष्ण मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत पुराण सत्संग के दूसरे दिन कथा व्यास पंडित साक्षी चैतन्य ने कहा कि भगवान नारायण के चौबीस अवतार हैं। धरती पर जब-जब अधर्म और पाप बढ़ता है, तो धर्म स्थापना करने के लिए प्रभु अवतरित होते हैं। आत्मा तथा परमात्मा के एकीकरण के लिए महात्मा मध्यस्थता करते हैं। उन्होंने महाभारत युद्ध के उपरांत अश्वत्थामा द्वारा पांच पांडवों के पुत्रों की हत्या के पश्चात अपने ब्रह्मास्त्र सुभद्रा के गर्भ नष्ट के लिए चलाने तथा भगवान वासुदेव द्वारा गर्भ में पल रहे परीक्षित की रक्षा का वृत्तांत सुनाया। इस कथा में नाहन से ब्राह्मण सभा के प्रधान पंडित सुखदेव शर्मा का गोगा माड़ी मालों वाला के भक्त देवराज द्वारा स्वागत किया गया।

### अवैध रूप से शराब बेचने पर मामला दर्ज

**दाड़लाघाट।** पुलिस थाना दाड़लाघाट में एक व्यक्ति के खिलाफ अवैध रूप से शराब बेचने को लेकर मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार दाड़लाघाट पुलिस जब इलाके में गश्त पर थी, तो उन्हें गुप्त सूचना मिली कि बृजलाल जो मांगू बाजार में चाय व मिठाई की दुकान चलाता है, वह अपनी दुकान में अवैध रूप से देशी व अंग्रेजी शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही 49 वर्षीय बृजलाल की दुकान पर रेड डाली, तो दुकान की तलाशी लेने पर 21 पेटियां (252 बोतलें) व एक खुली गत्ता पेटी, जिसमें छह बोतले शराब (कुल 258 बोतलें) देसी शराब बरामद की गई। दुकानदार बृजलाल इस भारी मात्रा में रखी शराब को पुलिस को कोई भी वैध लाइसेंस व परमिट पेश नहीं कर सका, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना दाड़लाघाट ने मामला दर्ज कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नाटक से भगत सिंह को दी संगीतमय श्रद्धांजलि

**सोलन।** शूलिनी यूनिवर्सिटी के ड्रामा क्लब, शालिनी क्रिएटिव स्टूडियो ने गेयटी थियेटर, शिमला में अपने वार्षिक प्रोडक्शन, गगन दमामा बाज्यो के साथ शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन का एक भावपूर्ण संगीतमय चित्रण करके दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शूलिनी में प्रदर्शन कला के सहायक प्रोफेसर अंकुर बशर की ओर से निर्देशित और विभिन्न विभागों के छात्रों की भागीदारी के साथ, इस नाटक ने अपनी शक्तिशाली कहानी और भावपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# शत-प्रतिशत मतदान की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) टीम अर्की ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और राजकीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) दिग्गल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य तथा प्रो. योगेश कुमार ने दिग्गल स्कूल में शिक्षक, गैर शिक्षक वर्ग विद्यालय प्रबंधन समिति तथा स्टूडेंट्स को लोकसभा चुनाव के प्रति जागरूक किया।

स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया को लोगों के लिए सुगम बनाने के दृष्टिगत सूचना प्रौद्योगिकी आधारित विभिन्न ऐप भी जारी किए गए हैं। इनमें दिव्यांग मतदाताओं के लिए सक्षम ऐप, उम्मीदवारों के बारे में जानकारी से संबंधित केवाईसी ऐप, आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए सी-विजिल ऐप व उम्मीदवारों के लिए सुविधा ऐप उपलब्ध हैं। इस अवसर पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) दिग्गल में प्रशिक्षुओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई।



दिग्गल आईटीआई में मतदान जागरूकता में हिस्सा लेते प्रशिक्षु।

### छावशा के मतदाताओं से की मतदान करने की अपील



**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत निर्वाचन विभाग की टीम ने छावशा स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशक (उच्चतर शिक्षा) सोलन डॉ. जगदीश चंद नेगी ने की। नेगी ने विद्यार्थियों को अपने परिवार व परिचितों के सभी पात्र मतदाताओं से मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। निर्वाचन विभाग द्वारा 85 वर्ष की अधिक आयु के मतदाताओं व पात्र दिव्यांग मतदाताओं को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

# गिरि नदी में डूबने से युवक की मौत, 3 युवक आए थे घूमने

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**धारा 144 लगी होने के बाद भी नदी में नहाने जा रहे लोग**

सोलन-सिरमौर की सीमा से होकर गुजरने वाली गिरि नदी में साल दर साल बढ़ते हादसों के बावजूद लोग नदी में नहाने से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रशासन ने लोगों को नदी में जाने से रोकने के लिए यहां धारा-144 लगाई है। इसके बाकायदा नदी के खतरनाक छोर पर सूचना बोर्ड भी लगा रखे हैं पर लोग नजरअंदाज करते हैं। इसी लापरवाही का नतीजा है कि युवक की डूबने से मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक यशवंत नगर के समीप करगानू में गिरि नदी में नहाते हुए एक युवा की डूबने से मौत हो गई है। पुलिस चौकी यशवंतनगर के अनुसार यह हादसा तब पेश आया, जब चंडीगढ़ से घूमने आए तीन युवा यशवंतनगर के समीप करगानू में गिरि नदी के किनारे बने मंदिर के समीप नहाने लग गए, जिसमें 23 वर्षीय गौतम वर्मा पानी के बीच में फंस गया और उनके साथ आए दो दोस्त रोहित और योगेश इस हादसे को देखकर परेशान हो गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे, जिस पर स्थानीय लोग एकत्रित हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से गौतम वर्मा को बाहर निकाल दिया गया, परंतु उसकी पानी में गिरने से मौत हो चुकी थी। पुलिस चौकी यशवंतनगर एएसआई राजेश कंवर ने बताया कि युवा के शव को राजगढ़ अस्पताल के शव गृह में रखा गया है, जिसका सोमवार को पोस्टमार्टम करवाने के उपरांत इनके शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार यह तीनों युवा चंडीगढ़ की किसी कंपनी में कार्य करते थे।

# 10 मई को राजगढ़ में मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

आगामी 10 मई को अक्ष्य तृतीया के पावन अवसर पर राजगढ़ में ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई के सौजन्य से भगवान परशुराम जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। यह जानकारी ब्राह्मण समाज कल्याण की राजगढ़ इकाई के अध्यक्ष हरदेव भारद्वाज ने कार्यकम के आयोजन के संबंध इकाई की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

माता रेणुका और ऋषि जमदग्नि के पुत्र भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं, जो कि इस धरा पर सदैव अजर और अमर हैं। हरदेव भारद्वाज ने बताया कि भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर 10 मई को प्रात: आठ बजे स्थानीय शिरगुल मंदिर राजगढ़ में भू-देवों द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। तदोंपरांत करीब साढ़े 9 बजे शिरगुल मंदिर से शिरगुल चैक तक भव्य शोंभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें हजारों लोग भाग लेंगे । उन्होने बताया कि परशुराम जंयती के उपलक्ष्य पर ब्राह्मण समाज कल्याण इकाई द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा।



## खनन माफिया की ओर से एएमआई को अगवा करने का मामला

# अपहरण का मामला किया दर्ज

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

नालागढ़ के दभोटा में माइनिंग माफिया की ओर से माइनिंग विभाग की टीम पर किए गए हमले में दर्ज एफआईआर में अपहरण की धारा को भी जोड़ लिया गया है। अब पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने आरोपियों की जेसीबी मशीन व टिप्पर को भी जब्त कर लिया है, जिन्हें माफिया के द्वारा जबरन हथियार की नोंक पर माइनिंग विभाग की टीम से छुड़ाया था।

पुलिस ने माइनिंग विभाग की शिकायत पर रविवार को धमकी व सरकारी बांधा पहुंचाने की विभिन्न धाराओं पर मामला दर्ज किया था, लेकिन जबरन अपहरण की धारा को नहीं जोड़ा गया था, लेकिन अब पुलिस ने दर्ज मामले में आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला भी दर्ज कर लिया है। सोमवार को थाना नालागढ़ में जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। माइनिंग विभाग की शिकायत पर बीते दिन रविवार को मामला दर्ज कर लिया था और मामले की तफ्तीश करते हुए सोमवार को आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला भी दर्ज कर लिया है। जेसीबी व टिप्पर को भी जब्त कर लिया गया है और माइनिंग विभाग की शिकायत पर आरोपियों की पहचान भी हो चुकी है।

### यह है मामला

बीते दिनों शनिवार देर रात माइनिंग विभाग की टीम दभोटा में अवैध माइनिंग की शिकायत पर गई थी। जेसीबी व टिप्पर को जब्त कर पुलिस चौकी लाया जा रहा था, तो तीन से चार लोगों ने टीम को हथियार दिखाए और सहायक खनिज निरीक्षक (एएमआई) को जबरन मशीन मालिक अगवा करके पंजाब की ओर ले गया था, जिसे जान से मारने की भी धमकी दी थी और मौके से हथियार की नोंक पर मशीन व टिप्पर को भी छुड़वा लिया था।

# मतदान के लिए किया जागरूक

**अर्की।** आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन विभाग अर्की की सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) द्वारा अर्की विधानसभा क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दिग्गल और राजकीय आईटीआई दिग्गल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करवाए। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य तथा प्रो. योगेश कुमार द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दिग्गल में शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग विद्यालय प्रबंधन समिति तथा छात्र-छात्राओं को लोकसभा चुनाव के प्रति जागरूक किया गया। उनसे अपील की गई की आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने माता-पिता, गांव वासियों और रिश्तेदारों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें।

# मुख्यमंत्री सुक्खू का चारों सीटों पर जीत का दावा खोखला : मेलाराम

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा ने हरिपुरधार के मां भंगायनी मेले के समापन समारोह में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के चारों लोकसभा सीटों पर जीत के दावे को खोखला करार दिया है।

मुख्यमंत्री और उनके कांग्रेसी नेताओं ने विधानसभा चुनाव की तर्ज पर इस बार भी फिर से महिलाओं, युवाओं, किसानों, बागवानों और आम लोगों को झूठे वादों से ठगने का प्रयास किया है, परंतु इस बार लोग उनके झांसे में आने वाले नहीं हैं, जैसे ही मुख्यमंत्री मेला मंच पर पहुंचे, सांस्कृतिक कार्यक्रम बंद होने पर उनके भाषण शुरू होते ही आधे से अधिक लोग उठकर चले गए, जिससे लोगों का कांग्रेस सरकार के प्रति रोष साफ तोर पर सामने आ गया। इस सरकार ने गिरिपार क्षेत्र के हाटी युवाओं के भविष्य के साथ घिनौना खिलवाड़ किया है, जिसका जवाब क्षेत्र के युवा भी लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा को वोट डालकर देंगे।

### कांग्रेसी नेताओं की ठगी का करारा जवाब देगी जनता



मुख्यमंत्री के सभा स्थल पर पहुंचते ही कांग्रेसी नेताओं की गुटबंदी भी साफ नजर आई। जिला भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि जब मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में महिलाओं को फिर से प्रतिमाह 1500 की पेंशन देने की बात दोहराई तो महिलाएं विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेताओं द्वारा 1500 प्रतिमाह देने के झूठे वादे पर चर्चा करती देखी गई। कांग्रेस सरकार ने महिलाओं और युवाओं के साथ ठगी करके विधानसभा चुनाव जीता था, परंतु अब वह कांग्रेसी नेताओं के झूठे आश्वासनों के झांसे में आने वाले नहीं है और क्षेत्र की जनता लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेसी नेताओं की ठगी का करारा जवाब देगी।

# चुनावों में कसौली की जनता धनबल को हराकर जिताएगी जनबल को : सूद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

कसौली कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता नवीन सूद ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र के पट्टाब्रोरी में हुई कांग्रेस की रैली ऐतिहासिक साबित हुई है। मुख्यमंत्री के आने से पूरे कसौली विधानसभा क्षेत्र का माहौल कांग्रेस मय हो गया है।



**ऐतिहासिक साबित हुई मुख्यमंत्री की पट्टाब्रोरी रैली**

उन्होंने कहा कि कसौली के विधायक व शिमला संसदीय क्षेत्र से लोकसभा प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने 15 महीने में कसौली के ग्रामीण क्षेत्रों में करवाए गए विकास कार्यों के चलते जनता अब सुल्तानपुरी को दिल्ली भेजने का मन बना चुकी है। वर्तमान भाजपा सांसद सुरेश कश्यप की सुस्त कार्यप्रणाली का फायदा इन चुनावों में कांग्रेस पार्टी को सीधा मिलता दिखाई दे रहा है। सूद ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के साथ-साथ, विधानसभा के छह उपचुनाव में भी भारी बहुमत से जीतने जा रही है। उन्होंने कसौली के ग्रामीणों व पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी का भी इस रैली को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया। इन चुनावों में कसौली की जनता धनबल को हराकर जनबल को जिताएगी।

# आग से निपटने के तरीके सिखाए

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के नाहन स्थित डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा कर्मियों को आगजनी की घटना से निपटने के टिप्स दिए गए। इस दौरान बताया गया कि आग पर काबू पाने को लेकर किस प्रकार की ट्रेनिंग आवश्यक है।

मेडिकल कॉलेज नाहन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण सिक्योरिटी सुपरवाइजर मानचंद ने विभिन्न प्रकार की जानकारियों को साझा किया। इस प्रशिक्षण के दौरान फायर एक्सटिंग्विश के इस्तेमाल के बारे में जानकारी दी गई। आगजनी की घटना पर काबू पाने को लेकर मेडिकल कॉलेज नाहन में कार्यरत सुरक्षा कर्मियों को फायर एक्सटिंग्विश व अन्य उपकरणों के इस्तेमाल को लेकर जानकारी दी गई।



सुरक्षा कर्मियों को अग्निकांड की घटना से निपटने के टिप्स देते एक्सपर्ट।

मानचंद ने बताया कि आग लगने के अलग-अलग कारण हो सकते हैं, जिस पर काबू पाने के लिए अलग-अलग फायर एक्सटिंग्विश का इस्तेमाल किया जाता है। गलत फायर डिस्टिंग्विश का इस्तेमाल करने से आज ज्यादा भड़क सकती है इसलिए सही उपकरण का पता होना आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह ट्रेनिंग सुरक्षा कर्मियों को दी गई है, ताकि भविष्य में यदि कोई आगजनी की घटना होती है, तो उसमें सुरक्षाकर्मी अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सकें।

**आस्था** — देवमिलन के मौके पर हजारों लोगों ने किए दोनों देवताओं के दर्शन, लिया आशीर्वाद

# बाड़ूबाड़ा देवता दाड़ला व बाड़ूबाड़ा देव सरिहणी का हुआ मिलन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट पंचायत के सर्वमान्य आराध्यदेव देव बाड़ूबाड़ा देवता दाड़ला व सत श्री बाड़ू बाड़ा देव सरिहणी का मिलन हुआ।

देव मिलन के दौरान सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। यह देव मिलन श्री बाड़ूबाड़ा मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह के छठे दिन की कथा समाप्ति पर बाड़ू बाड़ा देव सरिहणी जी देवता, जिन्हें विशेष रूप से दाड़लाघाट में आमंत्रित किया गया है, उनका अभिनंदन करने अथवा आतिथ्य करने अपने देवस्थल से देवलुओं और परंपरागत वाद्ययंत्रों, बजंतरियों के साथ दाड़ला पहुंचे और बड़ी गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस दृश्य को देखकर हजारों लोग एवं श्रद्धालु भी देव मिलन के इस अनूठे दृश्य को देखकर भाव विभोर हो गए। कमेटी के सचिव श्याम चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में स्थित बाड़ूबाड़ा देव मंदिर में चल रही संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के समापन पर देवता सत श्री बाड़ूबाड़ा देव सरिहणी से बाड़ूबाड़ा देवता भागवत कथा में मुख्य रूप से मौजूद रहे। कथा की समाप्ति पर बस स्टैंड दाड़लाघाट में हर वर्ष की भांति देवता बाड़ूबाडा दाड़लाघाट और देवता बाड़ूबाड़ा देव सरिहणी का ऐतिहासिक मिलन हुआ। हर वर्ष इस अवसर पर देव मंदिर में होने वाली कथा के समापन पर देवों का भव्य एवं रोमांचक मिलन होता है। इस देव मिलन के मौके पर हजारों लोग दोनों देवताओं के दर्शनों के साक्षी बने।



दाड़लाघाट में देवमिलन कार्यक्रम में जुटे श्रद्धालु।

# देवधार में 19 मई को होगा भंडारा

**अर्की।** नगर पंचायत के प्रसिद्ध देवस्थल देवधार का वार्षिक भंडारा 19 मई रविवार को होगा। जानकारी देते हुए देवधार मंदिर समिति के अध्यक्ष राहुल गौतम ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवधार का वार्षिक भंडारा होगा। 18 मई को सायं के समय देवपूजन होगा व स्थानीय रामलीला क्लब के सदस्यों की ओर से भजन-कीर्तन किया जाएगा।

रविवार 19 मई को देव पूजन के पश्चात भंडारे का शुभारंभ होगा। उन्होंने क्षेत्र की समस्त जनता से इस भंडारे में देवदर्शन कर भंडारा ग्रहण करने का आह्वान किया।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### चीन ने जीता थॉमस और उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब

**चेंगदू।** चीन की पुरुष टीम ने इंडोनेशिया को 3-1 से हराकर छह साल के इंतजार को खत्म करते हुए थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है, जबकि महिला टीम ने भी रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर 2020 के बाद पहली बार उबेर कप पर कब्जा किया। 2012 के बाद यह पहला मौका था जब पुरुष और महिला दोनों वर्गों के फाइनल में एक ही दो देशों ने एक-दूसरे के खिलाफ खेला। थॉमस कप में विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शि यूकी ने चीन के लिए शानदार शुरुआत की, उन्होंने इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग के खिलाफ 21-17, 21-6 से जीत दर्ज की।

### श्रीलंका ने महिला टी-20 विश्व कप के लिए किया क्वालीफाई

**अबू धाबी।** श्रीलंका ने इस साल के आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 3 से 20 अक्तूबर तक बांग्लादेश में खेला जाएगा। श्रीलंका ने रविवार को अबू धाबी में आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे सेमीफाइनल में मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 15 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही श्रीलंका ने स्कॉटलैंड के साथ दूसरे क्वालीफायर के रूप में टी-20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाई कर लिया। श्रीलंकाई टीम अब मंगलवार को विश्व कप क्वालीफायर फाइनल में स्कॉटलैंड से खेलेगी।

### यूरोप दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान होंगी ज्योति



**नई दिल्ली।** डिफेंडर ज्योति सिंह को 21 से 29 मई तक होने वाले यूरोप दौरे के लिए भारत की 22 सदस्यीय जूनियर महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया, बकि मिडफील्डर साक्षी राणा को उपकप्तान बनाया गया है। भारतीय टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड के दो क्लबों ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश और आरेंजी रूड से छह मैच खेलेगी।

### भारतीय महिला टीम ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

**नासाउ (बहामास)।** भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने सोमवार को विश्व एथलेटिक्स रिले में दूसरे दौर की हीट में दूसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक के लिए कालीफाई कर लिया। रूपल चौधरी, एमआर पूवम्मा, ज्योतिका श्री दांडी और शुभा वेंकटेशन की चौकड़ी ने तीन मिनट 29.35 सेकंड का समय लेकर पहली हीट में जमैका ( 3: 28.54) के बाद दूसरा स्थान हासिल करके पेरिस का टिकट कटाया। भारतीय टीम रविवार को पहले दौर की कालीफाइंग हीट में तीन मिनट 29.74 सेकंड का समय निकालकर पांचवें स्थान पर रही थी।

### जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को 2 महीने की अंतरिम जमानत मिली



**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल को मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें मनी लांड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। नरेश गोयल पर केनरा बैंक के साथ करीब 500 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है।

### भारत-पाकिस्तान की सीमा पर एक खेत में मिला गुब्बारा



**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले में भारत-पाकिस्तान सीमा पर गांव 7 के (बी) के एक खेत में सोमवार सुबह 6.30 बजे लाल-सफेद रंग का पाकिस्तानी गुब्बार मिला है। गुब्बारे पर पर 'पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस' लिखा हुआ है। गुब्बारे के साथ करीब एक मीटर लंबा धागा बंधा मिला।

### सेना ने जारी किए दो आतंकियों के स्केच, 20 लाख का इनाम घोषित




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला करने वाले आतंकवादियों की धर पकड़ के लिए सुरक्षाबलों का सर्च अभियान सोमवार को तीसरे दिन भी जारी है। भारतीय सेना ने दो आतंकियों के स्केच जारी किए हैं और उन पर 20 लाख रुपए का इनाम घोषित किया है।

### प्रज्ज्वल रेवन्ना केस में यौन उत्पीड़न का शिकार महिलाओं ने छोड़ा घर

**कर्नाटक।** हासन से जेडीएस के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के कथित यौन उत्पीड़न की शिकार कई महिलाओं की वीडियो क्लिप फैलने के बाद उन्होंने पिछले 10 दिनों में अपने घर छोड़ दिए हैं। ये महिलाएं हासन जिले की रहने वाली हैं। हासन जेडीएस का गढ़ है और प्रज्ज्वल रेवन्ना पार्टी प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं। इस बार वह हासन सीट से ही एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। प्रज्ज्वल तो 26 अप्रैल को हासन में मतदान के तुरंत बाद देश छोड़कर चले गए, लेकिन उनके पिता और होलेनरासीपुर के विधायक एचडी रेवन्ना को गिरफ्तार किया गया है।

### 'पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखीं': फारूक अब्दुल्ला



**श्रीनगर।** केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की टिप्पणी 'पीओके का भारत में विलय होगा' पर प्रतिक्रिया देते हुए जम्मू-कश्मीर नेशनल कान्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहन रखी हैं और उसके पास भी परमाणु बम हैं, जो हम पर गिरेंगे। उन्होंने कहा, 'अगर रक्षामंत्री ऐसा कह रहे हैं तो ऐसा कीजिए। हम रोकने वाले कौन होते हैं, लेकिन याद रखें कि पाकिस्तान ने चूड़ियां नहीं पहनी हैं।

# प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स टीम

## दिल्ली कैपिटल्स के लिए अहम मैच, कप्तान ऋषभ पंत और जैक फ्रेसर मैकगुर्क पर रहेंगी सबकी नजरें

एजेंसी, नई दिल्ली



**आईपीएल** 2024 के 56वें मैच में दिली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम मंगलवार को आमने-सामने होंगी। राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपटल्स दोनों के लिए यह मैच काफी अहम है। इस मैच को अगर राजस्थान रॉयल्स की टीम जीत जाती है तो वह प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर लेगी।

दिल्ली के लिए यह मैच इसलिए अहम है क्योंकि प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए उन्हें यह मैच अपने नाम करना होगा। ऐसे में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद की जा सकती है। दिल्ली कैपिटल्स को हर हाल में राजस्थान रॉयल्स टीम को हराना होगा। वहीं, सबकी नजरें कप्तान ऋषभ पंत तथा जैक फ्रेसर मैकगुर्क पर होंगी। दिल्ली ने अभी तक 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे हैं, बाकी तीन मैच दिल्ली को हर हालत में जीतने होंगे। हालांकि उसके बाद भी उसके 16 ही अंक रहेंगे, जो प्लेऑफ में पहुंचने के लिए शायद काफी न हो।

- दिल्ली कैपिटल्स छठे स्थान पर
- 11 में से पांच मैच जीते और छह हारे
- राजस्थान रॉयल्स को हर हाल में हराना होगा

### अंक तालिका में केकेआर और राजस्थान रॉयल्स टॉप पर

**केकेआर** (11 मैचों में 16 अंक) और राजस्थान रॉयल्स (10 मैचों में 16 अंक) के अलावा चेन्नई सुपर किंग्स (11 मैचों में 12 अंक), सनराइजर्स हैदराबाद (दस मैचों में 12 अंक) और लखनऊ सुपर जाइंट्स (11 मैचों में 12 अंक) 16 अंक के पार जा सकती है। ऐसे में दिल्ली शायद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के बाद भी क्वालीफाई नहीं कर सकती है। अंक तालिका में दिल्ली कैपिटल्स छठे स्थान पर है।

### बुमराह के पास है पर्पल कैप

**मुंबई** इंडियंस के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट के टॉप विकेट टेकर बने हुए हैं। उनके नाम 11 मैचों में 17 विकेट हैं। कोलकाता के वरुण चक्रवर्ती 3 विकेट लेकर टॉप विकेटटेकर की लिस्ट में तीसरे नंबर पर आ गए।

## धर्मशाला ग्राउंड एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी से लैस

### आईपीएल चेयरमैन अरुण घूमल और पॉल एडम ने बताईं खूबियां




धर्मशाला में प्रेसवार्ता करते आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल और इंग्लैंड के एडम पॉल।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने में हमेशा सबसे आगे रही है। एचपीसीएक प्रबंधकों ने धर्मशाला इंटरनेशन क्रिकेट मैदान में एसआईएस ग्रास हाइब्रिड पिच टेक्नोलॉजी को स्थापित किया है, जिससे बारिश होने के बाद 15 मिनट के भीतर मैदान खेल के लिए तैयार हो जाएगा।

बारिश से बॉलिंग, विकेट के पीछे का हिस्सा अधिक प्रभावित होता है, क्योंकि खिलाड़ियों की इस क्षेत्र में अधिक सक्रियता रहती है। मैदान में नमी होने के कारण खिलाड़ियों को भी परेशानी होती है। ऐसे में एसआईएस ग्राम तकनीक इन सभी समस्याओं से निजात दिलाएगी। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में प्रेसवार्ता में आईपीएल चेयरमैन अरुण घूमल और पूर्व इंग्लैंड क्रिकेटर एवं एसआईएस इंटरनेशनल डायरेक्टर पॉल एडम ने कहा कि आईसीसी की ओर से टी-20 और वनडे मैच के लिए हाइब्रिड सतहों के उपयोग की अनुमति मिलने के बाद एसआईएस तकनीक को भारत में स्थापित किया गया है।

विश्वभर में करीब 400 पिचों पर भी इसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। एडम ने कहा कि यह कदम यह सुनिश्चित करेगा कि मुख्य पिच व अभ्यास वाली पिच उच्चतम गुणवत्ता वाली हो, क्योंकि पारंपरिक पिचें कठोर प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं झेली सकतीं और जल्दी ही खराब हो जाती हैं। इससे खिलाड़ियों के लिए अभ्यास के बेशकीमती अवसर सीमित हो जाते हैं। अंग्रेजी क्रिकेट मैदानों में हाइब्रिड स्थापित करने की सफलता के बाद एसआईएस ने भारत में प्रौद्योगिकी विकसित करने का निर्णय लिया। सतह में क्रिकेट स्टेडियमों के अंदर प्राकृतिक टर्फ के साथ पॉलिमर फाइबर की एक छोटी प्रतिशतता होती है।

## टी-20 विश्व कप पर आतंकी हमले का खतरा, आईसीसी और मेजबान देश अलर्ट




**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप को आतंकवादी धमकी मिली है। त्रिनिदाद के प्रधानमंत्री कीथ रोले ने इसका खुलासा करते हुए बताया कि इस खतरे से निपटने के लिए मेजबान सुरक्षा उपायों को लेकर अतिरिक्त प्रयास करेगा। आईपीएल 2024 के तुरंत बाद यूएसए और वेस्टइंडीज में 1 जून से टी-20 विश्व कप का आयोजन होना है। टी-20 विश्व कप में भारत समेत 20 टीमें भाग ले रही हैं। वेस्टइंडीज में प्रारंभिक दौर के कुछ मैचों के अलावा पूरा सुपर आठ चरण, सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा। रोले ने 'त्रिनिदाद डेली एक्सप्रेस' से कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि 21वीं सदी में भी दुनिया में आतंकवाद का खतरा अलग अलग रूपों में बना हुआ है। वर्ल्ड कप की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, लेकिन इस बीच आतंकी साजिश की खबर आई हैं, जिससे सबकी टेंशन बढ़ गई है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि वह टी-20 विश्व कप के मेजबान देश-वेस्टइंडीज और यूएसए के साथ मिलकर काम कर रही है।

## रूबलेव ने जीता मैड्रिड ओपन खिताब

एजेंसी, मैड्रिड



रूस के आंद्रेइ रूबलेव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार मैड्रिड ओपन टेनिस खिताब जीता है। रूबलेव ने आगर एलियास्सिमे को 4-6, 7-5, 7-5 से हराया।

जीत के बाद उन्होंने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं हैं। अगर आपको पता चलेगा कि पिछले नौ दिन कैसे गुजरे हैं तो आप यकीन नहीं करेंगे कि मैं यह खिताब जीत सकता था। नोवाक जोकोविच ने चोट के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था, जबकि दानिल मेदवेदेव क्वार्टर फाइनल में रिटायर हो गए थे। कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ में सूजन से जूझ रहे थे और राफेल नडाल जल्दी हारकर बाहर हो गए थे। इगा स्वियातेक ने पहली बार महिला वर्ग में यह खिताब जीता। आठवीं रैंकिंग वाले रुबलेव के लिए यह दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब था। 26 वर्षीय रूसी ने पिछले साल मोंटे कार्लो में भी जीत हासिल की थी। ऑगर-अलियासिमे इस स्तर पर अपना पहला फाइनल खेल रहे थे। उनके पास अब 16 करियर खिताब हैं, और जनवरी में हांगकांग के बाद इस सीजन में दो खिताब हैं। वह ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ 5-1 रिकॉर्ड के साथ पहुंचे थे, जिसमें क्ले पर उनके एकमात्र मैच में जीत भी शामिल थी।

## सुनील नारेन ने की सर्वाधिक 'प्लेयर ऑफ द मैच' जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी

एजेंसी, लखनऊ



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के ऑलराउंडर सुनील नारेन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच (पीओटीएम) पुरस्कार जीतने के आंद्रे रसेल रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। नारेन ने रविवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मुकाबले के दौरान उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 39 गेंदों पर 207.69 की स्ट्राइक रेट से 81 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 6 चौके और 7 छक्के लगाए। इसके अलावा उन्होंने एक विकेट लिया और अपने चार ओवर के स्पेल में 22 रन दिए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें पीओटीएम चुना गया। इसके साथ ही उनके पास कोलकाता स्थित फ्रेंचाइजी के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं, जबकि रसेल के पास भी केकेआर के लिए 15 पीओटीएम पुरस्कार हैं। केकेआर के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर ने 10 पीओटीएम पुरस्कार जीते हैं और सूची में तीसरे स्थान पर हैं।

## इसराइली सेना का फिलिस्तीन नागरिकों को अल्टीमेटम, बड़े हमले की आशंका



**राफा।** पिछले साल से शुरू हुआ इसराइल-हमास युद्ध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। अब इसराइल की राफा पर नजर टिकी हुई है। यहां किसी भी वक्त इजरायल हमला बोल सकता है, जिसको देखते हुए इसराइली सेना ने सोमवार को फलिस्तीनियों से पूर्वी राफा को खाली करने का निर्देश दिया है। बता दें कि यहां दस लाख से अधिक युद्ध-विस्थापित फलिस्तीनियों ने शरण लिया हुआ है। अरबी संदेशों, टेलीफोन कॉलों और फ्लायर्स के जरिए इसराइली सेना फलिस्तीनियों को 20 किमी (7 मील) दूर विस्तारित मानवीय क्षेत्र कहे जाने वाले स्थान पर जाने का निर्देश दिया है। इसराइल की सेना ने कहा कि उसने राफा के निवासियों को सीमित दायरे के तहत वहां से हटने के निर्देश देना शुरू कर दिए है।

## पुतिन के सख्त तेवर, सेना को दिया परमाणु हथियारों के अभ्यास का आदेश

एजेंसी, मोस्को



रूस और यूक्रेन के बीच 26 महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। फिलहाल यह जंग थमती नजर नहीं आ रही है। इस बीच, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर अपने खतरनाक इरादों का संकेत दिया है।

उन्होंने रूसी सेना को परमाणु हथियारों के साथ अभ्यास करने को कहा है। यह आदेश यूक्रेन की सीमा पर तैनात थल सेना और नौसेना को दिया गया है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अभ्यास के दौरान परमाणु हथियारों को भी शामिल किया जाएगा। यह देखा जाएगा कि कैसे इन हथियारों के साथ तैयारी की जा सकती है और इनका क्या इस्तेमाल हो सकता है। बता दें, जब से यूक्रेन से साथ युद्ध शुरू हुआ है, तब से पुतिन परमाणु हथियारों को लेकर कई बार बयानबाजी दे चुके हैं। फरवरी में भी उन्होंने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की चेतावनी दी थी।

## केदारनाथ धाम कपाटोत्सव की तैयारी शुरू



**उखीमठ।** केदारनाथ धाम कपाटोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। स्थानीय शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर से भगवान केदारनाथ की पंचमुखी विग्रह मूर्ति की देव डोली प्रथम पड़ाव के लिए सोमवार सुबह गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान कर गई। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में अग्रणी भगवान केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली विद्वान आचार्यों की वेद ऋचाओं, हजारों श्रद्धालुओं की जयकारों, महिलाओं के मंगल गीतों व आर्मी की बैंड धुनों के साथ कैलाश के लिए रवाना हुई। डोली प्रथम रात्रि प्रवास के लिए विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी।

## राहुल गांधी के बयान पर भड़के देशभर के कुलपति

**नई दिल्ली।** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर गहमागहमी का माहौल है। सभी ओर से राजनीतिक बयानबाजी तेज है। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक कथित बयान पर बवाल मच गया है, जिसमें उन्होंने देश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति की चयन प्रक्रिया पर प्रश्न उठाए थे। अब उनके इस बयान पर देश के कई हिस्सों से कुलपतियों और शिक्षाविदों ने एक ओपन लेटर लिखकर राहुल गांधी की टिप्पणियों का विरोध किया है। वहीं, कांग्रेस ने भी इस ओपन लेटर प्रतिक्रिया दी है।पत्र में कहा कि राहुल गांधी ने झूठ का सहारा लिया है और इससे राजनीतिक लाभ लेने के इरादे से बड़े पैमाने पर कुलपतियों के कार्यालय को बदनाम किया है।

## केरल के मुख्यमंत्री की बेटी को विजिलेंस कोर्ट से झटका, याचिता खारिज

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस विधायक मैथ्यू कुझालनदान की एक याचिका को यहां की एक सतर्कता अदालत ने सोमवार को खारिज कर दिया, जिसमें एक निजी खनन कंपनी और मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की बेटी की कंपनी टी वीणा की आईटी कंपनी के बीच कथित वित्तीय लेनदेन की अदालत की निगरानी में जांच की मांग की गई थी। कुझालनदान ने शुरू में यहां विशेष सतर्कता अदालत का रुख किया और कहा कि सतर्कता विभाग ने कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड (सीएमआरएल) और वीना की कंपनी एक्सालॉजिक के बीच वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया है।

## भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

एजेंसी, नई दिल्ली



भारत और घाना के बीच भुगतान प्रणालियों को लेकर अहम समझौता हुआ है। दोनों देशों ने छह महीने में घाना अंतर-बैंक भुगतान और निपटान प्रणाली पर यूपीआई को चालू करने पर अपनी सहमति जताई है। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भारत और घाना अब आपस में आर्थिक लेन-देन को मजबूत कर सकेंगे। दोनों ही देशों ने भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने का अहम फैसला किया है। इसके तहत अब यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को जोड़ा जाएगा।

## म्यांमार: विद्रोही गुट का उत्तरी इलाके में शहर पर कब्जे का दावा



**म्यांमार।** म्यांमार के एक विद्रोही समूह का कहना है कि उसने देश के उत्तरी इलाके में एक शहर पर कब्जा कर लिया है। काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी के एक प्रवक्ता कर्नल नावबू ने दावा किया है कि काचिन प्रांत का सौमप्राबोम शहर अब उनके बलों के नियंत्रण में है। हालांकि, उनके इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकती है। म्यांमार के सैन्य बलों और विद्रोहियों के बीच कई सप्ताह से जारी लड़ाई के बाद विद्रोही समूह ने शहर पर कब्जे का दावा किया है। केआईए (काचिन इंडिपेंडेंस आर्मी) कई नस्लीय मिलिशिया का समूह है। इस विद्रोही गुट ने अक्तूबर में सरकारी सैन्य बलों के खिलाफ़ व्यापक आक्रामक अभियान शुरू किया था।

## स्कूलों में बम की धमकियों पर कितने मॉक ड्रिल किए: कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की बेंच ने सोमवार को स्कूलों में बम की धमकियों के मामले पर सुनवाई करते हुए दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस से पूछा है कि बम धमकियों को लेकर कितने मॉक ड्रिल किए हैं। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि वह यह बताएं कि बम की धमकी मिलने पर स्कूलों के छात्र कैसे हैंडल कर सकते हैं। हाईकोर्ट ने हालिया धमकियों से निपटने में नोडल अधिकारियों की ओर से उठाए गए कदमों पर एक्शन टेकन रिपोर्ट भी तलब की है। मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। यह याचिका अर्पित भार्गव ने दायर की है, जिसमें मांग की गई है कि दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकियों से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है।

## ब्राजील में बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 75 की मौत



**नई दिल्ली।** ब्राजील के दक्षिणी रियो ग्रांडे डो सुल राज्य में भारी बाढ़ से पिछले सात दिनों में कम से कम 75 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि अभी तक की जानकारी के मुताबिक 103 अन्य लापता हैं। इस त्रासदी में कम से कम 155 लोग घायल हो गए, जबकि बारिश से हुए नुकसान के कारण 115,000 से अधिक लोगों को अपने घरों से बेघर होना पड़ा।

## एफबीआई का पूर्व एजेंट कामरान फरीदी रिहा

**लंदन।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के पूर्व हाई-प्रोफाइल एजेंट कामरान फरीदी को अदालत ने फ्लोरिडा जेल से लगभग चार साल बाद सशर्त रिहा कर दिया। कामरान को इस साल अगस्त से पहले पाकिस्तान लौटना होगा। पाकिस्तान के जिओ न्यूज की वेबसाइट पर इस पर विस्तार से चर्चा की गई है। जिओ न्यूज ने अदालत के आदेश पर आधारित रिपोर्ट में कहा है कि न्यूयॉर्क के दक्षिण जिले के जिला न्यायाधीश कैथी सीबेल ने फरीदी को 84 महीने की मूल सजा काटने से 72 महीने पहले रिहा करने का आदेश दिया। कामरान फरीदी कभी कराची का स्ट्रीट गैंगस्टर रहा है। अमेरिकी सरकार ने न केवल उसकी नागरिकता रद्द कर दी है।

## कारोबार

## दिनभर उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ शेयर बाजार

# निवेशकों को 2.83 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी, नई दिल्ली




घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दिन भर के कारोबार के बाद शेयर बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ सपाट स्तर पर बंद हुआ। सोमवार के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी, लेकिन मुनाफावसूली के दबाव के कारण सेंसेक्स और निफ्टी की चाल में दिन भर उतार चढ़ाव होता रहा।

पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ और निफ्टी 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। कारोबार के दौरान आईटी, रियल्टी, ऑटोमोबाइल और प्राइवेट बैंक सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। इसी तरह हेल्थकेयर और एफएमसीजी इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ऑयल एंड गैस, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, पावर और पीएसयू बैंक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.95 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार का अंत किया। बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन सोमवार के कारोबार के बाद घट कर 403.41 लाख करोड़ रुपए (अस्थायी) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 406.24 लाख करोड़ रुपए था। इस तरह निवेशकों को सोमवार के कारोबार से करीब 2.83 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हो गया।

दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,093 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,292 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,629 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 172 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में सोमवार को 2,269 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई।

## कम मतदान से जुड़ीं चिंताएं 'मिथक'

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने लोकसभा चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से जुड़ी चिंताओं को 'मिथक' बताते हुए कहा है कि डाले गए मतों की कुल संख्या की तुलना करना मतदान के विश्लेषण का एक बेहतर तरीका है। भारतीय स्टेट बैंक में समूह मुख्य अर्थशास्त्री घोष ने कहा कि वास्तव में पहले दो चरणों में डाले गए वोटों की कुल संख्या में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। घोष ने एक रिपोर्ट में कहा कि इस साल हो रहे आम चुनाव के पहले दो चरणों में कथित तौर पर कम मतदान के बारे में प्रचारित अंतहीन बहस एक 'मिथक' है।